# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 2 जुलाई 2026


सार्थक संवाद

**आज रात 7.55 बजे देखिए पूरा इंटरव्यू आईएनएच न्यूज चैनल पर**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का **'सार्थक संवाद'**

# मंत्रिमंडल में परिवर्तन तय, केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार, हर मंत्री के कार्यों की 'समीक्षा' की जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि सत्ता और संगठन में समन्वय होना चाहिए। सत्ता में संगठन समा न जाए इसका भी प्रयास होना चाहिए। लेकिन सत्ता से दूरी न बनाएं, इसका भी प्रयास होना चाहिए। जैसे एक पटरी के दो पाथ होते हैं न कभी दूर होते हैं न पास होते हैं, हम साथ चलें। जब हमें लगता है ये चीज ठीक नहीं है तो हम सुझाव देते हैं। जब उन्हें लगता है संगठन में ऐसा नहीं, इसमें कुछ बदलाव होना चाहिए तो वो सुझाव देते हैं। तो एक दूसरे के समन्वय के साथ सत्ता और संगठन चलें। क्योंकि सरकार से संगठन नहीं, संगठन से सरकार है। अगर संगठन सही होगा, कार्यकर्ता में अपनी विचारधारा और अपनी कार्य पद्धति के प्रति सम्मान होगा तो सत्ता तो आएगी ही। इसलिए सत्ता से संगठन न चले। संगठन के साथ सरकार समन्वय करके चले इसका हम प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मोहन मंत्रिमंडल में परिवर्तन तय है। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार है। हर मंत्री के कार्यों की 'समीक्षा' की जा चुकी है। रिपोर्ट कार्ड बन चुके हैं। यह बात उन्होंने प्रदेश में उनके एक साल के कार्यकाल पर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'सार्थक संवाद' में कही।

inh न्यूज विशेष

- पीएम मोदी विजिनरी प्रधानमंत्री देश और समाज की चिंता उनका लक्ष्य
- राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन बेहद सरल और सहज, हर विषय को सुनते हैं
- सरकार से संगठन नहीं, संगठन से सरकार है, जनप्रतिनिधियों पर जनता का भरोसा जरूरी
- सीएम डॉ. यादव ने पुरानी योजनाओं को चालू रखने के साथ नई योजनाएं बनाईं
- पार्टी लोगों के घर से न चले पार्टी किसी व्यक्ति से न चले पार्टी कार्यालय से चले
- हम अक्टूबर तक पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय का लोकार्पण कर देंगे



**प्रश्नः भवन बनवाना ज्यादा आसान था या संगठन चलाना ज्यादा आसान है?**

**उत्तरः** मुझे तो वो भी काम आसान था, ये भी काम आसान है। अगर मन में कोई लंबी अभिलाषा न हो और काम को लेकर कोई तनाव न हो, आप के खुद के बहुत एजेंडे न हों तो हर काम आसान है, जो पार्टी दे उसका स्वागत करना चाहिए और उस पर खरे उतरना चाहिए।

**प्रश्नः एक साल कैसा बीता, कितनी कठिनाई से या कितने आनंद से, क्या अनुभव रहा?**

**उत्तरः** पार्टी ने मुझे जो दायित्व दिया उसमें मेरा प्रयास रहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के सभी प्रमुख लोग और कार्यकर्ता जो अपेक्षा करते हैं उसमें मैंने खरा उतरने का प्रयास किया। पार्टी के संगठन में नियुक्तियां हों, चाहे अनुशासन, समन्वय, नवाचार का मामला हो, पार्टी में कार्यकर्ता सक्रिय रहे, जनता के बीच हमारी छवि अच्छी रहे, हमारी पार्टी के काम कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता में नीचे तक पहुंचे, इसका प्रयास किया। मुझे लगता है मेरी मेहनत सफल रही क्योंकि सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री का साथ मिला। एक वर्ष में मुझे बहुत ही अच्छे अनुभव आए। मेरी दृष्टि में एक वर्ष बहुत ही अच्छा रहा।

## उनसे पूरी बात

**प्रश्नः आपके पिताजी विजय खंडेलवाल भाजपा के बड़े नेता रह चुके हैं। सत्ता और संगठन दोनों को आपने देखा है। जब पार्टी सत्ता में रहती है तो नेता की अभिलाषा सत्ता में रहती है, आपके हिस्से में संगठन आया है, क्या कहना चाहेंगे आप?**

**उत्तरः** मेरे पिता जरूर राजनीति में थे लेकिन मेरा राजनीति से कोई वास्ता नहीं था। परिस्थितिवश जरूर में राजनीति में आया। जहां पार्टी के नेतृत्व को लगता है कि आप इस पद या दायित्व के लिए उपयुक्त हैं तो वो निर्णय करते हैं। उनके निर्णय को सार्थक करना ये हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। यदि हम खुद अपनी चिंता करेंगे, अपना सोचेंगे तो फिर हम पार्टी की विचारधारा, अपनी कार्यपद्धति या पार्टी जो हमसे अपेक्षा करती है, हम उस पर कैसे खरे उतरेंगे।

**प्रश्नः पार्टी ने आपको प्रदेश का भवन बनाने की जिम्मेदारी दी थी अब संगठन बनाने की भी जिम्मेदारी दी है तो संगठन बनाने की व्यस्तता के बीच भवन का क्या काम?**

**उत्तर :** पार्टी जो भी काम दें उसे पूरा करना चाहिए। मैं कोषाध्यक्ष था, उसके बाद ठाकरे ट्रस्ट की, उसके बाद पार्टी के भवन की जिम्मेदारी दी। मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं ईमानदारी और मेहनत से करूं। ये मेरा काम होना चाहिए कि मैं उस अपेक्षा पर खरा उतरूं। आज प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है इस अपेक्षा पर खरा उतरूं ये मेरी सोच भी होनी चाहिए और मेरी जिम्मेदारी भी।

**प्रश्नः एक साल संगठन में आप क्या कर पाए?**

**उत्तरः** एक साल में संगठन में नीचे तक जितनी नियुक्तियां होनी थीं उसे पूरा किया। संगठन की लगातार कार्यसमिति से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक नियमित रूप से बैठकें हो इसका क्रम बनाया। हर महीने हमारा संवाद प्रभारी, जिला ▶▶ शेष पेज 04 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ईशान किशन बने टी20 के किंग



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने इतिहास रच दिया है। आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में ईशान पहली बार दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अभिषेक शर्मा को शीर्ष सिंहासन से नीचे धकेल कर यह मुकाम हासिल किया है। अभिषेक शर्मा पिछले करीब एक साल से टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन पर काबिज थे। ईशान किशन को यह बड़ी कामयाबी टी20 वर्ल्ड कप और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में उनके लगातार धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत मिली है।

### मां ने 3 बच्चों को नहर में फेंका, 2 के शव मिले



**मोहाली।** पंजाब के मोहाली स्थित मटौर गांव से एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर अपने ही तीन मासूम बच्चों को रोपड़ की सरहिंद नहर में फेंकने का संगीन आरोप लगा है। गोताखोरों ने दो बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। महिला ने खुद भी नहर में छलांग लगाई थी, लेकिन वह तैरकर बाहर निकल आई। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। ससुराल पक्ष के मुताबिक, महिला सोमवार दोपहर बच्चों को मेला दिखाने के बहाने घर से ले गई थी।

**मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला:** यूपी को मिली 7,145 करोड़ के 'कानपुर-कबराई फोरलेन हाईवे' की सौगात

# यूपी से मप्र आना होगा आसान, भोपाल कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को मंजूरी

*यह रूट न केवल यूपी के औद्योगिक शहरों को जोड़ेगा, बल्कि सागर और भोपाल सहित मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों तक सुपरफास्ट कनेक्टिविटी देगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक में उत्तर प्रदेश को एक बड़ा तोहफा मिला है। केंद्र सरकार ने कानपुर से कबराई के बीच 117.7 किलोमीटर लंबे एक शानदार फोरलेन 'एक्सेस-कंट्रोल्ड' हाईवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर कुल 7,145.14 करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना महत्वाकांक्षी भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रूट न केवल यूपी के औद्योगिक शहरों को जोड़ेगा, बल्कि सागर और भोपाल सहित मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों तक सुपरफास्ट कनेक्टिविटी देगा। यह नया हाईवे इस पूरे क्षेत्र में यात्रा की परिभाषा को बदल देगा। हाईवे को इस तरह डिजाइन किया गया है कि आने वाले समय में ट्रैफिक बढ़ने पर इसे बेहद आसानी से 6-लेन में अपग्रेड किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस प्रोजेक्ट को बीओटी ▶▶ शेष पेज 11 पर



**इस हाईवे को 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के अनुकूल डिजाइन किया जा रहा**



*कानपुर और कबराई के बीच का सफर साढ़े तीन घंटे से घटकर सिर्फ डेढ़ घंटा रह जाएगा*

### 242 किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे

पहले चरण में कानपुर से कबराई तक 242 किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बनाया जाएगा। एक्सेस-कंट्रोल्ड (सीमित एंट्री-एग्जिट) होने के कारण सफर सुरक्षित और तेज होगा। वर्तमान में कानपुर से कबराई जाने में करीब 3.5 घंटे लगते हैं, जो इस हाईवे के बनने के बाद घटकर सिर्फ डेढ़ (1.5) घंटा रह जाएगा।

**उद्योग, कृषि और कबरई माइनिंग बेल्ट को मिलेगा बूस्टर डोज :** यह हाईवे कानपुर, घाटमपुर, हमीरपुर, कबराई और महोबा होते हुए आगे भोपाल तक जाएगा। बुंदेलखंड में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### यह हाईवे कई प्रमुख मार्गों से कनेक्ट होगा

1. बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और कानपुर रिंग रोड
2. नेशनल हाईवेः एनएच-34 और एनएच-35
3. स्टेट हाईवेः एसएच-46, एसएच -91, एसएच-10बी और एसएच-42

### कनेक्टिविटी का महाजाल

▶▶ 16 आर्थिक केंद्र कनेक्ट होंगेः इनमें कानपुर नगर नोड, उन्नाव, बंथर, पंखी, रनिया, जैनपुर, रूमा, चकेरी, सुमेरपुर, भुरगढ़ इंडस्ट्रियल ▶▶ शेष पेज 11 पर

मनरेगा की जगह वीबी-जी राम जी योजना लागू

# अब मजदूरों को मिलेगा 327 रु. तक दाम... और 125 दिन काम

**मजदूरी में 10% की बढ़ोतरी 300 तय हुआ बेस प्राइस**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2026 से नई रोजगार योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट 2025 (वीबी-जी राम जी) को पूरे देश में लागू कर दिया है। यह महत्वाकांक्षी योजना सालों पुरानी मनरेगा व्यवस्था से काफी बेहतर है, जिसमें मजदूरों की दिहाड़ी के साथ-साथ काम के दिनों में भी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ग्रामीण आबादी का जीवन स्तर सुधरेगा

देश के 21 राज्यों में मजदूरी को नई न्यूनतम सीमा तक पहुंचा दिया गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में पुरानी दरों से 15 से 25% तक का उछाल आया है। वहीं, पूर्वोत्तर के ▶▶ शेष पेज 11 पर

ऋषिकेश से इंदौर आ रही स्लीपर बस हादसे का शिकार

# बस और ट्रेलर की भिड़ंत में 8 की मौत, इनमें से 6 लोग जिंदा जले

- ▶▶ 6 शवों का होगा डीएनए टेस्ट
- ▶▶ बस में मप्र के विभिन्न जिलों के करीब 40 यात्री थे
- ▶▶ जाम हो गया था दरवाजा, ग्रामीणों ने कांच तोड़कर बचाई जान



आग का गोला बनी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दौसा/इंदौर

राजस्थान के दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में ऋषिकेश से इंदौर जा रही स्लीपर बस और ट्रेलर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक एक्सीडेंट में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दौसा के पुलिस अधीक्षक के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई। मृतकों में से 6 लोगों की मौत आग में झुलसने के कारण हुई है, जबकि 2 यात्रियों ने सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही दम तोड़ दिया। आग में बुरी तरह जल ▶▶ शेष पेज 11 पर

रेल मंत्री से शिकायत, पर नहीं मिली राहत

# कर्नाटक संपर्क क्रांति एसी फर्स्ट में चूहों और कॉकरोचों की दौड़

**मानसिक रूप से परेशान हुए यात्री**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे की प्रीमियम ट्रेन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की वीआईपी सुविधा पर यात्रियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। एसी फर्स्ट क्लास में भोपाल से तमिलनाडु के कांचीपुरम तक का सफर कर रहे यात्रियों का आरोप है कि पूरी रात उनके केबिन में चूहे और कॉकरोच दौड़ते रहे, जिससे उनका परिवार सो नहीं सका। यात्री अनिल तिवारी और शिवांश तिवारी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कॉकरोच उनके बालों तक में घुस गए थे और चूहे सीटों व शरीर के ऊपर से गुजर रहे थे। यात्रियों ने जब इसकी शिकायत ऑनबोर्ड स्टाफ से की, तो समाधान करने के ▶▶ शेष पेज 11 पर

यूरिनरी इन्फेक्शन के बाद मेदांता में इलाज

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

**6 जुलाई की ट्रस्ट की बैठक पर असमंजस**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (89 वर्ष) की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्हें 29 जून की दोपहर करीब 1:30 बजे बेहोशी की हालत में इमरजेंसी विभाग में लाया गया था। मेदांता अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक प्रारंभिक जांच में महंत नृत्य गोपाल दास को यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की ▶▶ शेष पेज 11 पर

घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

# 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 183.50 रुपए सस्ता हुआ

**3,113.50 रुपए से घटकर 2,930 रुपए का हुआ**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बड़ी कटौती कर व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 183.50 की कमी की गई है। इस कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 3,113.50 से घटकर 2,930 हो गई है। राहत का यह असर देश के अन्य हिस्सों में भी दिखा है, जहां लखनऊ में नई कीमत 3,052.50, कोलकाता में 3,081.50 और पटना में 3,227 हो गई है। चालू वर्ष 2026 में कमर्शियल गैस की कीमतों में यह पहली गिरावट है। इससे पहले अमेरिका-ईरान युद्ध और वैश्विक कारणों से जनवरी से जून तक लगातार दाम बढ़े थे। मई में तो एकमुश्त 993 की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जिसके बाद जून में कीमतें 3,113.50 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं। दूसरी ओर, आम जनता की रसोई के बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकार ▶▶ शेष पेज 11 पर

एआई आधारित तकनीक से मशीनें सीखेंगी, समझेंगी और खुद निर्णय लेंगी

भारत-यूएई तकनीकी सहयोग को मिलेगा नया विस्तार

# भारत में 'फिजिकल इंटेलिजेंस' की एंट्री, एमईआईएल व एनालॉग मिलकर विकसित करेंगे स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर

▶▶ हैदराबाद से सचिन सिंह बैस

भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आई) आधारित वास्तविक दुनिया की तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (एमईआईएल) और एनालॉग ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत देश में बड़े स्तर पर 'फिजिकल इंटेलिजेंस' तकनीक विकसित और लागू की जाएगी। यह ऐसी तकनीक है, जिसमें मशीनें अपने आसपास के वातावरण को महसूस कर, समझकर और लगातार सीखते हुए खुद निर्णय ▶▶ शेष पेज 11 पर



रेड्डी और किपमैन

**यह भारत में नए भविष्य की नींवः रेड्डी**

एमईआईएल के एमडी पीवी कृष्णा रेड्डी ने 'हरिभूमि' को बताया कि भविष्य का इन्फ्रास्ट्रक्चर इंटेलिजेंट, कनेक्टेड और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने वाला होगा। एनालॉग के साथ यह साझेदारी भारत में उसी भविष्य की नींव रखेगी। एनालॉग के संस्थापक एवं सीईओ एलेक्स किपमैन ने कहा कि भारत तकनीक ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इससे अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

एमडी पीवी कृष्णा रेड्डी के अनुसार इस सहयोग के तहत भारत में नई तकनीकों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को विकसित करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और मजबूत तकनीकी ▶▶ शेष पेज 11 पर

भगवान को नहाने के लिए गुनगुना या औषधीय जल का कराया जा रहा स्पर्श

# ज्वर लीला में भगवान जगन्नाथ का हो रहा उपचार: सुबह पंचगव्य शाम को काढ़ा कर रहे सेवन, आरोग्य मंत्रों में नींद ले रहे भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जगनाथ मंदिरों में भगवान की 15 दिवसीय ज्वर लीला चल रही है। भगवान जगनाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विश्राम कर रहे हैं। मंदिरों में भगवान का उपचार ओडिशा से मंगाई गई आयुर्वेदिक औषधियों और हल्के भोजन से किया जा रहा है। सुबह 4 बजे से रात 9 बजे तक भगवान की सेवा होती है। सेवादारों का कहना है कि इस परंपरा का उद्देश्य श्रद्धा के साथ आयुर्वेद और सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

## जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा सहित कर रहे विश्राम



## तड़के चार बजे से रात 9 बजे तक भगवान की सेवा

मंदिरों में सुबह 4 बजे भगवान को जगाया जाता है। सीमित रूप से मंगल आरती की जा रही है। भजन गाकर आराधना की जाती है। इसके बाद ओडिशा के आयुर्वेदाचार्यों द्वारा तैयार पंचगव्यों (गाय से प्राप्त उत्पाद) का सेवन कराया जाता है। स्नान के लिए ठंडे पानी की जगह गुनगुने या औषधीय जल का हल्का स्पर्श किया जाता है। दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक भोग अर्पित होता है। इसमें सुपाच्य व्यंजन जैसे दारुहरिद्रा और बलभद्र सूप शामिल होते हैं। ये सभी आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से तैयार किए जाते हैं। दोपहर 1 से 4 बजे तक भगवान को विश्राम के लिए छोड़ा जाता है।

### मंदिरों में भगवान की सेहत के लिए जतन

कोलार स्थित इस्कॉन मंदिर में उपचार भोग में 6 से 7 आइटम बनाए जाते हैं। इसमें खिचड़ी और छेने का आइटम भी होता है। बारह दफ्तर स्थित भगवान जगनाथ मंदिर में पुरी के जगन्नाथ मंदिर की परंपरा के तहत गोपनीय विधियों से ज्वर लीला का उपचार किया जा रहा है। इस दौरान भगवान दर्शन नहीं देते, केवल 'पटी दीना' (रंगीन वस्त्र से ढके हुए) रूप में कल्पना की जाती है। इसी तरह श्यामला हिल्स स्थित किलोल पार्क के जगदीश मंदिर में भगवान के लिए बनाए जाने वाले भोग में दलिया, खिचड़ी, उपमा, ताजे फल, नारियल पानी, सूप, रोटी, दाल, हरी सब्जी और छेना शामिल हैं।

### बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए दूसरा जत्था रवाना



**भोपाल।** बाबा बर्फानी की जयकारों के साथ बुधवार को राजधानी से अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर फूल माला पहनाकर रवाना किया गया। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का 41 शिव भक्तों का दूसरा जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में भोपाल एवं आस-पास के भक्त शामिल हैं।

भोपाल मंडल रेल चिकित्सालय में चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम

# चिकित्सा सिर्फ एक पेशा नहीं यह मानवता की सर्वोच्च सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को पश्चिम मध्य रेल के मंडल रेल चिकित्सालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे के सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों द्वारा चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए रेलवे चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

आयोजन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल रेफरल प्रणाली, एचएमआईएस के माध्यम से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, 70 एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों के लिए विशेष प्रावधानों तथा "सीनियर सिटीजन मित्र" पहल के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें इन सुविधाओं का प्रभावी एवं सरलता से लाभ उठाने के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।



रेलवे चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए।

### डॉक्टर्स डे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

इस अवसर पर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों के सम्मान एवं मानसिक स्वास्थ्य को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भानु दुबे रहे। शुभारंभ डॉ. तृप्ति सक्सेना के स्वागत उद्बोधन, सर्वधर्म प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अधिष्ठाता डॉ. कविता एन. सिंह ने कहा चिकित्सकों के मानसिक स्वास्थ्य, कार्य-जीवन संतुलन एवं आत्म-देखभाल की जरूरत है।

### बीएमएचआरसी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान किया गया। प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव सहित संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, एवं अन्य चिकित्सक मौजूद थे। इस अवसर पर संस्थान के कई चिकित्सकों ने नृत्य, गीत एवं कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### रक्तदान शिविर के साथ डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान



**भोपाल।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष पर रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी द्वारा, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विक्रम सिंह एवं क्लब सचिव रोटेरियन रक्षा पांडे के नेतृत्व में, जवाहरलाल कैंसर अस्पताल के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिष्ठित चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया।

#### इन डॉक्टर्स को मिला सम्मान

सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ. रंजीत चौधरी, डॉ. अर्पित धीरन (कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोफिजिशियन), डॉ. अभिजीत देशमुख (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन) तथा डॉ. रोहित श्रीवास्तव (डेंटल सर्जन), डॉ. रश्मि निचलानी पैथोलॉजिस्ट शामिल रहे।



## डॉक्टर्स डे पर करियर इंस्टीट्यूट और मेडिकल साइंसेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भोपाल।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर करियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ब्लड सेंटर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया हॉस्पिटल के सौजन्य से करियर कॉलेज ऑटोनॉमस की एनसीसी इकाई, रोटरी क्लब, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सकों, मेडिकल विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज को मानव सेवा का संदेश दिया। शुभारंभ संस्थान अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने रक्तदान देकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं का एनसीसी प्रभारी मेजर मनोज सेलोकर ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

छोला स्थित उड़िया बस्ती का निरीक्षण करने पहुंचे थे मंत्री

# रहवासियों की दिक्कतों के समाधान न होने पर मंत्री सारंग हुए आग-बबूला

**मंत्री ने कहा, दो साल पहले इस काम के लिए पैसा स्वीकृत किया गया था, लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ**

**निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर तलब कर जमकर लगाई फटकार, एफआईआर दर्ज कराने की वॉर्निंग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के छोला क्षेत्र स्थित उड़िया बस्ती में नाले की समस्या को लेकर बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एक्शन मोड में नजर आए। बस्ती के निरीक्षण के दौरान जब रहवासियों ने नाले का गंदा पानी घरों में भरने और लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं होने की शिकायत की तो उन्होंने मौके पर ही नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को तलब किया और जमकर फटकार लगाई। यही नहीं उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने की वार्निंग भी दी। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान रहवासियों की शिकायत पर वे नाराज हुए और अधिकारियों-कर्मचारियों को उन्होंने मौके पर ही तलब किया। जैसे ही अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्हें जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि "दो साल पहले इस काम के लिए पैसा स्वीकृत किया गया था, लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ। तुम सिर्फ गड़बड़ी करते हो। उन्होंने काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की भी चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नाले का पानी घरों में भरने की शिकायत

उड़िया बस्ती के रहवासियों ने मंत्री को बताया कि नाले का पानी घरों में भरने से बरसात के दौरान हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि तय समय सीमा में काम पूरा करें।

## दो जर्जर मकान कराए खाली एक को ढहाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को जिला प्रशासन एवं स्मार्ट सिटी की कार्यवाई में सहयोग करते हमीदिया अस्पताल एवं जवाहर चौक क्षेत्र में स्थित जर्जर मकान खाली कराने की कार्रवाई की। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड की कार्रवाई में सहयोग करते हुए निगम अमले ने जवाहर चौक पास के पास एक जर्जर मकान खाली कराकर तोड़ने की कार्यवाई की।




# भोपाल मंडल का तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान हजारों बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने तथा राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा 28 से 30 जून तक आयोजित तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के



निर्देशन में चिकित्सा विभाग की टीमों ने भोपाल सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों, झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस, राजकोट एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस तथा भोपालझबीना मेमू ट्रेनों एवं रेलवे कॉलोनियों में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान संचालित किया। अभियान के प्रथम दिन 28 जून को रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं रेलवे कॉलोनियों में विशेष बूथ स्थापित कर हजारों बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई।

मानसून में सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन के लिए भोपाल मंडल ने किए इंतजाम

# रेलवे पुलों, संवेदनशील स्थलों पर ट्रैक पेट्रोल मैन एवं चौकीदार 24 घंटे रहेंगे तैनात, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार मानसून के दौरान देशभर के बड़े पुलों और संवेदनशील स्थानों पर जलस्तर बढ़ने या मिट्टी धंसने का खतरे से निपटने के लिए ट्रैक पेट्रोलमैन एवं चौकीदार की ड्यूटी लगाई गई। जोकि 24 घंटे जलस्तर और ट्रैक की स्थिति पर नजर रखेंगे। आपात स्थिति में ये तुरंत नजदीकी स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे, जिससे ट्रेनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका जा सकेगा और यात्री सुरक्षित होंगे। इसके अलावा रेलवे की ओर इस बार ड्रोन कैमरे भी ऐसे संवेदनशील स्थालों पर नजर रखने की योजना है।



### मंडल के यह हैं संवेदनशील सेक्शन

भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार भोपाल मंडल के भोपाल-इटारसी, भोपाल-बीना, बीना-गुना, गुना-अशोकनगर-रुठियाई, इटारसी-नर्मदापुरम तथा अन्य संवेदनशील रेलखंडों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। घाट क्षेत्रों, पुलों, जलभराव संभावित स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी एवं नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है। डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून अवधि के दौरान मौसम की स्थिति पर निरंतर नजर रखें, स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति से त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी संसाधन हर समय तैयार रखें।

**सिग्नल एवं विद्युत परिसंपत्तियों की विशेष निगरानी करना शुरू**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के निर्देशन में रेलवे संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ट्रैक, पुलों, सिग्नल एवं विद्युत परिसंपत्तियों की विशेष निगरानी की जा रही है। यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए मंडल के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भैरुंदा में बारिश से सड़कें जलमग्न

- प्रदेश का 70 फीसदी हिस्सा कवर, शेष हिस्से यानि उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में दो से तीन दिन में पहुंचने की उम्मीद
- इससे पहले भोपाल में वर्ष 2012 में 3 जुलाई को हुआ था ऑनसेट

### भोपाल में बुधवार को करीब 14 साल बाद इतनी देरी से आया मानसून

# 'मानसून एक्सप्रेस' पहुंची राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को करीब 14 साल बाद इतनी देरी से ही सही, लेकिन मानसून ने आमद दे दी है। इससे पहले वर्ष 2012 में 3 जुलाई को यहां ऑनसेट हुआ था। इसी के साथ मानसून ने रफ्तार पकड़ते हुए अब तक प्रदेश का करीब 70 फीसदी हिस्सा कवर कर लिया है। अब केवल उज्जैन, ग्वालियर और चंबल के पूरे संभाग में मानसून दो से तीन दिन में पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले दो से तीन दिन में पूरा प्रदेश कवर होने की प्रवल संभावना है। अभी मानसून की उत्तरी सीमा पोरबंदर, वल्लभ विद्यानगर, शाजापुर, नौगांव, मिर्जापुर, आज़मगढ़, अयोध्या, बदायूं, मेरठ, करनाल, गुरदासपुर से होकर गुजर रही है। अगले 2 दिन में यह उत्तरी अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान के कुछ और भागों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

### लाड़कुई में पहली ही बारिश से आफत, घरों में घुसा पानी, पंचायत की खुली पोल

भैरूंदा। मानसून की पहली ही दो घंटे की तेज बारिश ने ग्राम पंचायत की तैयारियों की पोल खोल दी। जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने और साल भर से मुख्य नाले की सफाई न किए जाने के कारण पूरा गांव टापू बन गया। सड़कों पर कमर तक पानी भरने से आवागमन ठप हो गया। लोग जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और दोपहिया वाहनों से रास्ते पार करते दिखे। नाली का गंदा पानी कई घरों में ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जुलाई की पहली रात में 35 मिमी बारिश

भोपाल में एक जुलाई की रात 35.2 मिमी बारिश हुई। शहर में अब एक जून से एक जुलाई तक कुल 272.2 मिमी बारिश हो चुकी है। यह नॉर्मल से 117.1 मिमी अधिक है। सुबह से शाम तक मौसम खुला रहा, जिससे तापमान में एक डिग्री की बढ़त रही। पारा 31.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। रात का तापमान 3 डिग्री गिरकर 22 डिग्री दर्ज हुआ। यह नॉर्मल से 2.5 डिग्री कम है। प्रदेशभर में अब बादल-बारिश और तेज हवाओं से दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री तक कम रहने से कुछ राहत महसूस की जा रही है। प्रदेश में औसत दिन का पारा 33 डिग्री रहा। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में कल से बारिश का क्रम अब धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है।

## आज यहां भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी

मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, अशोकनगर, डिंडौरी, मंडला, देवास, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा में भारी से अति भारी (65 से 115 मिमी से 200 मिमी तक) बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### जीतू पटवारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**ग्वालियर।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्वालियर की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। भिंड के एसपी को निर्देश दिए हैं कि 27 जुलाई को पटवारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। मामला लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान का है। कांग्रेस छोड़ बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले देवाशीष जरारिया ने पटवारी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

### दो बच्चों के साथ सो रही मां को सांप ने डसा, मौत



**शाजापुर।** शाजापुर के सलसलाई थाना क्षेत्र के तिंगजपुर गांव में मंगलवार रात दो मासूम बच्चों के साथ सो रही एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। पिपली मोहल्ला निवासी ममता बाई (पत्नी राधेश्याम मेवाड़ा) रात करीब 11 बजे अपनी 6 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटे के साथ सो रही थीं। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उनके पैर में डस लिया। महिला को तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुजारी और फूल विक्रेता महिला के बीच मारपीट



**उज्जैन।** शिप्रा नदी के रामघाट पर आरती के दौरान दीपक-दोने बेचने वाली एक महिला और पुजारी के बीच हिंसक विवाद हो गया। रविवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है। आरोप है कि शिप्रा आरती करने वाले पंडित और उनके साथियों ने फूल-प्रसादी बेच रही महिला को वहां से हटने को कहा। बहस बढ़ने पर पुजारियों ने पीतल के भारी आरती स्टैंड से हमला कर दिया।

---

सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा- यह 20 हजार करोड़ रु. का घपला

### रामगंदिर चढ़ावा चोरी मामला: मुख्य आरोपी अविनाश के योग केंद्र से मिला पेटीएम क्यूआर कोड लगा 'रामराज्य कोष' संदूक

जेल में बंद सभी आठों आरोपियों ने कड़ी पूछताछ में उगले कई राज

# एसआईटी को मिला 15 दिन का समय, अब ईडी की भी होगी एंट्री

पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जिसमें अकेले अविनाश पर दो घंटे तक सवाल दागे गए

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेज हो गई है। पुलिस ने बुधवार को मामले के अन्य आरोपियों, लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के घरों पर छापेमारी कर दस्तावेजों की पड़ताल की। इससे पहले, जेल में बंद मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला के अयोध्या स्थित योग केंद्र से पुलिस ने एक संदिग्ध संदूक बरामद किया है, जिस पर लाल रंग से रामराज्य कोष लिखा था और पेटीएम का क्यूआर कोड भी चिपका हुआ था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने जांच कर रही एसआईटी का कार्यकाल 15 दिन और बढ़ा दिया है। वहीं, जांच का दायरा बढ़ाने के लिए इसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी शामिल करने की तैयारी है, जिसके लिए अयोध्या पुलिस ने लखनऊ के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है। दूसरी तरफ, पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की, जिसमें सबसे लंबी ▶▶ शेष पेज 11 पर



फाइल फोटो

### आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी

- *बिहार के पूर्व सांसद की कंपनी के 400 सुरक्षाकर्मी जांच के घेरे में*
- *साक्ष्य जुटाकर विधिक राय ले रही अयोध्या पुलिस*

### टिन्नू समेत 8 पर लग सकता है गैंगस्टर एक्ट

छापेमारी और पूछताछ में अब तक मिले साक्ष्य गैंगस्टर के लिए पर्याप्त माने जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए विधिक राय ली जा रही है। अब तक हुई जांच में एक साजिश के तहत आरोपियों के समूह ने चढ़ावा चोरी की घटना को अंजाम दिया। ऐसे में गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई का पर्याप्त आधार है।




क्यूआर कोड लगा 'रामराज्य कोष' संदूक

### कांग्रेस बोली- एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि एसआईटी की रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए। यह भी जांच होनी चाहिए कि मंदिर परिसर में सरकारी सुरक्षा बल इतनी तादात में था तो ये 400 कर्मी वहां क्या करते थे? किसकी सुरक्षा करते थे? ये ठेका किसके इशारे पर दिया गया।



सुप्रिया श्रीनेत

### केजरीवाल बोले- शाह राममंदिर क्यों नहीं गए?

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अयोध्या के राम मंदिर में हुई चढ़ावे की चोरी के नाम पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान अमित शाह एक बार ▶▶ शेष पेज 11 पर



अरविंद केजरीवाल

---

### सरकार को डिजिटल फ्रॉड बढ़ने का शक

## वाट्सएप का अब नया यूजर आईडी फीचर हो जाएगा बंद?

- नए यूजर आईडी फीचर की सरकार जांच कर रही
- मेटा को जल्द ही नोटिस भेजने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वाट्सएप का नया यूजर आईडी फीचर सामने आया है, लेकिन इस फीचर को लागू करने के लिए वाट्सएप की मालिकाना कंपनी मेटा को नोटिस भेज सकती है। सरकार वाट्सएप के आने वाले यूजरनेम फीचर की जांच कर रही है, क्योंकि ऐसी चिंता है कि इसका इस्तेमाल किसी और का नाम रखकर धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। सरकार को संदेह है कि वाट्सएप के इस नए फीचर से ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इंडिगो लाया इंडिगो लाइट स्कीम

## हैंड बैगेज के साथ यात्रा करने पर टिकट में मिलेगी भारी छूट

7 किलो वजन के साथ सफर करने पर मिलेगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो ने हवाई यात्रियों को एक बड़ा तोहफा देते हुए इंडिगो लाइट नाम से एक नई फेयर स्कीम लॉन्च की है। यह स्कीम विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए है जो भारी-भरकम सामान के बिना, सिर्फ हैंड बैगेज लेकर सफर करना पसंद करते हैं। इस स्कीम के तहत बुकिंग 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है, जबकि इसका फायदा 15 जुलाई से मिलना शुरू हो जाएगा। यह स्कीम केवल उन इकॉनमी क्लास यात्रियों के लिए है, जिनके पास 15 किलो तक का चेक-इन बैगेज नहीं होगा और वे केवल 7 किलो तक के केबिन ▶▶ शेष पेज 11 पर



फाइल फोटो

---

### मप्र की बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

## शिक्षकों की कमी, टॉयलेट तक नहीं, बिजली तो भूल जाइए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

■ केंद्र एवं राज्य सरकार से 17 अगस्त तक जवाब मांगा

मध्य प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भारी कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई ▶▶ शेष पेज 11 पर



### 1,895 में शिक्षक नहीं

स्थिति यह है कि 1,895 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। बुधवार को जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने मामले की सुनवाई करते ▶▶ शेष पेज 11 पर

### क्या जांच रिपोर्ट ही बदल दी गई?

## दावा-कुपोषण और विटामिन-ए की कमी से गई बच्चे की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ अब एम्स भोपाल में होगा मासूम का कॉर्निया ट्रांसप्लांट

सागर जिले के बंडा सिविल अस्पताल में इलाज के बाद डेढ़ साल के बच्चे की आंखों की रोशनी जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल से आई ड्रॉप की जगह नोजल ड्रॉप (नॉर्मल सलाइन) देने के कारण बच्चे की रोशनी ▶▶ शेष पेज 11 पर



### एम्स में चल रहा इलाज

प्रभारी सीएमएचओ डॉ. देवेश पटेरिया ने बताया कि बच्चे का इलाज भोपाल एम्स में चल रहा है और वहां उसका कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया जाना है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि जिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अमरनाथ यात्रा 2026: पहले जत्थे की रवानगी की तैयारी



### जम्मू में तत्काल पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

*जम्मू। बाबा बर्फानी के भक्तों का इंतजार खत्म हो गया है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए 2 जुलाई को जम्मू बेस कैंप से श्रद्धालुओं का पहला जत्था श्रीनगर के लिए रवाना होगा। पहले बैच की रवानगी को लेकर शिव भक्तों में भारी उत्साह है और देशभर से हजारों श्रद्धालु जम्मू पहुंच चुके हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को* ▶▶ शेष पेज 11 पर

---

### सरकार पर अब इस तरह हमलावर हुई कांग्रेस

## तीन दिन का मौन सत्याग्रह रखेगी कांग्रेस मीडिया से भी बात नहीं करेगी, डिबेट से दूरी

डिबेट नहीं होने से खफा है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में कथित जमीन खरीद मामले को लेकर एक तरफ जहां कांग्रेस मुख्यमंत्री पर हमलावर है। वहीं इस मामले में कांग्रेस के नेताओं के बयानों से ही पार्टी के भीतर खींचतान मची हुई है। अब कांग्रेस जमीन खरीद मामले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बहिष्कार करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस ने पत्र जारी कर आरोप लगाया है कि मप्र के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इस गंभीर मामले को न तो प्रमुखता से दिखाया और न ही इस पर सार्थक टीवी बहस कराई। इसके विरोध में कांग्रेस ने अगले तीन दिनों ▶▶ शेष पेज 11 पर



फाइल फोटो

### जयराम रमेश ने किया आंदोलन का ऐलान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि महाकाल की नगरी में हुई महालूट पर पीएम नरेंद्र मोदी की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने घोषणा की कि मप्र कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर राज्यभर में सड़कों पर उतरेगी और जनआंदोलन चलाएगी।

### नाविक राकेश की मौत का रहस्य गहराया

- कंपनी ने गिरने से चोट लगने की बात कही थी, फिर कहा मौत हो गई
- शव एक सप्ताह में भेजने को कहा था,भेजा एक माह बाद

परिवार और एफएसयूआई ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

## वेनेजुएला से आए भारतीय नाविक के शव से गायब मिले दिल-दिमाग-फेफड़े समेत कई अंग

एजेंसी ▶▶ देवरिया

वेनेजुएला में मृत घोषित किए गए भारतीय नाविक के शरीर से आंतरिक अंगों के गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। 33 वर्षीय राकेश चौहान के शव से मस्तिष्क, हृदय, फेफड़ों समेत कई आंतरिक अंग गायब मिलने के बाद परिवार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं फेडरेशन आफ सीफेरर्स यूनियंस आफ इंडिया (एफएसयूआइ) ने भी घटना को गंभीर बताते हुए वेनेजुएला के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने व भारतीय दूतावास के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के लंगड़ा ▶▶ शेष पेज 11 पर



राकेश चौहान



मृतक की पत्नी और पिता

### लगभग सभी अंग गायब

शव के पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण किया। शुरुआती जांच में चिकित्सकों ने बताया कि शव का पहले ही पोस्टमार्टम किया जा चुका है, इसलिए बिना सक्षम आदेश के दोबारा पोस्टमार्टम संभव नहीं है। बाद में जिलाधिकारी के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार, शव में मस्तिष्क, हृदय, दोनों फेफड़े, लीवर, दोनों गुर्दे, प्लीहा, अग्न्याशय, पेट और आंतें सहित कई प्रमुख आंतरिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

# निमाड़ की धरती संतों, संस्कृति और वृहद लोक परंपराओं से समृद्ध

## मुख्यमंत्री ने खाटू श्याम मंदिर तलून (बड़वानी) के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बड़वानी सहित निमाड़ की धरती संतों, संस्कृति और लोक परंपराओं से समृद्ध रही है। भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज को सही दिशा दिखाई है, उनके मार्गदर्शन से समाज में सद्भाव, संयम और सेवा की भावना विकसित होती है। गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा ही सच्ची भक्ति है, समाज तभी आगे बढ़ता है जब धर्म और सेवा साथ चलते हैं, यही भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी के समीप तलून में बनने वाला खाटू श्याम मंदिर इस गौरवशाली विरासत को मजबूत करेगा और आने वाली पीढ़ियां भी इस धरोहर से जुड़ेंगी। मुख्यमंत्री तलून में खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

**बाबा खाटू श्याम का त्याग, वीरता-विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण**



कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते सीएम।

**बाबा खाटू श्याम ने धर्म की रक्षा और लोक कल्याण के लिए किया त्याग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का अवसर केवल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का पर्व है। बाबा खाटू श्याम की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों के दुःख हरने वाले देवता माने जाते हैं। बाबा खाटू श्याम को बर्बरीक का स्वरूप माना जाता है।

### सरकार प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध

सीएम ने कहा कि मप्र आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से देश का अग्रणी राज्य है। सरकार प्राचीन धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह मंदिर भी उस यात्रा का खास पड़ाव बनेगा। मुख्यमंत्री ने बाबा श्री खाटू श्याम से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य तथा प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में सांसद गजेन्द्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बड़वानी बलवंत पटेल, महंत महामण्डलेश्वर हरि सुरेन्द्र गिरी महाराज, अध्यक्ष खाटू श्याम मंदिर बड़वानी शशि गिरि महाराज तथा अन्य संतगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बयानों से संगठन पर उठे सवाल

# मध्य प्रदेश कांग्रेस में लगातार बढ़ रही अंदरुनी खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुए घटनाक्रमों ने संगठन के भीतर मतभेद और गुटबाजी की चर्चाओं को तेज कर दिया है। नेताओं के परस्पर विरोधी बयानों, बैठकों में हुई तीखी बहस और कुछ स्थानों पर कार्यकर्ताओं के बीच विवाद ने पार्टी की एकजुटता पर सवाल खड़े किए हैं। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार के संरक्षण में 500 करोड़ रुपए की जमीन एक रुपए में दिए जाने का आरोप लगाया। इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस मामले में अलग रुख अपनाया, जिससे पार्टी के भीतर मतभेद की चर्चा शुरू हो गई। लगातार बढ़ती चर्चाओं के बीच दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर पार्टी में मतभेद से इंकार किया और एकजुट होकर काम करने की बात कही।

### हरीश बोले-स्लीपर सेल की पहचान कर बाहर करें, सज्जन ने भी की कार्रवाई की बात

इसी बीच प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने देवास में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कहा कि पार्टी के भीतर मौजूद 'स्लीपर सेल' की पहचान कर उन्हें बाहर करना होगा। वहीं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई की बात कही। दूसरी ओर भोपाल में युवा कांग्रेस की बैठक के दौरान प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के बीच विवाद और हाथापाई की घटना भी सामने आई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया को बीच-बचाव करना पड़ा। वहीं सीधी में कांग्रेस के जिला प्रभारी के साथ कथित मारपीट की घटना की पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने निंदा की।

### केंद्रीय नेतृत्व से हस्तक्षेप का आग्रह

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने बुधवार को एक्स पोस्ट के माध्यम से राहुल गांधी से मध्य प्रदेश में केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप का आग्रह किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव ने पोस्ट पर लिखा है कि प्रदेश में आंतरिक संघर्ष और असफलताओं सहित अन्य समस्याओं से जूझ रही भाजपा और उसकी सरकार से जब इस दौर में भी पार्टी संगठन का वास्तविक निष्ठावान कार्यकर्ता वैचारिक और सतही तौर पर संघर्ष कर रहा है, उस दौर में कतिपय लोग एक मिलीजुली साजिश के तहत उन कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। इस बात में भी कोई संदेह नहीं है कि युवाओं का जोश और पार्टी के अनुभवी नेताओं का होश मिलजुल कर ही फासीवादी विचारधारा का सामना कर पाएगा।



# दिग्विजय उमंग की मुलाकात से बढ़ीं राजनीतिक अटकलें



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस में पिछले कुछ दिनों से सामने आए घटनाक्रमों के बीच वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच मतभेद की चर्चाएं तेज हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित भूमि प्रकरण पर कांग्रेस की रणनीति के दौरान भी दोनों नेताओं के अलग-अलग रुख ने इन चर्चाओं को और हवा दी। दिल्ली में जीतू पटवारी और पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने उज्जैन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस मामले में अलग रुख अपनाया, जिसके बाद राजनीतिक हलकों में इसे पार्टी के भीतर रणनीतिक मतभेद के रूप में देखा गया। बाद में दोनों नेताओं ने भोपाल में संयुक्त प्रेस वार्ता कर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश भी की। इसी बीच बुधवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का दिग्विजय सिंह के भोपाल स्थित निवास पहुंचना राजनीतिक चर्चाओं का नया विषय बन गया।

## जीतू पटवारी ने कहा-भाजपा सरकार की विफलता और अंदरुनी कलह का प्रमाण

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखे गए पत्र को भाजपा सरकार की विफलता, बताया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के वरिष्ठ मंत्री को यह लिखना पड़ रहा है कि पिछले दो वर्षों से उन्हें असहयोग, उपेक्षा और विरोध का सामना करना पड़ा, तो यह मुख्यमंत्री के नेतृत्व और सरकार के समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पटवारी ने कहा कि विजयवर्गीय ने अपने पत्र में इंदौर के मास्टर प्लान, मेट्रोपॉलिटन रीजन, एयरपोर्ट विस्तार, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र, आरजीपीवी और सिंहस्थ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल उठाए हैं।

## खबर संक्षेप

### युवाओं-किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेशभर में जनहित के मुद्दों को लेकर चरणबद्ध पत्रकारवार्ताओं का कार्यक्रम घोषित किया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मंजूरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संभागीय मुख्यालयों के साथ-साथ 3 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर भी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कांग्रेस ने बताया कि पत्रकारवार्ताओं में नीट और सीबीएसई परीक्षा में कथित अनियमितताओं व पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राप्त चढ़ावे में कथित गड़बड़ी, उज्जैन महाकाल लोक निर्माण कार्यों में कथित भ्रष्टाचार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार से जुड़े कथित भूमि घोटाला प्रकरण सहित अन्य जनहित के मुद्दे उठाए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 2 जुलाई को ग्वालियर में अशोक सिंह और नर्मदापुरम में पीसी शर्मा, 3 जुलाई को सागर में एनपी प्रजापति तथा उज्जैन में सज्जन सिंह वर्मा, 4 जुलाई को इंदौर में शोभा ओझा, 6 जुलाई को भोपाल में मीनाक्षी नटराजन और 11 जुलाई को जबलपुर में विवेक तन्खा पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इसके अलावा 3 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष और जिला प्रभारी संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि इन पत्रकार वार्ताओं के जरिए प्रदेश सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरा जाएगा और जनता के सामने सरकार की कथित विफलताओं को रखा जाएगा। जिला अभिभाषक संघ चुनाव स्क्रूटनी में 89 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए

### अभिभाषक संघ चुनाव के लिए 89 नामांकन सही, कल सूची होगी प्रकाशित

**भोपाल।** आगामी 16 जुलाई को होने वाले भोपाल जिला अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए नामांकन फार्म जमा करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन फार्म की बुधवार को स्क्रूटनी कर जांच की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी सहित वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी, हाशिम अली, यश विद्यार्थी, एपीएस परिहार, नीतू शर्मा, बबीता नेगी और शैलेंद्र शर्मा ने नामांकन फार्म की बुधवार को स्क्रूटनी कर जांच के बाद सभी 89 प्रत्याशियों के नामांकन फार्म को सही पाया है। अब 2 और 3 जुलाई को नामांकन फार्म वापस लेने के बाद 3 जुलाई को प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगदीश सिंह परमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन फार्म जमा किया। परमार के अलावा देवेंद्र सिंह रावत, सुशील श्रीवास्तव, रफी जुबेरी, हिमाचल शर्मा ने भी अध्यक्ष पद पर नामांकन फार्म जमा किए। सचिव पद पर शुभम मीना बब्लू, मुकेश नागपुरे, संदीप उमरे और अनुराग दुबे ने नामांकन फार्म जमा किया। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जिला अभिभाषक संघ के चुनाव कार्यालय पहुंचकर नामांकन फार्म जमा किया। सुनील सिंघल, अमित दुबे, एबी खान, नीरज तिवारी, अजय पांडे और अनिल सिंह ने भी उपाध्यक्ष पद पर नामांकन जमा किया। सहसचिव पद पर विनोद ठाकुर, राजू खान, इठोवा कोसे, नयन शर्मा, बारिज गुप्ता, किरण गहलोत और उपेंद्र शर्मा ने नामांकन जमा किया।

## सिवनी जिले को दी 494.16 करोड़ के 629 विकास कार्यों की सौगात

# धान की फसल पर भी देंगे भावांतर का लाभ किसानों के खातों में अंतरित की बोनस राशि

- मुख्यमंत्री संबल योजना में 16 हजार से अधिक श्रमिकों को अंतरित किए 365 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री ने कोदो-कुटकी का बोनस वितरण कर विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन
- सिवनी जिला मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार का संकल्प हैं क्योंकि किसान समृद्ध होगा, तभी हमारा प्रदेश और देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महाकौशल की धरती धान उत्पादन के लिए जग प्रसिद्ध है। शेर की दहाड़ और सतपुड़ा के पहाड़ और अब यहां की छत्रिय धान इस क्षेत्र की बड़ी पहचान है। छत्रिय धान को अब भौगोलिक संकेतक टैग (जीआई टैग) मिल गया है। यह हमारी देशज और पारंपरिक कृषि का वैश्विक सम्मान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिवनी जिला मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रदेश के 3 हजार 941 किसानों को 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से कोदो-कुटकी के बोनस के रूप में 2 करोड़ 84 लाख रुपए किसानों के खातों में अंतरित किए।




### पूरा वातावरण बना भक्तिमय और संगीतमय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सिवनी में किसान के खेत में धान रोपकर धान महोत्सव का शुभारंभ किया। मिट्टी और पानी से भरे खेत में मुख्यमंत्री के साथ महिलाओं ने भी धान रोपाई की। उन्होंने रोपाई के पारंपरिक गीत चंदन राजा को परहा गढ़ से, रानी सरुपा सकारी उठ से गाकर पूरा वातावरण भक्तिमय और संगीतमय बना दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धान रोपने के बाद बरघाट के ग्राम लोहारा से आए किसान दौलतराम बिसेन ने अपने घर से लाई गई 'सिदोरी' (खेत में खाया जाने वाला पारंपरिक भोजन) खाने का अनुरोध किया।

### अब धान की फसल पर भी भावांतर योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब धान की फसल पर भी भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को एमएसपी और बाजार मूल्य के बीच के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना (मनरेगा का नया स्वरूप) के तहत प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के कार्यम लगातार चलाएं जाएंगे।



### मुख्यमंत्री ने बालाघाट से सिवनी तक फोरलेन रोड निर्माण कार्य की घोषणा की

सीएम ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना अंतर्गत प्रदेश के 16 हजार 754 से अधिक श्रमिक परिवारों को 365 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। साथ ही 494 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से 629 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कर सिवनी जिले को बड़ी सौगात दी। इसमें 349.33 करोड़ रुपए की लागत के 586 विकास कार्यों का लोकार्पण और 144.83 करोड़ की लागत के 43 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बालाघाट से सिवनी तक फोरलेन रोड निर्माण कार्य की घोषणा की। जिले के छपारा ब्लॉक के ग्राम चमारी में शासकीय कॉलेज खोला जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने वर्चुअली जुड़कर कहा कि मुख्यमंत्री संबल योजना हमारी ग्रामीण आबादी के लिए एक वरदान की तरह है। सासंद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि किसानों को अनेक सौगातें दी हैं। इस मौके पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी करण सिंह वर्मा, बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## 30 दिन की देरी से गृह विभाग का आदेश

# खंडवा एसपी रहे सिंह का डीआईजी पद पर पदोन्नति आदेश हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गृह विभाग ने एसपी खंडवा रहे रुचिवंश कुमार सिंह के डीआईजी पद पर पदोन्नति का आदेश 30 दिन की देरी से जारी किया है। उन्हें 31 मई से डीआईजी पद पर पदोन्नत माना गया था, लेकिन विभागीय आदेश 30 जून को जारी किया गया। जानकारी के अनुसार, डीआईजी महेश चंद जैन के 31 मई को सेवानिवृत्त होने से यह पद रिक्त हुआ था।

इसी पद पर रुचिवंश कुमार सिंह की पदोन्नति प्रस्तावित थी, लेकिन आदेश समय पर जारी नहीं होने से प्रक्रिया लगभग एक माह तक लंबित रही। उधर, डीजी रैंक के अधिकारियों की संख्या फिर 12 हो गई है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनंत कुमार के लिए एक अतिरिक्त डीजी पद सृजित किया था, जिससे यह संख्या बढ़कर 13 हो गई थी। हालांकि 30 जून को डीजी संजीव शमी के रिटायर होने के बाद कार्यरत डीजी अधिकारियों की संख्या फिर घटकर 12 रह गई। वर्तमान में डीजी के पांच कैडर पद, पांच एक्स-कैडर पद और राज्य सरकार द्वारा दो वर्षों के लिए स्वीकृत दो अतिरिक्त पद सहित कुल 12 स्वीकृत पद हैं।

भोपाल ग्रामीण आईजी संजय तिवारी भी सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी तिवारी को इसी वर्ष जनवरी में भोपाल ग्रामीण का आईजी बनाया गया था। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद फिलहाल रिक्त हो गया है, जिस पर जल्द ही किसी आईजी रैंक के अधिकारी की पदस्थापना किए जाने की संभावना है

## लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत जारी हुआ आदेश

# विधानसभा सचिवालय में 5 अधिकारियों को पदोन्नति देकर बनाया उप सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में लंबे समय बाद पदोन्नति का रास्ता खुल गया है। विधानसभा सचिवालय ने बुधवार को आदेश जारी कर पांच अधिकारियों को मैट्रिक्स लेवल-13 में उप सचिव के पद पर पदोन्नत किया है। यह पदोन्नति विधानसभा अध्यक्ष की 30 जून को दी गई स्वीकृति के आधार पर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। जारी आदेश के अनुसार अनुभाग अधिकारी राजेन्द्र वर्मा (आरक्षित वर्ग), रविन्द्रनाथ दुबे और नरेन्द्र कुमार मिश्रा, कार्यवाही संपादक मोहनलाल भवनवानी तथा शिष्टाचार अधिकारी माधव दस्वारी को उप सचिव पद पर पदोन्नत किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पदोन्नति मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के प्रावधानों के तहत जारी की गई है। इसमें विशेष रूप से नियम-5 के अनुसार आरक्षित वर्ग की गणना का पालन किया गया है। साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग के 30 जून के परिपत्र, महाधिवक्ता मध्यप्रदेश की 29 जून की कानूनी राय तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सी.एस. वैद्यनाथन की विधिक सलाह के अनुरूप यह आदेश जारी किया गया है। विधानसभा सचिवालय ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यह पदोन्नति सुप्रीम कोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पदोन्नति से संबंधित लंबित मामलों एवं अन्य संबंधित याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। न्यायालय के अंतिम फैसले के अनुसार आवश्यक होने पर पदोन्नति आदेश में संशोधन या अन्य कार्रवाई की जा सकेगी।

- यह पदोन्नति विस अध्यक्ष की दी गई स्वीकृति के आधार पर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी

## नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला, अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव रहे मीटिंग में मौजूद

# मप्र ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा की दिशा में उठाया बड़ा कदम, मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को वर्चुअली किया संबोधित

**मध्यप्रदेश, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की कर रहा शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत कर दी है। मप्र, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है।

उन्होंने बताया कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश, 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए मप्र भवन नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। नई दिल्ली में हुई बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

- **मध्यप्रदेश 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है**
- **शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 प्रति यूनिट का सबसे कम टैरिफ अर्जित किया**


वर्चुअली संबोधित करते सीएम।

**मप्र का ट्रैक रिकॉर्ड सबसे बेहतर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक पहचान दिलाई। शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 रूपए प्रति यूनिट का प्रदेश में सबसे कम टैरिफ अर्जित किया। हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रूपए प्रति यूनिट पर पीपीए हुआ, यह देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है।

### ऊर्जा में आत्मनिर्भरता है हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल परियोजनाएं स्थापित करना नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में मप्र को देश का अग्रणी राज्य बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना और सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयास से 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगी। नई दिल्ली की प्री-बिड मीटिंग में टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी, अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर, महिंद्रा सिस्टम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश है देश का सबसे निवेश मित्र राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतियां, त्वरित निर्णय और उत्कृष्ट अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश की ऊर्जा क्रांति के सहभागी बनने का अनुरोध किया।







# नमोवन में होगा ओपन थियेटर, योग केंद्र, लाइब्रेरी, फाउंटेन, पाथवे और ग्रीनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी को जल्द ही एक ऐसे सार्वजनिक स्थल की सौगात मिलने जा रही है, जहां प्रकृति के बीच योग, स्वास्थ्य, अध्ययन और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। लालघाटी चौराहे के समीप विकसित किए जा रहे 'नमोवन' को शहर की नई पहचान बनाने की दिशा में नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

- बच्चों के लिए प्ले जोन, ओपन जिम और रेस्टोरेंट भी, सौगात जल्द
- महापौर ने किया निरीक्षण, कहा- जल्द पूरे करें बाकी काम


निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते मेयर मालती राय व पार्षद मनोज।

### हर उम्र के लोगों के लिए

बुधवार को महापौर मालती राय ने निर्माणाधीन नमोवन का निरीक्षण कर सभी कार्यों को तय समय में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नमोवन को केवल हरित क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे योग, स्वास्थ्य, मनोरंजन और ज्ञान के आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां हर आयु वर्ग के लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### महापौर मालती ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

निरीक्षण के दौरान महापौर ने ओपन थिएटर, योग केंद्र, लाइब्रेरी, फाउंटेन, पाथवे, पौधरोपण सहित सभी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों के लिए आधुनिक प्ले जोन, ओपन जिम, गजिबो, मुख्य प्रवेश द्वार पर रेस्टोरेंट, सुलभ जनसुविधा केंद्र तथा महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग यूरिनल्स का निर्माण शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे परिसर में आकर्षक लाइटिंग, संगीत व्यवस्था और पेड़ों की वैज्ञानिक छंटाई कर परिसर को और अधिक सुंदर बनाने पर जोर दिया।

### लाइब्रेरी बनेगी ज्ञान का केंद्र

महापौर ने निर्माणाधीन लाइब्रेरी को विशेष स्वरूप देने के निर्देश देते हुए कहा कि यहां स्वतंत्रता संग्राम, देशी रियासतों के विलीनीकरण, राष्ट्रनिर्माण और महापुरुषों के जीवन से जुड़ा साहित्य उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा सामान्य ज्ञान और प्रेरणादायी पुस्तकों का भी संग्रह रखा जाए, ताकि युवा और नागरिक अध्ययन के साथ अपने ज्ञान का विस्तार कर सकें।

### निगम प्रशासन का तर्क- पोर्टल बुकिंग पूरी होने के एक घंटे तक चालू रहा

# हाउसिंग फॉर ऑल के आवासों की बुकिंग का पोर्टल 20 मिनट में हो गया बंद, 56 फ्लैट बुक, कई लोग नहीं करा पाए बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अरहेड़ी में हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट के 56 आवास महज 20 मिनट में बुक होने के बाद पूरे आवंटन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।

दरअसल बुधवार को नगर निगम ने पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवास आवंटन की प्रक्रिया तय की थी। इसके तहत बुधवार सुबह 11 बजे एचएफए पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू हुई।

विज्ञापन के अनुसार आवेदन से पहले प्रत्येक आवेदक को 75 हजार रुपए बतौर अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट जमा करना अनिवार्य था। अधिकांश इच्छुक लोगों ने बैंक में राशि जमा भी कर दी, लेकिन बडी संख्या में लोगों के आरोप हैं कि पोर्टल करीब 20 मिनट में बंद हो गया और वे आवेदन ही नहीं कर सके।

**जो पंजीयन नहीं करा पाए उन्हें दोबारा मिलेगा मौका**

### वेबसाइट हैक कर लाभ दिलाने का लगा आरोप

*बुकिंग में दर्जनों लोग ऑनलाइन आवेदन करने से चूक गए। ऐसे में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वेबसाइड हैक कर करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसको देखते हुए कमिश्नर संस्कृति जैन ने अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा से पूरे मामले की जानकारी भी मांगी है। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर अरहेड़ी प्रोजेक्ट के आवासों का आवंटन होना था। इसके लिए 1 जुलाई को 11 बजे हाउसिंग फॉर ऑल की साइड खुली। इसके लिए चार दिन पहले जारी विज्ञापन में 11 बजे से बुकिंग करने और ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले 75 हजार जमा करने को कहा था। ज्यादातर लोगों ने बैंक पहुंचकर 75 हजार जमा किए, लेकिन जब फार्म जमा करने पहुंचे तो 20 मिनट बाद ही पोर्टल बंद हो गया।*

### निगम का तर्क-दोबारा मौका मिलेगा

निगम प्रशासन के अनुसार 56 लोगों के अलावा 16 लोगों की राशि जमा हुई है। पोर्टल करीब एक घंटे से अधिक चालू रहा। फिर भी कई लोग आवेदन करने से वंछित रह गए हैं। इन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा।

### लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल

## नारियलखेड़ा में पाइपलाइन बिछाने के काम में लापरवाही, नए वॉल्व चैंबर खुले छोड़े, हादसे का खतरा




राजधानी के नारियलखेड़ा क्षेत्र में नया पाइप लाइन नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इस दौरान तकनीकी लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। दरअसल पाइपलाइन के साथ लगाए गए वॉल्व चैंबर का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन अधिकांश चैंबरों को ऊपर से ढक्कन या सुरक्षा कवर लगाए बिना ही खुला छोड़ दिया गया है। इससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

### सुरक्षा के नाम पर बैरिकेड्स लगाकर छोड़ दिए चैंबर

सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स भी लगाए गए हैं, लेकिन इन्हें ढका नहीं जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद के पास भी रोज शिकायतें पहुंच रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय या बारिश के दौरान यह खुले चैंबर दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। नगर निगम में जल कार्य के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि नारियलखेडा क्षेत्र में जल्द ही वाल्व चैंबर लगेंगे।

## एयरपोर्ट के आसपास भवन निर्माण के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से लेना पड़ेगी एनओसी



राजधानी के राजा भोज इंटरनेशल एयरपोर्ट के आसपास बिल्डिंग परमिशन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी की एनओसी भी लेना पड़ेगी। बिना एनओसी के नगर निगम बिल्डिंग परमिशन जारी नहीं करेगा। यह बात बुधवार को एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने कही। एयरपोर्ट के सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि मैरिज गार्डनों में डीजे में लेजर लाइन और हाईबीम लाइटों पर पाबंदी को लेकर सख्ती बरती जाएं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के निर्देशक आलोक त्रिपाठी ने सुरक्षा को लेकर प्रजेंटेशन दिया।

### नोकेस पोर्टल से लिंक होगी निगम वेबसाइट

संभाग कमिश्नर ने कहा कि एयरपोर्ट के आसपास निर्माण कार्य के लिए एयरपोर्ट नोकेस सॉफ्टवेयर से एनओसी जारी करेगा। जिसे नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन वेबसाइट से लिंक किया जाए। ऐसे में जोनिंग मैप एरिया में बिना एनओसी के बिल्डिंग परमिशन जारी नहीं की जा सकेंगी।


बैठक में निर्देश देती आयुक्त संस्कृति।

### निगम आयुक्त की दो टूक-वसूली बढ़ाएं

## कम राजस्व वाले जोन अफसरों पर सख्ती, मुहिम चलाकर बढ़ाएंगे आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की राजस्व वसूली में सुस्ती और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सख्त रुख अपनाया है।

बुधवार को अटल भवन में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विधानसभा क्षेत्रों और जोनों में राजस्व वसूली अपेक्षा से कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर आय बढ़ाई जाए। साथ ही संबल योजना के लंबित मामलों की जांच और पूरी प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए।

### पॉश मशीन नहीं मिली तो तय होगी जिम्मेदारी

*बैठक में पॉश मशीनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी जिम्मेदार कर्मचारियों को समय पर मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। यदि किसी जोन में मशीन उपलब्ध नहीं रहती है तो संबंधित जोनल अधिकारी, वार्ड प्रभारी और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अतिक्रमण शाखा के स्टोर में भी पॉश मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।*

### फायर एनओसी और अनुशासन पर भी सख्ती

आयुक्त ने फायर एनओसी के लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित संस्थानों को नोटिस जारी करने और फायर अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए। वायरलेस संचार प्रणाली को चालू रखने, नवनिर्मित सार्वजनिक यूरिनलों को जल्द शुरू करने भी जोर दिया।

### वरिष्ठ अधिकारी तय समय में कराएं काम

बैठक में आयुक्त ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से तय समय में कार्य कराएं। काम में लापरवाही या अनुशासनहीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भेंट की

## परिवहन मंत्री से किराया वृद्धि और लंबित पंजीयन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को एक बार फिर परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर किराया वृद्धि सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

- मंत्री सिंह ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया

एसोसिएशन ने एक ओर 2458 बसों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जाने की प्रक्रिया पर चिंता जताई, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती परिचालन लागत को देखते हुए बस किराए में तत्काल वृद्धि की मांग की। मंत्री ने दोनों मामलों में जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया। एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि परिवहन मंत्री से हुई चर्चा में सबसे पहले उन 2458 बसों का मुद्दा उठाया गया, जिनके पंजीयन निरस्त किए जाने को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।

इसके अलावा उन नई बसों का विषय भी रखा गया, जो तैयार होने के बावजूद नई तकनीकी व्यवस्था के कारण पंजीकृत नहीं हो पा रही हैं। इस दौरान केंद्र सरकार के 29 जून के पत्र और ओडिशा सरकार द्वारा दी गई छूट का भी हवाला दिया गया तथा इन्हीं आधारों पर मध्यप्रदेश में भी राहत देने का अनुरोध किया गया।

### प्रतिदिन शाम 7:30 बजे रवाना होगी

## भोपाल से जेवर सीधी फ्लाइट शुरू, दिल्ली के लिए हुई बंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट भोपाल से जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बुधवार से इंडिगो एयरलाइंस की भोपाल-जेवर नई सीधी उड़ान सेवा शुरू हो गई।

दूसरी और बुधवार से एयर इंडिया की भोपाल-दिल्ली उड़ान आगामी 31 जुलाई तक के लिए बंद की गई है। इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 7654 प्रतिदिन शाम 7:30 बजे राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरकर लगभग 9:25 बजे नोएडा (जेवर) पहुंचेगी। नई उड़ान शुरू होने से भोपाल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बीच हवाई संपर्क और मजबूत होगा। इससे व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों तथा पर्यटकों को तेज, सुविधाजनक और समय की बचत करने वाली यात्रा का लाभ मिलेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ने वाला भोपाल मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों में शामिल हो गया है।

## जोन-15 के जोनल अधिकारी बदले, जैन को मिली कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम भोपाल में प्रशासनिक फेरबदल का सिलसिला लगातार जारी है। निगम प्रशासन ने बुधवार को एक और आदेश जारी करते हुए जोन-15 के जोनल अधिकारी का बदलाव कर दिया।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व निरीक्षक मूल पद पर कार्यरत कुलदीप जैन को मुख्यालय स्थित एचएफए (हाउसिंग फॉर ऑल) शाखा से स्थानांतरित कर जोन-15 का जोनल अधिकारी की जिम्मेदारी दी है। वहीं वर्तमान में जोन-15 के जोनल अधिकारी के रूप में कार्यरत ठाकुर सिंह (उप राजस्व निरीक्षक) को इस दायित्व से मुक्त करते हुए मुख्यालय की राजस्व शाखा में पदस्थ किया गया है। दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण के निर्देश दिए गए हैं।

### नामदेव को जोन-1 का जोनल अधिकारी बनाया

## निगम में प्रशासनिक फेरबदल:, जोन अधिकारी से लेकर वार्ड प्रभारियों तक बदली जिम्मेदारियां

नगर निगम भोपाल ने प्रशासनिक कार्यों में गति और बेहतर समन्वय के उद्देश्य से पांच कर्मचारियों के तबादले करते हुए नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार जोन-11 के राजस्व विभाग में पदस्थ नीरज कुमार नामदेव को जोन-1 का जोनल अधिकारी बनाया गया है। वहीं वार्ड-12, जोन-3 के वार्ड प्रभारी राजेंद्र मालवीय को वार्ड-4, जोन-1 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह वार्ड-80, जोन-18 के वार्ड प्रभारी पवन पटेल का तबादला वार्ड-84, जोन-19 में किया गया है। जोन-10 के राजस्व विभाग में कार्यरत नीरज कोसरिया को वार्ड-5, जोन-1 का वार्ड प्रभारी बनाया गया है। वहीं वार्ड-84, जोन-19 के वार्ड प्रभारी योगेश शिल्पकार को वार्ड-80, जोन-18 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर की रिपोर्ट पर सवाल, 12 डंपरों को बगैर कार्रवाई छोड़ा

### रातताल के रोजीवे गांव में पंद्रह एकड़ निजी भूमि का मामला

## दो महीने में निकाला छह सौ डंपर कोपरा परमिशन शर्तों के उल्लंघन की रिपोर्ट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातताल के रोजीवे गांव में पंद्रह एकड़ निजी जमीन पर दो महीने पहले दी गई समतलीकरण की परमिशन सवालों के घेरे में आ गई है।

- कलेक्टर के कहने पर पहुंची नायब तहसीलदार की टीम

तत्कालीन खनिज इंस्पेक्टर पूजा वानखेड़े की रिपोर्ट के आधार पर जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने हरिचरण नामक किसान को जमीन समतलीकरण की परमिशन जारी की थी, जिसके बाद किसान ने इस जमीन से कोपरा निकालने का ठेका खनिज माफिया को दे दिया।


मौके पर रिपोर्ट बनाते अधिकारी।

### 30 जून को अवधि खत्म

दो पोकलेन और एक दर्जन डंपरों से दो महीने में करीब छह सौ डंपर से अधिक कोपरा निकालकर बेचा गया है। तीस जून को अवधि खत्म होने वाले दिन जब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शिकायत पर हुजूर के नायब तहसीलदार शुभम जैन को मौके पर भेजा, तो खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर ने कार्रवाई में लीपापोती कर दी।

### जिला खनिज अधिकारी को पेश कर दी रिपोर्ट

*बुधवार को इंस्पेक्टर ने अपनी रिपोर्ट जिला खनिज अधिकारी को पेश कर दी है। जिसमें अवैध उत्खनन की जगह परमिशन की शर्तों का उल्लंघन बताकर मामला रफा-दफा किया गया है। जिला खनिज अधिकारी का कहना है कि इंस्पेक्टर की रिपोर्ट में दो पोकलेन मशीनों को जब्त करने का जिक्र किया गया है, हालांकि एक दर्जन डंपरों को जब्त नहीं किया गया है। कितने एरिया में अवैध उत्खनन किया गया है, रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं है।*

### नायब तहसीलदार को किया गुमराह

मंगलवार को जब हुजूर के नायब तहसीलदार शुभम जैन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर पहले से मौजूद खनिज इंस्पेक्टर ने समतलीकरण की परमिशन का हवाला देकर डंपरों को जब्त करने से इंकार कर दिया, हालांकि दो पोकलेन मशीनों को जब्त किया है। नायब तहसीलदार का कहना है कि इस संबंध में एसडीएम को जानकारी दी है। अचारपुरा की चंदेरी झील में जल गंगा संवर्धन के नाम पर अवैध उत्खनन मामले में खनिज विभाग ने पूर्व जिला खनिज अधिकारी एलएम गोयल के बेटे शुभम गोयल को बचा लिया था।

### हुजूर क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

## डैम किनारे काट दी अवैध कॉलोनी प्रशासन ने बाउंड्रीवॉल-सड़क तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड स्थित नरोन्हा सांकल में डैम के पास अवैध कॉलोनी काटकर जमकर प्लॉटों की बिक्री शुरु कर दी गई। लोगों को कॉलोनी से डैम का नजारा दिखने का लालच दिया गया, जिसके बाद भारी संख्या में लोगों ने प्लॉट बुक करा दिए।

हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को जब इसकी जानकारी मिली तो बुधवार को तहसीलदार अतुल शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कॉलोनी का



बाउंड्रीवॉल और सड़क को बुलडोजर से तुड़वा दिया। इधर बिलखिरिया में 5 एकड़ रकबे पर कनक प्रॉपर्टी के प्रोपराइटर संतोष, अनिल अग्रवाल और राजेश भदौरिया द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोजर चलाया गया।

## जैकेट का शेष...

## मंत्रिमंडल में परिवर्तन तय ...

प्रभारी संगठन में अनिवार्य रूप से नीचे तक जाए, और निश्चित रूप से इस काम में हम पिछले पांच-छह महीने में सफल रहे। कोर कमेटी की लंबे समय से बैठक नहीं हो रही थी उसे भी दो महीने में एक बार किया जाना सुनिश्चित किया। संगठन में जितनी सक्रियता करनी चाहिए थी, जो गठन करना चाहिए थे किए। सरकार के स्तर पर भी मुख्यमंत्री के साथ समन्वय करके या प्रभारियों के साथ मिलकर भी। प्राधिकरण में जो नियुक्तियां नहीं हुईं थी वे कीं। निगम-मंडलों, जनभागीदारी, एल्डरमैन तथा जिलों में ऐसे कई पद थे जो कार्यकर्ताओं को दिये जा सकते थे उन्हें भी भरने का काम किया। सत्ता और संगठन ने मिलकर जो हो सकता था उसे करने का प्रयास किया।

**प्रश्नः नियुक्तियों का एक चरण पूरा हुआ, कहा जा रहा है अब दूसरे चरण में और नियुक्तियां होंगी?**

**उत्तरः** राजनीति में कोई पद कितने लंबे समय दिए जाएं ये महत्वपूर्ण नहीं है। उसको देने के लिए कब सही समय आया, ये महत्वपूर्ण है। कई बार निगम-मंडल चुनाव के समय घोषित होते हैं। राजनीति में तो वक्त के साथ-साथ पदों को दिया जाता है। अभी हमें लगा कि हमारे 60-70 कार्यकर्ताओं को उपकृत करना है। कहीं न कहीं उनकी क्षमता अनुसार काम करना है। देना है पद हमने दिया। अभी बहुत सारी जगह नियुक्तियां करनी हैं, अब जब वक्त आएगा, समय आएगा तब और नियुक्तियां करेंगे।

**प्रश्नः वक्त आ गया ये आप कब मानते हैं?**

**उत्तरः** जब हमें लगता है कि संगठन और सत्ता की दृष्टि से किसी पद पर किसी व्यक्ति की आवश्यकता है, तब हम उसकी नियुक्ति करेंगे। तो वो वक्त जब आता है तो उसका निर्णय करेंगे।

**प्रश्नः कांग्रेस से जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनकी पार्टी में क्या स्थिति है?**

**उत्तरः** अगर हमारी विचारधारा, हमारी पद्धति, हमारे काम करने का तरीका अच्छा है तो दूसरे दलों के कार्यकर्ता हमारी ओर आकर्षित होते हैं। कई बार उनके दल में विषम परिस्थिति रहती है, वहां उनका सम्मान नहीं होता, तो वे अपनी विचारधारा से दुखी होकर वे अन्य पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। ऐसे में क्षमतावान और ऐसे कार्यकर्ता जिनकी समाज में पकड़ है और वे हमारे दल में आना चाहते थे तो हमने उनका स्वागत किया। मैं समझता हूं वे पूरी तरह हमारी विचारधारा में रचबस गए हैं। भाजपा की अपनी कार्य पद्धति है तो अब वे हमारे परिवार का हिस्सा है। अब हम यह नहीं सोचते कि वे कहां से आए थे, कब आए थे।

**प्रश्नः भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं और अन्य दलों से आए कार्यकर्ता जब आपस में लड़ते थे, इसको संभालने के लिए आपने किस तरह की रणनीति के तहत काम किया?**

**उत्तरः** लोगों में तुरंत ही समन्वय हो गया और लोगों ने स्वीकारा तो मैं समझता हूं कि ये कहना थोड़ा गलत होगा। जब कार्यकर्ता 10-20 साल एक व्यक्ति के सामने खड़े होकर उसका राजनीतिक विरोध करते हैं और जब वह साथ आता है तो स्वाभाविक तौर पर दोनों पक्षों में कुछ न कुछ खिंचाव रहता है। लेकिन, ये तो हमारी पार्टी की विचारधारा, हमारी कार्य पद्धति है कि हम इसमें व्यक्ति को नहीं बल्कि पार्टी और विचारधारा को महत्व देते हैं। हजारों कार्यकर्ता आए। कुछ जगह टकराव की स्थिति बनी। लेकिन ऐसी स्थिति में मैं, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी और हमारे प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंहजी हमें जैसे भी लगता है हम समन्वय कराने का काम करते हैं और उसमें सफल भी रहते हैं।

**प्रश्नः मुख्यमंत्री डॉ. यादव सत्ता प्रमुख हैं और आप संगठन प्रमुख हैं, दोनों के रिश्ते कैसे हैं?**

**उत्तरः** सत्ता और संगठन में समन्वय होना चाहिए। सत्ता में संगठन समा न जाए इसका भी प्रयास होना चाहिए। लेकिन सत्ता से दूरी न बनाएं, इसका भी प्रयास होना चाहिए। जैसे एक पटरी के दो पाथ होते हैं न कभी दूर होते हैं न पास होते हैं, हम साथ चलें। जब हमें लगता है ये चीज ठीक नहीं है तो हम सुझाव देते हैं। जब उन्हें लगता है संगठन में ऐसा नहीं, इसमें कुछ बदलाव होना चाहिए तो वो सुझाव देते हैं। तो एक दूसरे के समन्वय के साथ सत्ता और संगठन चलें। क्योंकि सरकार से संगठन नहीं, संगठन से सरकार है। अगर संगठन सही होगा, कार्यकर्ता में अपनी विचारधारा और अपनी कार्य पद्धति के प्रति सम्मान होगा तो सत्ता तो आएगी ही। इसलिए सत्ता से संगठन न चले। संगठन के साथ सरकार समन्वय करके चले इसका हम प्रयास करते हैं।

**प्रश्नः हेमंत खंडेलवाल और डॉ. मोहन यादव का रिश्ता कैसा है? क्या डॉ. मोहन यादव नाराज हैं हेमंत खंडलेवाल से?**

**उत्तरः** मुझे तो ऐसा नहीं लगता। न ही मैं यह जानने की कोशिश करता हूं कि कौन नाराज है, कौन नहीं है। मुझे जहां लगता है कि मुझे इस बारे में सरकार को बताना चाहिए तो मैं बताता हूं। जहां लगता है हमारी कोई शासकीय योजना या कोई शासकीय अधिकारी अच्छा काम कर रहा है तो उसे प्रोत्साहित भी करता हूं।

**प्रश्नः आप अध्यक्ष हैं और आपको अभी तक कोई बंगला नहीं मिला, क्या सत्ता कुछ खुश नहीं है आपसे?**

**उत्तरः** अगर खुद अध्यक्ष बंगला न चाहे तो उसमें मुख्यमंत्री क्या करें। मुख्यमंत्री जी मुझे ये तीन-चार बार बोल चुके हैं, कोई अध्यक्ष रहे या मंत्री रहे उन्हें इसलिए बंगला देना चाहिए कि सैकड़ों कार्यकर्ता मिलने आते हैं तो उन्हें सुविधा होनी चाहिए, आपको कोई न कोई बंगला लेना चाहिए। आपके माध्यम से मैं इस बात के लिए उनका (मुख्यमंत्रीजी का) धन्यवाद करता हूं। लेकिन मेरी अपनी सोच है कि मेरे पास अपनी खुद की व्यवस्था है। मैं अपने फ्लैट में, अपने ऑफिस में लोगों से मिल सकता हूं। और बाकी तो भाजपा का कार्यालय है, वहां कार्यकर्ताओं से मिलना समन्वय करना होता है। मुझे लगा व्यक्तिगत तौर पर मुझे जरूरत नहीं है तो मैंने इनकार कर दिया।

**प्रश्नः आपको जरूरत नहीं तो कहीं ऐसा न हो कि ये परंपरा बन जाए कि हेमंतजी ने तो बंगला नहीं लिया। तो आप आने वाले लोगों के लिए इतनी बड़ी मिसाल क्यों कायम कर रहे हैं?**

**उत्तरः** अगर हम राजनीति में हैं। हम पार्टी को पूरा समय देना चाहते हैं। पार्टी के लिए जी जान लगाना चाहते हैं। लेकिन आर्थिक रूप से हम सक्षम नहीं हैं। तो हमें पार्टी या सरकार की जिन चीजों का उपयोग करने का हक है। यदि न करें तो हम पार्टी का नुकसान कर रहे हैं क्योंकि हम अपनी क्षमता का कैसे उपयोग करेंगे। लेकिन, अगर मेरे जैसा सक्षम कार्यकर्ता जो आर्थिक रूप से भी मजबूत है जिसके पास समय भी है तो फिर मैं पार्टी और सरकार के संसाधनों का उपयोग क्यों करूं। मेरी आर्थिक स्थिति है कि मैं अपने फ्लैट में रह सकता हूं, अपने संसाधनों का उपयोग कर सकता हूं, पार्टी और संगठन की मदद कर सकता हूं। ये मेरी सोच है। अगर मेरी जगह कोई और होता उसमें ऊर्जा होती लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती तो उसके लिए इन सब चीजों का उपयोग करना सही भी है और मैं समझता हूं करना भी चाहिए।

**प्रश्नः डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जो सरकार काम कर रहीं है उस पर आपका आकलन क्या कहता है?**

**उत्तरः** डॉ. मोहन यादव की सरकार को ढाई साल हो गए और मेरे कार्यकाल को करीब एक साल हो गया। तो इस सरकार के सामने दो चुनौती थी, एक तो पुरानी राज्य सरकारों ने जो योजनाएं शुरू कीं उनको भी जारी रखना। चाहे लाड़ली बहना योजना हो, उसमें राशि बढ़ाना हो, तीर्थ दर्शन हो, शून्य प्रतिशत पर ब्याज देना हो, सामूहिक कन्यादान योजना हो या अन्य कोई योजना हो इनके लिए बजट में भी प्रावधान करना और दूसरा कुछ नया करना। मैं मोहन यादव जी की सरकार को इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि सारी योजनाओं को अच्छे ढंग से चलाने के साथ-साथ उन्होंने उद्योग के मामले में एक बड़ा काम किया। पहले तो इंडस्ट्री कॉन्क्लेव इंदौर और भोपाल में ही आयोजित की जाती थीं, लेकिन अब संभाग स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए। हर जिले में क्या संभावनाएं हो सकती हैं, स्थानीय उद्योग और रोजगार कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सरकार ने पिछले एक साल में काम किया। उसके बाद इस साल कृषि को लेकर सरकार ने अच्छा काम किया। सोयाबीन में भावांतर से और अधिक गेहूं खरीदी कर बोनस देकर किसानों को लाभ दिया। इसके साथ-साथ दो मामले में सरकार ने और अच्छा काम किया। मध्यप्रदेश जंगल के मामले में पूरे देश में मशहूर है। हमारे वाइल्ड लाइफ में पर्यटन बढ़े, चीते भी रहें, अन्य पशु भी रहें। हम चीते लाए और ऐसे कौन से पशु लेकर आएं जिनसे लोग आकर्षित हों। वाइल्ड लाइफ से पर्यटन बढ़े, रोजगार बढ़े इसके लिए मोहन यादव सरकार ने पिछले एक दो साल में बड़ा काम किया है। पूरे देश के पर्यटकों को मध्यप्रदेश में आकर्षित करने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश में धार्मिक धरोहर हैं, चाहे उज्जैन में महाकाल, ओरछा, ओंकारेश्वर ये स्थान तो हजारों सालों से हैं लेकिन इनका इतना विकास करें कि जहां पहले हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते थे अब लाखों कि संख्या में आ रहे हैं। इससे हमारी धार्मिक पर्यटन भी बढ़े, हमारी सनातन परंपरा देश दुनिया में जाए और रोजगार भी बढ़े ये बड़ा काम मोहन सरकार ने किया है। इससे मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है, लोगों को रोजगार भी मिला है, आस्था और जंगलों के प्रति सम्मान बढ़ा है, किसानों की भी चिंता की है, उद्योगों की भी चिंता की है। हर विषय पर वर्तमान सरकार ने कुछ अच्छा करने का प्रयास किया।

**प्रश्नः आप अपने विधायकों की चिंता क्यों नहीं कर रहे? सरकार में 4 मंत्री पद रिक्त पड़े हैं। आप पहल करके उन्हें क्यों नहीं भरवाते?**

**उत्तरः** जब आप किसी योगाचार्य से आहार संबंधी सलाह लेते हैं तो वह कहता है जितना आपको भूख लगती है उससे 25 प्रतिशत अपने पेट को खाली रखिए। स्वास्थ्य की दृष्टि से ये अच्छा होता है। अगर पूरे पद भर जाएंगे तो अपेक्षाएं और उम्मीदों पर तो कुछ रह ही नहीं जाएगा। ये तो स्वाभाविक चीज है कि हमारे पास यह विचार करने का मौका रहता है कि हम किसी नए को या किसी को कब पद दे सकें। किसी के पास दो मंत्रालय होने से कोई फर्क नहीं आता। 95 प्रतिशत पद भरे हुए हैं ऐसे में 4 मंत्री पद रिक्त रहना कोई बड़ी बात नहीं है।

**प्रश्नः क्या सरकार के पुनर्गठन की जरूरत, नए लोगों को मौका देने की जरूरत, कुछ पुराने लोगों को कुछ और दायित्व देने की जरूरत क्या आपका इस ओर ध्यान है और क्या आपकी मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा होती है?**

**उत्तरः** निश्चित तौर पर हमारे मंत्रिमंडल की लगातार सत्ता और संगठन दोनों ने समीक्षा की है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हमारे प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह सबने समीक्षा की है। किसी मंत्री का विभाग का क्या परफॉर्मेंस रहा, उसके प्रभार के जिले का क्या रहा। इस पर पूरी तरह से समीक्षा की है। और निश्चित तौर पर आने वाले समय में जब भी मंत्रिमंडल में परिवर्तन होगा किस मंत्री का अपने क्षेत्र में अपने विभाग में कैसा कार्य रहा, और उसका परफॉर्मेंस क्या रहा उस आधार पर आगे की उसकी यात्रा, किसी नए को मौका देना, किसी पुराने को और किसी काम पर लेना ये सब विचाराधीन है जब भी हमारा केंद्रीय नेतृत्व कहेगा इस पर विचार करेंगे।

**प्रश्नः मंत्रिमंडल के परिवर्तन, पुनर्गठन या विस्तार के संबंध में क्या योजना है?**

**उत्तरः** निश्चित तौर पर परिवर्तन होगा, निश्चित तौर पर पुनर्गठन होगा। समय क्या होगा ये मैं आपको नहीं बता सकता।

**प्रश्नः आपके पदभार संभालते समय हितानंद जी भी थे। भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश संगठन मंत्री का पद भी बड़ा महत्वपूर्ण है। खाली है। भरने की इच्छा है या खाली खाली सा अच्छा लगता है?**

उत्तरः ये मेरा विषय नहीं है। हमारे समान विचार परिवार से संगठन मंत्री के लिए प्रचारक दिए जाते हैं। ये विषय उनका और हमारे केंद्रीय नेतृत्व का है। समय-समय पर वो प्रचारक देते हैं और समय-समय पर उनको दूसरी जिम्मेदारी देते हैं। आज की तारीख में वो जिम्मेदारी हमारे क्षेत्रीय संगठन मंत्री संभाल रहे हैं। जब केंद्रीय नेतृत्व को या हमारे परिवार को लगेगा किस पद पर किसको नियुक्त करना है तो ये उनका क्षेत्राधिकार है उनका सोच है। इसमें न मैं कुछ कह सकता हूं, न मेरा विषय है। इसलिए इस पर मेरे कोई विचार नहीं है।

**प्रश्नः पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं आप एक भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते पीएम मोदी के कार्यकाल की यात्रा को कैसे देखते हैं?**

**उत्तरः** प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी जैसा एक ऐसा व्यक्तित्व इस देश को मिला जिसका हर दिशा में हर विषय पर एक अलग सोच था। जैसे आप देखिए 2014 में जब वो प्रधानमंत्री बने तो देश विश्व की अर्थव्यवस्था में 11वें नंबर पर था। उनके सामने लक्ष्य था, भारत चौथे पर आए, तीसरे स्थान पर आए या चीन और अमेरिका के बराबर आ जाएं। लेकिन देश आगे निकल जाता। लेकिन गांव में एक गरीब की झोपड़ी पर पानी रिसता रहता। एक बहन चूल्हे पर खाना बनाती रहती। सरकारी योजनाओं का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचता। आप देखिए कितना बड़ा विजन था कि करोड़ों गरीबों के पक्के मकान बन गए, हर घर में चूल्हे की जगह उज्जवला गैस आ गई। लगभग 50 करोड़ लोगों के बैंक खाते खुल गए। कभी किसी घर में अगर फसल बर्बाद हो जाए तो किसान को आत्महत्या करने के अलावा कोई चारा नहीं रहता था। फसल बीमा योजना 70 साल पहले शुरू होनी चाहिए थी। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए फसल बीमा जैसी योजना लाए। आदिवासी, जनजाति क्षेत्र का मेरा अनुभव है कि वहां बाबा बीमार हो जाए तो नाती अपने बाबा की तरफ देखकर सोचता था कि इसे इलाज के लिए कहां लेकर जाऊंगा। लेकिन, अब वहीं नाती अपने बाबा से कहता है अब मोदी का आयुष्मान कार्ड और मेरा कंधा है तुम कितने भी बीमार रहो अब मैं तुम्हारा किसी शासकीय या निजी अस्पताल में इलाज करवाऊंगा। इतनी बड़ी सोच किसी पीएम की हो सकती है। देश, दुनिया में आगे जाएं। विदेश नीति अच्छी बने। इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छे बने, डेम अच्छे बने, इंडस्ट्री आए ये तो सब सोचते हैं, लेकिन वो व्यक्ति जो समाज में अपनी आवाज नहीं कह सकता उसके लिए भी जीने का काम किसी ने किया तो पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। इतना विजिनरी प्रधानमंत्री शायद अटलजी के बाद कोई आया तो वो हमारे मोदीजी हैं।

**प्रश्नः जब आप अध्यक्ष बने तो उस समय जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, अब छह महीने पहले नया चेहरा नितिन नबीन अध्यक्ष बने। क्या अनुभव रहा उनके संदर्भ में आपका?**

**उत्तरः** जब मैं अध्यक्ष बना तो जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जब में सांसद था तब से उनसे परिचय था। उसके बाद वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बने थे। नितिन नबीन से मेरा परिचय नहीं था। एक बार जब वो मध्यप्रदेश दौरे पर आए थे छत्तीसगढ़ के प्रभारी होने के नाते मेरी उनसे सहज मुलाकात हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के रूप में जब मैं उनसे मिला तो राजनीति के बारे में मेरी जो धारणा थी कि व्यक्ति अपना आभामंडल और पद के अनुरूप अपने व्यक्तित्व को विकसित कर लेता है। लेकिन व्यक्ति की गहराई क्या होती है। मैं उनके साथ बैठा। उन्होंने सहजता के साथ मुझसे हर विषय पर बात की। उन्होंने मुझे विश्वास दिलाया कि आपके मन में संगठन और सत्ता को लेकर कोई भी बात हो तो मुझसे खुलकर करें। मैंने हर चीज पर उनसे बात की। उन्होंने मुझे उसका समाधान भी दिया। उन्होंने मेरा विश्वास भी बढ़ाया। मैं समझता हूं सरलता और सहजता में नितिन नबीन जी का जैसा स्वभाव है तो हमको भी लगता है अपने मन में कोई भी सवाल आता है तो उनसे जरूर करना चाहिए। मैं तो कभी भी सहज ही उन्हें फोन कर लेता हूं। मेरे मन में कोई विषय उठता है तो उनसे बातचीत कर लेता हूं। मेरा बहुत ही सुखद अनुभव रहा है।

**प्रश्नः आपकी अध्यक्ष पद पर बने रहने की अभिलाषा है या पार्टी विचार करे कोई और दायित्व के संदर्भ में तो उसके लिए आग्रह है?**

**उत्तरः** जब भी मुझे किसी पद की जिम्मेदारी मिलती है तो उस पद का ईमानदारी से निर्वहन करना, उस पर मेहनत करना यही मेरा लक्ष्य रहता है। न तो मैंने अपने जीवन में कभी कोई लक्ष्य बनाया न आगे बनाऊंगा। हां, आगे पार्टी का संगठन मजबूत रहे ये मेरा लक्ष्य है। पार्टी आगामी सभी चुनाव में चुनाव जीते ये मेरा लक्ष्य है। हमारे जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का संगठन और सरकार पर भरोसा रहे ये मेरा लक्ष्य है। मेरे पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर जनता का भरोसा रहे ये मेरा लक्ष्य है। बूथ तक भारतीय जनता पार्टी मजबूत हो। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम और मजबूत हों। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जी की जो कार्य पद्धति और विचारधारा है वो नीचे तक जाए और कुशाभाऊ ठाकरे जैसे नेताओं ने जो इस प्रदेश को गढ़ा है ये प्रदेश इस देश में कार्यकर्ताओं के रूप में ही जाना जाए, संगठन का प्रदेश जाना जाए, कार्यकर्ताओं का प्रदेश जाना जाए ऐसी मेरी इच्छा है।

**प्रश्नः भाजपा प्रदेश कार्यालय के भवन के लोकार्पण का भी कोई लक्ष्य है?**

**उत्तरः** हम अक्टूबर तक उसका लोकार्पण कर देंगे, ऐसा हमारा लक्ष्य है। हमारा लक्ष्य है कि पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को अगले साल भाजपा के सभी 62 जिलों में पार्टी के कार्यालय बन जाएं। हमारा लक्ष्य है कि पार्टी लोगों के घर से न चले, पार्टी किसी व्यक्ति से न चले, पार्टी कार्यालय से चले। इस लक्ष्य की पूर्ति चाहे प्रदेश स्तर से हो या जिला स्तर पर हो।





गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध



UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/Computer)

PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)

DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION

Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षों का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500- रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R-5,6,7,10,11,12,19,20,21,25,26/6/26, 01,02,05,06,08

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6274



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -6273 का हल



## सूडोकु नवताल - 6284

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6283 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## खबर संक्षेप

### रुपया 67 पैसे कमजोर होकर 95.23 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 67 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.23 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी के कारण डॉलर-रुपये की विनिमय दर पर दबाव देखा गया।

### एचएमएसआई की बिक्री 2% बढ़कर 5.28 लाख इकाई पर



**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की कुल बिक्री जून, 2026 में 23 प्रतिशत बढ़कर 5,28,281 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में कंपनी ने 4,29,147 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,68,956 इकाई रही।

### वाटरवेज लीजर 16 प्रतिशत गिरावट के साथ सूचीबद्ध

WATERWAYS LEISURE TOURISM LIMITED

**नई दिल्ली।** कॉर्डेलिया क्रूज का संचालन करने वाली वाटरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 808 रुपये के मुकाबले करीब 16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 808 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 14.60 प्रतिशत टूटकर 690 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### एडविट ज्वेल्स का शेयर 37 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** आभूषण विनिर्माता कंपनी एडविट ज्वेल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 138 रुपये के मुकाबले करीब 37 प्रतिशत की तेजी के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 138 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 35.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 187 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### मोहंती ने इरेडा के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार संभाला




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के निदेशक (वित्त) बिजय कुमार मोहंती ने एक जुलाई से कंपनी के चेयरमैन एवं सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। प्रदीप कुमार दास के 30 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होने के बाद मोहंती को तीन महीने की अवधि के लिए सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सिन्हा ने गेल में निदेशक (वित्त) का पद संभाला

गेल GAIL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि एस.के. सिन्हा ने निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया है। कंपनी के अनुसार, सिन्हा इससे पहले कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के रूप में कार्यरत थे। वह 1994 में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में गेल से जुड़े थे और अब तीन दशक से अधिक के कार्यकाल के बाद निदेशक मंडल में शामिल हुए हैं। वह आर. के. जैन का स्थान लेंगे, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए।

# अमेरिका के निर्यात नियंत्रण हटने से एंथ्रोपिक की पहुंच हुई बहाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने उन्नत एआई मॉडल फेबल-5 और मिथोस-5 की पहुंच बहाल कर दी है। अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए इस महीने की शुरुआत में इन मॉडल पर निर्यात नियंत्रण लगाए थे जिसके कारण इन तक पहुंच रोक दी गई थी। कंपनी ने ब्लॉग में लिखा कि फेबल-5 एक जुलाई से दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के लिए क्लॉड डॉट एआई और क्लॉड कोवर्क सहित एंथ्रोपिक के विभिन्न मंचों पर उपलब्ध हुआ। वहीं, मिथोस-5 तक पहुंच 26 जून को अमेरिकी सरकार की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका के चुनिंदा संगठनों के लिए फिर से शुरू कर दी गई है।

- अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया था

## एंथ्रोपिक ने फेबल-5, मिथोस-5 एआई मॉडल की पहुंच बहाल की

### भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार

*एंथ्रोपिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' अमेरिकी सरकार के साथ कई सार्थक बातचीत के बाद हम नए वर्गीकरण तंत्र के साथ फेबल-5 मॉडल को फिर से उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि साइबर सुरक्षा से जुड़े अधिक कार्यों की पहचान कर उन्हें रोका जा सके। भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।*




### एंथ्रोपिक ने टीसीएस के साथ किया समझौता

*कंपनी ने हाल ही में टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) के साथ समझौता किया है, जिसके तहत उसके 50,000 कर्मचारियों को एंथ्रोपिक के एआई मॉडल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा कंपनी ने इन्फोसिस के साथ भी साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत क्लॉड मॉडल श्रृंखला का उपयोग कर उन्नत एंटरप्राइज एआई समाधान तैनात किए जाएंगे।*

### साझेदारों तक पहुंच बढ़ाने काम जारी

एंथ्रोपिक ने कहा कि अब वह अपनी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' पहल के तहत अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक साझेदारों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

### मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई

मामले से परिचित सूत्रों के अनुसार, हाल ही में भारत की कुछ सरकारी एजेंसियों और निजी कंपनियों को भी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' नामक साइबर सुरक्षा पहल के तहत मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई है। 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग', एंथ्रोपिक द्वारा अप्रैल, 2026 में शुरू किया गया एक विशेष साइबर सुरक्षा गठबंधन है।

### नए कारोबारी ऑर्डर नरम रहने से उत्पादन पर असर पड़ा

# देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ी: पीएमआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ गई। नए कारोबारी ऑर्डर और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने से खरीद, रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया। यह 2022 के मध्य के बाद से क्षेत्र की स्थिति में दूसरा सबसे कमजोर सुधार दर्शाता है।

### बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का कंपनियों ने उल्लेख किया

सर्वेक्षण के अनुसार, कई कंपनियों ने मांग की स्थिति में सुधार की बात कही, जबकि कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों की मांग कमजोर रहने और बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत की विनिर्माण पीएमआई मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया, जो विस्तार तो दर्शाता है लेकिन धीमी रफ्तार से। यह संकेत देता है कि पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी पहले की तेजी के बाद मांग में कुछ नरमी आई है।''

## यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई

भंडारी ने कहा, '' उत्पादन, नए ऑर्डर, निर्यात ऑर्डर और रोजगार सभी क्षेत्रों में वृद्धि की रफ्तार धीमी रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मार्च, 2023 के बाद सबसे कमजोर बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग जून में भी बढ़ी, लेकिन इसकी रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इसकी वजह कुछ यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई।



### कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दी

*कीमतों के मोर्चे पर, मांग की वृद्धि कमजोर पड़ने से वस्तु उत्पादक कीमतें बढ़ाने के प्रति कम उत्सुक दिखे। उत्पादन कीमतों में बढ़ोतरी मध्यम रही और पिछले तीन महीनों में सबसे कम दर्ज की गई। रोजगार के मोर्चे पर, कार्यभार स्थिर रहने और मांग का दबाव नहीं होने से कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दीं या उन्हें कम कर दिया।*

- अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने का असर पड़ा
- रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही
- जून में सूचकांक घटकर 54.2 पर आ गया

### विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया

बड़ी संख्या में विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया, जिससे समग्र कारोबारी आशावाद पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

*भर्ती गतिविधियां सीमित रहीं : क्षमता पर दबाव नहीं होने से वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में भर्ती गतिविधियां सीमित रहीं। इस बीच, मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा कमजोर पड़ा।*

# बैंक ऑफ इंडिया की सैफिया कॉलेज शाखा नए एवं आधुनिक परिसर में स्थानांतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

- ग्राहकों को मिलेंगी बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं

सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक ऑफ इंडिया की सैफिया कॉलेज शाखा, भोपाल का नवीन एवं आधुनिक परिसर में स्थानांतरण का बुधवार को हो गया। नवीन शाखा परिसर का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर निधि चौकसे ने किया। इस अवसर पर एफजीएम, एफजीएमओ संजय श्रीवास्तव एवं आंचलिक प्रबंधक, भोपाल अंचल विकास रंजन पटनायक विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बैंक के ग्राहकों, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सैफिया कॉलेज शाखा, जिसकी स्थापना 11 जुलाई 2002 को हुई थी, विगत लगभग 24 वर्षों से भोपाल शहर के ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निधि चौकसे ने कहा कि आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से युक्त यह नया परिसर क्षेत्र के नागरिकों को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने तथा बैंक की विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं एफजीएम, एफजीएमओ भोपाल संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक सदैव ग्राहक सेवा, विश्वास एवं नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन परिसर से शाखा व्यवसाय एवं ग्राहक सेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। आंचलिक प्रबंधक, भोपाल अंचल विकास रंजन पटनायक ने कहा कि सैफिया कॉलेज शाखा का नए परिसर में स्थानांतरण ग्राहकों की सुविधा एवं बेहतर सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रवि कुमार ने किया।

- सेंसेक्स 444 और निफ्टी 140 अंक चढ़ा
- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी दर्ज की गई

# शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट का सिलसिला थमा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच लगातार दो सत्र की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई।

बीएसई सेंसेक्स 443.97 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,922.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 631.41 अंक यानी 0.82 प्रतिशत चढ़कर 77,110.08 अंक तक पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 140.10 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,005.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में सबसे अधिक तेजी रही। वहीं एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर गिरावट में रहे। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, ''भारतीय शेयर बाजारों ने सकारात्मक रुख के साथ शुरुआत की और कारोबार के दौरान बढ़त बनाए रखी।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री जून में 37 प्रतिशत बढ़ी




**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में 37 प्रतिशत बढ़कर 1,06,207 इकाई हो गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 77,742 इकाई थी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि जून 2025 में 47,306 इकाई की तुलना में जून 2026 में उसकी घरेलू एसयूवी बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 60,393 इकाई हो गई। बयान के अनुसार, जून में कंपनी की घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री 35 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 26,076 इकाई रही। इस बीच, एक अलग बयान में महिंद्रा समूह के फार्म इक्विपमेंट बिजनेस (एफईबी) ने बताया कि जून 2026 में उसकी कुल ट्रैक्टर बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 59,935 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 53,392 इकाई थी।

# देश में बिजली की खपत जून में 11.62 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- जून में बिजली की खपत बढ़कर 166.46 अरब यूनिट पर
- देश में भीषण गर्मी पड़ने और मानसून में देरी से खपत बढ़ी

देश में भीषण गर्मी पड़ने और मानसून में देरी के कारण जून में बिजली की खपत 11.62 प्रतिशत बढ़कर 166.46 अरब यूनिट रही। मानसून में देरी और गर्मी के कारण एयर कंडीशनर जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ी है।

देश में कुल बिजली खपत बीते वर्ष जून में 149.13 अरब यूनिट थी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 264.76 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जो जून, 2025 में 242.77 गीगावाट थी। दक्षिण-पश्चिम मानसून चार जून, 2026 को केरल पहुंचा था। आम तौर पर, मानसून एक जून के आसपास केरल पहुंचता है। यह दक्षिण-पश्चिम मानसून आने (जून-सितंबर) का शुरुआत का संकेत होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जून में मानसून की धीमी गति के कारण लू की स्थिति बनी। इससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे 'कूलिंग' उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा।

## सोना 1,300 रुपए टूटा, चांदी 5,000 रुपए चढ़ी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 1,300 रुपए की गिरावट आई और यह 1.44 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। इसकी वजह वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और मजबूत डॉलर का इस कीमती धातु पर असर पड़ना था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 1,300 रुपए गिरकर 1,44,500 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और यह 5,000 रुपए बढ़कर 2,35,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने जारी किए आंकड़े

# यूपीआई के जरिए लेन-देन जून में रिकॉर्ड स्तर से नीचे

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये जून में लेन-देन मासिक आधार पर रिकॉर्ड स्तर से घटकर 28.9 लाख करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले महीने यह रिकॉर्ड 29.9 लाख करोड़ रुपए था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 22.72 अरब दर्ज की गई, जो इससे पिछले महीने 23.2 अरब थी। बीते महीने लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 28.9 लाख करोड़ रुपए था।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, बाणगंगा, नार्थ टी. टी. नगर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-89 मण्डल द्वारा श्रीमती निर्मला सिन्हा पत्नी श्री सुरेन्द्र प्रताप सिन्हा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 22/07/2006 को पंजीकृत है। श्रीमती निर्मला सिन्हा पत्नी श्री सुरेन्द्र प्रताप सिन्हा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती अरूना मिश्रा पत्नी श्री रजनीश कुमार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 11/06/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती अरूना मिश्रा पत्नी श्री रजनीश कुमार के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड / शेड क्रमांक-1396/ए मण्डल द्वारा श्री चन्द्रशेखर भार्गव आत्मज श्री ईशवरी प्रसाद भार्गव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/12/1993 को पंजीकृत है। श्री चन्द्रशेखर भार्गव आत्मज श्री ईशवरी प्रसाद भार्गव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अब्दुल रशीद खान आत्मज श्री अब्दुल वहीद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री अब्दुल रशीद खान आत्मज श्री अब्दुल वहीद खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING TENDER**

**System Tender No. 06/26-27/EE/E/BPL/2026_MPHID_516825**

Online tenders are invited for Repairing of existing installed 10 passenger TKE make lift in Block B and C at Dwarika Parisar, Bhopal for Rs. 3,41,450/- upto 07.07.2026. For other details please visit **https://www.mptenders.gov.in.**

/mphidb /mphidb
**Visit us :www.mphousing.in**
M.P. Madhyam/126673/2026

**EXECUTIVE ENGINEER (ELECT.)**
**DIVISION-ELECTRICAL, BHOPAL**
**PHONE : 0755-4228596**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Sewage Department**

Municipal Corporation 4th Flour Bmc Office, Tulsi Nagar, Bhopal

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.

| S. No | NIT No./ Call No | Tender ID | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 09/SEW/ BMC/ 2026-27 | 2026_UAD _486275_2 | PROVIDING AND LAYING OFSEWER LINE AND MANHOLE AT SANJAY NAGAR NEAR BANJARI MAIDAN WARD -80, ZONE-18 | 16,87,864,00 | 12,659,00 | 14.07.2026 |

**T.N.376/026/027**

**Executive Engineer Municipal Corporation, Bhopal, Dated-30.06.2026**

**BHOPAL SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**Zone -14, Bhopal Municipal Corporation, BHEL, Govindpura, Bhopal-462023 (M.P.)**
**Phone: 0755-2477770 Email: tenderqueries@smartbhopal.city/www.smartcitybhopal.org/**
**Sr.No. 371/MPBSCDCL/2026** **Bhopal Date : 30.06.2026**

Bhopal Smart City Development Corporation Limited Limited की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु MPBSCDCL/ TENDER No:- 321 ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| S. No. | Tender Name | Cost of Bidding Document (Nonrefundable) | Earnest Money Deposit/Bid Security | Period Of Work | Submission of Proposal End Date | Bid Opening Dated |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Selection of Service Provider for one time Maintenance with One-year DLP for Variable Refrigerant Flow (VRF) Variable Refrigerant Volume (VRV) Air Conditioning System of total 628 HP (Approx.) at Incubation Centre, Control and Command Centre and Offices. (Second Call) (MPBSCDCL/TENDER NO- 321) Tender ID- 2026_UAD_504392_2 | Rs. 5,000/- (Five Thousand Rupees Only) | Rs. 25,000/- (Twenty-Five Thousand Rupees Only) | 1 Months | 06-July-2026 06:00 PM | 07-July-2026 03:00 PM |

RFP दस्तावेज एवं निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।
म.प्र. माध्यम/126663/2026 **कार्यपालन यंत्री**

## चिंतन

# तनाव के बाद राहत की नई शुरुआत

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।



## कोर्ट का फैसला
प्रमोद भार्गव

# इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण



का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक समाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
ममता कुशवाहा



# आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों?

नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं। सरकार को सुरक्षा मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा, भवन निर्माताओं को अग्नि सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने होंगे और नागरिकों को जिम्मेदार उपभोक्ता बनना होगा। जब तकनीक के साथ सतर्कता, गुणवत्ता के साथ जिम्मेदारी और सुविधा के साथ सुरक्षा भी जुड़ जाएगी, तभी आधुनिक जीवन वास्तव में सुरक्षित, सुखद और विश्वासपूर्ण बन सकेगा।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत सरकार नहीं, जागरूक नागरिक होते हैं

# राष्ट्र केवल शक्ति से नहीं, आत्मसम्मान से भी बड़ा और मजबूत बनता है



राजीव खंडेलवाल
राजनीतिक विश्लेषक

पिछले डेढ़ साल में देश ने तीन ऐसी घटनाएं देखीं, जिन्होंने हमारी 'आन-बान-शान' को तार-तार कर दिया। एक तरफ देश की संप्रभुता पर चोट, दूसरी तरफ करोड़ों की धार्मिक आस्था पर संकट, और तीसरी तरफ शहीदों का भूतों न भविष्यति 'जिसकी मिसाल न मिले' ऐसा 'अपमान'। अमेरिका, खासकर राष्ट्रपति ट्रंप, पिछले 17 महीनों से भारत से कथित घोषित दोस्ताना व्यवहार के साथ अक्सर हमारी संप्रभुता व स्वाभिमान की 'धज्जियां उड़ा'रहे हैं। श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और जमीन खरीद में घपला सामने आया। ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 6 जवानों की खबर 13 महीने तक सात परदों में छिपाई गई। सवाल सिर्फ सरकार से नहीं, विपक्ष से भी है। विपक्ष ने 'हंगामा क्यों नहीं बरपाया? क्या विपक्ष इस्तीफा मांगने के लिए सरकारी अधिसूचना का मुंह ताक रहा था? इस देश में लाल बिहारी 'मृतक' को जिंदा साबित करने के लिए 18 साल तक दफ्तरों की धूल फांकनी पड़ी। वोट नहीं डाल सका। जमीन नहीं बेच सकता था। उसने अपनी अंतिम संस्कार की भी तैयारी की थी। मृतक संघ बनाकर आंदोलन चलाया। अंततः 1984 में जीवित घोषित हुआ। अमेरिका ने 5 अप्रैल 2026 को नो वन लेफ्ट बिहाइंड नीति पर चलकर अपनी एक घायल एयरमैन को ईरान की धरती से 48 घंटे के भीतर ही निकालने का उसके इतिहास का अभी तक का सबसे बड़ा खतरनाक सफल रेस्क्यू ऑपरेशन 155 विमान एयरक्राफ्ट्स की मदद से किया। यह उस देश की अपने एक सैनिक के प्रति दृढ़ समर्पण को दर्शाता है। राष्ट्र केवल शक्ति से नहीं, बल्कि आत्मसम्मान से भी बड़ा, मजबूत बनता है। हर किसी देश के स्वाभिमान पर चलते-फिरते चोट करने वाला शक्तिशाली देश अमेरिका को जवाब कैसे देते हैं? यह दुनिया के कुछ देशों से सीखिए। ऑस्ट्रेलिया के टर्नबुल, कनाडा के ट्रूडो, डेनमार्क की मेटे फ्रेडरिक्सन, स्वीडन के स्टीफन लोफवेन, जर्मनी की मर्केल, फ्रांस के मैक्रों, मेक्सिको के पेना नीटो और क्लाउडिया शीनबाम, तुर्की के एर्दोआन इन सबने ट्रंप की धमकियों के सामने आंख में आंख डालकर बात की। किसी ने ग्रीनलैंड न बेचा, किसी ने दीवार का पैसा देने से मना किया। अब भी अगर हमारी रगों में खून न खौले, मतलब! क्या हमारी संवेदनाएं मर चुकी हैं?

इससे पहले कि इतिहास हमें बेजुबान, बेजमीर कौम के तौर पर याद करे। हम जरा सोच लें। क्या हम इतने पत्थरदिल हो गए हैं कि राजनीतिक चश्मा पहनकर शहादत को तोड़ने लगे? लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत सरकार नहीं, जागरूक नागरिक होते हैं। इतिहास उन समाजों को याद रखता है, जो प्रश्न पूछते हैं - और उन समाजों को भी, जो चुप रह जाते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- मनीषा अग्रवाल, हिसार*

## ट्रेंड

### विजया मेहता को श्रद्धांजलि



दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के ज़रिए अहम योगदान दिया।
**- नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### इज़राइल दौरा



हम इज़राइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेज़ी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इज़राइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नई ईवी पॉलिसी



दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैज़ेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### विकास का अगला चरण



इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

## करंट अफेयर


# अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट




अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं। वह करीब 30 वर्षों से रंगोली की प्राचीन लोककला से जुड़ी हुई हैं। इस डाक टिकट को जेनिफर अर्नोल्ड ने डिजाइन किया है और विलियम जे. गिकर इसके कला निदेशक हैं। यूएसपीएस ने बताया कि दिवाली पर आधारित यह डाक टिकट अक्टूबर में जारी किया जाएगा। यूएसपीएस ने कहा, 'हिंदू पंचांग के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में शामिल दिवाली हर वर्ष शरद ऋतु में मनाई जाती है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली आमतौर पर पांच दिन तक मनाई जाती है। वर्ष 2026 में त्योहार का मुख्य दिन आठ नवंबर को होगा।'

## ऑफ बीट

# कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा



सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था-चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग 10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इनमें इस्तेमाल हो चुके रॉकेट के हिस्से, निष्क्रिय या क्षतिग्रस्त उपग्रह तथा अति सूक्ष्म कण भी शामिल हैं। वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े कचरे के करीब 36,000 टुकड़े हैं, जबकि इससे छोटे कणों की संख्या करोड़ों में है। अनुमान है कि इस पूरे मलबे का कुल वजन 13,486 टन है। इस मलबे में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका, रूस और चीन का है। अंतरिक्ष मलबा इसलिए बेहद खतरनाक है क्योंकि यह लगभग सात किलोमीटर प्रति सैकंड की औसत गति से पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा होता है। इतनी तेज गति से होने वाली एक टक्कर किसी उपग्रह को पूरी तरह तोड़ सकती है तथा उससे और भी अधिक अंतरिक्ष मलबा पैदा हो सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## संत हिरदारामजी के अवतरण दिवस 21 सितंबर की की पूर्व संध्या पर होगा मेडिकल कैंप का आयोजन

# भारत विकास परिषद ने किया डॉक्टरों को सम्मानित, गरीबों के लिए लगाया जाएगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



डॉक्टरों को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

डॉक्टर्स-डे पर भारत विकास परिषद संत हिरदाराम नगर शाखा ने संत नगर के डॉक्टर्स का पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. जीटी खेमचंदानी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लाल कुमार किशनानी, डॉ. दिलीप चोटरानी, डॉ. राजकुमारी चोटरानी, डॉ. राजेश वलेचा, डॉ. शीतल बालानी, डॉ. दुर्गेश खेमचंदानी, डॉ. पूनम खेमचंदानी, डॉ. सुरेश भंभानी, डॉ. राकेश गुलानी, डॉ. सुनील आसवानी, डॉ. गीता गुवालानी, डॉ.मूलचंदानी, डॉ. प्रेरणा उपाध्याय (सेवा सदन), डॉ. गुलाब टेवानी (आरोग्य केंद्र) डॉ. सतीश आडवानी का सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में कमल प्रेमचंदानी, धर्म प्रकाश मोटवानी, एसी साधवानी, गुलाब जेठानी, दिनेश वाधवानी, किशन उदासी, भोजराज आसूदानी, भगवानदास दामानी प्रमुख थे। डॉ. टीके ज्ञानचंदानी एवं डॉ. संस्कार सोनी शहर से बाहर थे। डॉ. सुरेश भंभानी ने बताया कि संत हिरदारामजी के अवतरण दिवस 21 सितंबर की पूर्व संध्या पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के एयरपोर्ट रोड स्थित नवीन परिसर में मेडिकल कैंप लगाया जाना प्रस्तावित है, जिसमें भारत विकास परिषद के सदस्य भी अपनी सेवाएं देंगे।

### डॉक्टर्स-डे पर लगाया एनीमिया निवारण शिविर

## शासकीय अस्पताल परिसर में किया पौधरोपण


पौधरोपण करते डॉक्टर।

**औबेदुल्लागंज।** नेशनल डॉक्टर्स-डे पर सर्वनिदान हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 1 से 7 जुलाई तक एनीमिया निवारण शिविर लगा रहा है। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं ब्लॉक प्रभारी डॉ. ओम प्रजापति, गौहरगंज जेल प्रभारी, सर्वनिदान हेल्थकेयर के संचालक ऋषभ जैन, डॉ. अनीषा भारती तथा शासकीय अस्पताल की चिकित्सक एवं स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति में हुआ। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण भी आवश्यक है। जीवताशा फाउंडेशन के सचिव कार्तिक जैन ने फाउंडेशन द्वारा संचालित पर्यावरण प्रहरी अभियान के संबंध में बताया।

### निशिता फिलिंग सेंटर ने दी पेट्रोल पर डॉक्टरों को छूट

नेशनल डॉक्टर-डे पर निशिता फिलिंग सेंटर ने डॉक्टरों के सम्मान में सराहनीय पहल की। फिलिंग सेंटर पर डॉक्टरों को पेट्रोल और डीजल पर 8 प्रति लीटर तथा सीएनजी पर 5 प्रति किलो की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी इस सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों ने भी निशिता फिलिंग सेंटर की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक संदेश देने वाला कदम बताया। नडॉक्टरों ने संचालकों का आभार व्यक्त किया।






कार्यकर्ताओं के साथ विधायक पटवा।

### पेट्रोल पंप पर पटवा ने किया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन

**औबेदुल्लागंज।** बुधवार को विधायक सुरेंद्र पटवा अचानक पार्षद दीपू परमार के नायरा पेट्रोल पंप पर पहुंचे और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### युवक से लूट के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** प्रार्थी को छुरी मारकर गंभीर रूप से घायल कर मोबाइल फोन एवं जेब में रखे 950 रुपए लूट कर फरार होने वाले अभियुक्त अजय अहिरवार सूर्यवंशी पुत्र कमल सूर्यवंशी आयु 20 वर्ष, निवासी- एमजीएम स्कूल के पीछे सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगीराज पाण्डेय ने भादंसं की धारा- 397 एवं आयुध अधिनियम की धारा -25(1-बी)(बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा करने पर उक्त राशि प्रार्थी को प्रतिकर स्वरूप दिलायी जाने के आदेश भी न्यायाधीश ने पारित किए हैं । प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई थी।

### फोटो वायरल करने की धमकी, महिला से दुष्कर्म

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में 30 साल की महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला झाड़फूंक के लिए ससुर के घर जाती थी, वहीं गांव के युवक का आना-जाना था। उसने ससुर की गैरमौजूदगी में दुष्कर्म किया और कुछ फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद चार महीने से महिला का दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी का मोबाइल चेक करने पर वीडियो और फोटो नहीं मिले हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी का लंबा समय बीत जाने के बाद भी संतान नहीं हो रही थी। ससुर द्वारा झाड़फूंक की जाती थी। ससुर और पति की गैरमौजूदगी में गांव का युवक शारीरिक संबंध बनाए।

### शरद यादव ने जीवन जनता को समर्पित किया

**संतनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. शरद यादव की जयंती पर कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह मण्डलोई के नेतृत्व में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा के साथ नमन किया गया। इस अवसर पर मण्डलोई ने कहा कि स्व. शरद यादव ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। देश के विकास, सामाजिक समरसता एवं जनता की सेवा के प्रति उनका समर्पण भाव सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

### अमृत प्रोजेक्टः कंपनी इजिस ब्लैकलिस्टेड

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने केंद्र सरकार की अमृत-2.0 योजना में लापरवाही बरतने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एजिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी ने योजना से जुड़े कार्यों में अपेक्षित जिम्मेदारी नहीं निभाई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 289 | 94 | 446 |
| रातः | 130 | 48 | 125 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 230 | 57 | 458 |
| रातः | 670 | 31 | 489 |

### नर्मदा एक्सप्रेस में उप मुख्य टिकट निरीक्षक का बैग चुराया

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर कारोबारी का साढ़े तीन लाख रुपए से भरा बैग चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन पर अज्ञात बदमाश ने कारोबारी का साढ़े तीन लाख रुपए की नगदी से भरा बैग चुरा लिया। हद तो उस समय हो गई जब बदमाशों ने नर्मदा एक्सप्रेस में ड्यूटी कर रहे उप मुख्य टिकट निरीक्षक का ही बैग चुरा लिया। एक अन्य वारदात बदमाश ने इंटरसिटी एक्सप्रेस में की और महिला का हैंड बैग चुरा लिया। पर्स में नगदी सहित जेवर थे। बदमाश मय पर्स 84 हजार रुपए का माल चुराकर ले गया है।

जीआरपी के अनुसार पंचमुथू एस (59) वयाक्कादू सीलीयमपति, थाना मल्लीगडई, जिला सेलम तमिलनाडू में रहते हैं। वे अपने बेटों के साथ जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के कोच एस टू में बर्थ नं. 35, 38, 41 पर भोपाल से सेलम की यात्रा कर रहे थे। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन पर पहुंची। पंचमुथू प्लेटफार्म नंबर छह पर उतरे और अपना सारा सामान सिर के पास रख कर सो रहे थे। नींद खुली तो सिर के पास रखा बैग नहीं था। बैग में इस्तेमाली कपड़े, दैनिक उपयोगी सामान, बोरिंग मशीन का आरसी कार्ड और नगदी साढ़े तीन लाख रुपए बैग सहित चोरी हो चुके थे। घटना की शिकायत उन्होंने तत्काल जीआरपी को दी। जीआरपी स्टाफ ने रेलवे स्टेशन पर आरोपी और बैग की तलाश की। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर-1 के बाहर रेल डाक घर के पास बैग लावारिस हालत में पड़ा मिला। बैग में इस्तमाली कपड़े, दैनिक उपयोगी सामान रखा था, लेकिन उसमे रखी नगदी, आरसी कार्ड व मोबाइल नहीं था।

### टिकट चेक करने निकले उप मुख्य निरीक्षण का बैग ले गए




जीआरपी के अनुसार रविन्द्र कुमार (49) इंदौर में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि रतलाम डिवीजन में उप मुख्य टिकट निरीक्षक हैं। उनकी ड्यूटी नर्मदा एक्सप्रेस में थी। उन्हें ट्रेन में भोपाल से इंदौर तक टिकट चेक करने थे। ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपना पिट्ठू बैग कोच बी 3 के बर्थ नंबर 7 की सीट के नीचे रख दिया। बाद में टिकट चेक करने के लिए निकल गए। ट्रेन सीहोर रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई थी। वह कोच में पहुंचे और अपना बैग चेक किया, लेकिन सीट की नीचे रखा बैग चोरी हो चुका था। बैग में रेलवे रिफंड सर्टिफिकेट बुक, कंपलेंट बुक, चार्जर, लोवर टीशर्ट एक हजार रुपए की नगदी सहित उनकी दवाइयां थी, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

### महिला यात्री का हैंड बैग चोरी

कमलापति जीआरपी ने बताया कि माया राजपूत भोपाल में रहती हैं। वह अपनी बहन के साथ इंटरसिटी एक्स के कोच डी-5 वर्थ नं. 61 और 62 पर रेल्वे स्टेशन इटारसी से रानीकमलापति की यात्रा कर रही थी। यात्रा पूरी होने पर जल्दीबाजी में उनका एक हैंड बैग ट्रेन में छूट गया। याद आने पर वह ट्रेन में पहुंची, लेकिन हैंड बैग नहीं मिला। बैग में सोने की पंचाली करीब पांच ग्राम, नगदी डेढ़ हजार रुपए, 20 नई साड़ियां थी, जो कोई बदमाश बैग सहित चुराकर ले गया। बदमाश उनके बैग सहित 84 हजार रुपए का सामान चुराकर ले गया है।

### सेना के लेखा परीक्षक के खाते से निकाले 2.14 लाख रुपए

कोहेफिजा पुलिस ने सेना के लेखा परीक्षक की शिकायत पर साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। साइबर ठग ने लेखा परीक्षक के दो अलग क्रेडिट कार्ड से कुल 2.14 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। पुलिस ने बताया कि अरचय चक्रवर्ती (34) विट्ठल नगर लालघाटी में रहते हैं। वह मूलतः मयूर रेसीडेन्सी, लखनऊ के हैं और सेना में लेखा परीक्षक हैं। वह स्थानतरण पर 23 अप्रैल को भोपाल आए हुए हैं। 15 जून को वह मोबाइल टेबिल पर रख कर आराम कर रहे थे। साढ़े तीन बजे उनकी नींद खुली और उन्होंने मोबाइल चेक किया। इस दौरान मोबाइल से सारी एप्लीकेशन डिलीट हो गई थी। मोबाइल पर गुगल अकाउंट लॉगइन नहीं हो रहा था। 30 मिनट बाद लॉगइन हुआ और उन्होंने सीआरईडी एप डाउनलोड किया। इसके बाद उनके अलग क्रेडिट कार्ड से 75 हजार रुपए और 1.20 लाख रुपए कट गए। उन्होंने अपना खाता चेक किया तो खाते से 19 हजार रुपए का पेमेंट अतिरिक्त हुआ था। यह पेमेंट साधना फिलिग स्टेशन नाम से हुआ था। अज्ञात जालसाज ने खाते से 2.14 लाख रुपए हेरफेर किया है।



पोल को तोड़कर चौराहे पर खड़ा ट्रक।

हादसे के बाद कार पलटकर हुई क्षतिग्रस्त

## व्यापमं चौराहे पर ट्राले ने कार को मारी टक्कर, चार युवकों को मामूली चोट


हादसे के बाद पलटी कार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित व्यापमं चौराहे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात ट्राले ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलट गई।

इस हादसे में कार में सवार चार दोस्तों को मामूली चोट आई हैं, जबकि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर ट्राले के चालक पर मामला दर्ज कर ट्राला जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार लक्ष्य गौर पिता महेंद्र गौर (22) क्रोमा शोरूम के सामने इंद्रपुरी सेक्टर सी थाना पिपलानी में रहता है और पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे रात अपने दोस्त आकाश चौधरी, अनिमेश यादव, युवराज चौधरी और मनीष के साथ कार से जेल रोड से जा रहा था। जेल रोड होते हुए उसे आकाश चौधरी के घर सागर इडन गार्डन मिसरोद जाना था।

### टक्कर से कार पलट गई

व्यापमं चौराहे पर पहुंचते ही 6 नंबर मार्केट की तरफ जाते समय चौराहे की तरफ से आ रहे ट्राले के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक ट्राला चलाते हुए कार में बांई तरफ पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लक्ष्य की कार पलट गई। इस हादसे में कार में बैठे दोस्त अनिमेश यादव और लक्ष्य को चोट आई हैं। ट्राले की टक्कर लगने से कार के सभी शीशे, छत, बोनट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है।

### करंट लगते ही गिरने से ठेले से टकराया था सिर

## इलेक्ट्रिक भट्टी से करंट लगने से टी-स्टॉल संचालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पीरगेट के पास इमामीगेट पर इलेक्ट्रिक भट्टी से करंट लगने से टी-स्टॉल संचालक की मौत हो गई। घटना 21 जून की दोपहर की है। हमीदिया अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से औबेदुल्लागंज निवासी चेतराम कहार (53) बीते 15 साल से पीरगेट के पास चाय-नाश्ते का ठेला लगाता था। 21 जून की दोपहर वह अपने ठेले पर बैठकर ग्राहकों को चाय और नाश्ता परोस रहा था। ठेले पर ही इलेक्ट्रिक भट्टी रखी थी।



इलेक्ट्रिक भट्टी का बिजली का तार एक जगह से कटा हुआ था। चेतराम को इसकी जानकारी नहीं थी। ग्राहकों को नाश्ता परोसने के दौरान कटे तार से हाथ टच होते ही उन्हें जोरदार का झटका लगा और वह बेसुध होकर ठेले से नीचे गिर गए। नीचे गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों ने फौरन उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था।

### घर के मंदिर में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड करोंद में बुधवार सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश तीसरी मंजिल पर बने मंदिर वाले कमरे में पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार खुशी पांडेय पिता धर्मेंद्र पांडेय (19) मूलतः बिहार की रहने वाली थी। परिवार यहां भोपाल में लंबे समय रहता है। उसके पिता 12 दुकान के पास परिवार के साथ रहते हैं।

### राष्ट्र की समृद्धि एवं समस्त प्राणियों के कल्याण की कामना की

## विश्वशांति महायज्ञ एवं भव्य शोभायात्रा के साथ आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, रेलवे स्टेशन के पास 8 दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का मंगलवार को विश्वशांति महायज्ञ एवं भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा के साथ समापन हो गया।

अंतिम दिन आयोजित महायज्ञ में विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि एवं समस्त प्राणियों के कल्याण की कामना की गई। आयोजन समिति के दिलीप पहाड़िया ने बताया कि समापन से पूर्व श्रद्धालुओं ने 1008 अर्घ्य समर्पित कर पुण्यार्जन किया।


धार्मिक अनुष्ठान करते श्रद्धालु।

### जिनेंद्र भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

मंगलवार को निकली भव्य शोभायात्रा में विमान में विराजित जिनेंद्र भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। हाथों में धर्मध्वज लिए श्रद्धालु जयघोष करते हुए मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से निकले। विभिन्न स्थानों पर श्रीजी की आरती उतारी गई और शोभायात्रा का स्वागत किया गया। पुनः मंदिर पहुंचने पर शांतिधारा, अभिषेक एवं मंगल आरती के साथ विधान का समापन हुआ। पूरे विधान का संचालन विधानाचार्य संजीव भैया (कटंगी), अंकित भैया (भिलाई) एवं सुजन भैया (गंजबासौदा) के सानिध्य में संपन्न हुआ। आयोजन में रक्तदान, फल वितरण, गोसेवा एवं वस्त्रदान जैसे सामाजिक सेवा कार्यक्रम भी हुए।

### उमरिया स्थित प्राचीन बावड़ी पर जल गंगा संरक्षण अभियान के तहत बावड़ी महोत्सव का आयोजन

# विधायक पटवा ने पारंपरिक जल स्त्रोतों और पर्यावरण संरक्षण का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज द्वारा संचालित जल गंगा संरक्षण अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत बावड़ी महोत्सव का समापन सोमवार को उमरिया स्थित प्राचीन बावड़ी पर किया गया। प्राचीन बावड़ी का पूजन किया गया। इसके बाद परिसर की साफ-सफाई, आकर्षक साज-सज्जा एवं दीप प्रज्वलन कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर लोगों को पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि जल, जंगल और जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्त्रोतों एवं पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से जल संरक्षण अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।


पूजन-अर्चन कार्यक्रम में विधायक पटवा शामिल हुए।

### अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का पटवा का आह्वान

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा विधायक प्रतिनिधि अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव, जनपद पंचायत सीईओ निखिलेश कटारे, तहसीलदार हेमंत शर्मा, नायब तहसीलदार निलेश सरबटे, सीएमओ किरण राहंगडाले, ब्लॉक समन्वयक निशा वाहेकर, दीपू परमार बागिश अग्रवाल नरेश सेठी सुजीत यादव, राजेंद्र साहू (गुड्डू भैया) सुनील सेरिया, आरती यादव, जीतू नंदवंशी राहुल नागर एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने नागरिकों से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

### समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य का विधायक ने लिया जायजा



विधायक सुरेंद्र पटवा ने औबेदुल्लागंज में लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने जा रहे आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पटवा ने कहा कि विकास, जनसुविधा और जनकल्याण के प्रति हमारा संकल्प निरंतर जारी है। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे, नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, दीपू परमार, बागिश अग्रवाल, नरेश सेठी आदि मौजूद रहे।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा को जन्मदिन की बधाई दी



बुधवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पटवा ने भगवान पशुपतिनाथ देवड़ा के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। वहीं विधायक सुरेंद्र पटवा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प

# मप्र पर्यटन की 8 यूनिट्स को मिला ट्रिप एडवाइजर्स ट्रेवलर्स च्वॉइस का अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व विख्यात पर्यटक मार्गदर्शी संस्था ट्रिप एडवाइजर' यूएस. (यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका) के ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड-2026 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की 8 इकाइयों ने ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स च्वाइस अवार्ड मिला। निगम के प्रबंध संचालक दिलीप यादव ने बताया कि पलाश रेसीडेंसी भोपाल, एमपीटी व्हाइट टाइगर फॉरेस्ट लॉज, बांधवगढ़, एमपीटी नीलांबर स्काईलाइन, पचमढ़ी एमपीटी अमलतास, पचमढ़ी एमपीटी ग्लेन व्यू, पचमढ़ी एमपीटी देवदारू बंगला, पचमढ़ी एमपीटी चंपक बंगला, पचमढ़ी एमपीटी बघीरा जंगल रिजॉर्ट मोचा को ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स च्वाइस अवार्ड मिला।

एमपीटी पलाश रेजीडेंसी

भोपाल ने लगातार सातवें वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया




एमपीटी नीलांबर स्काईलाइन पचमढ़ी।



एमपीटी ग्लेन व्यू,रिजॉर्ट पचमढ़ी।

## मध्यप्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि

प्रबंध संचालक यादव ने निगम की इकाइयों को विश्व स्तरीय अवार्ड प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विषय न केवल मध्यप्रदेश पर्यटन अपितु संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इकाईयों को सम्मान जनक स्थान तक पहुँचाने में इकाईयों के सभी प्रबंधकों के कुशल प्रबंधन एवं मार्गदर्शन के साथ सभी कर्मचारियों का सर्वाधिक योगदान है।

### इन्हें मिलता है ट्रेवलर्स च्वॉइस अवॉर्ड

ट्रिप एडवाइजर का ट्रेवलर्स च्वॉइस अवार्ड, होटल्स, रिसोर्ट्स, होमस्टे और अन्य पर्यटन इकाईयों को अतिथियों, यात्रियों की वास्तविक समीक्षाओं और रेटिंग्स के आधार पर दिया जाता है। यह अवार्ड सेवा, स्वच्छता, स्थान, सुविधाएं और अनुभव की रेटिंग्स के आधार पर दिया जाता है।

---

आधी-अधूरी तैयारियों के साथ यूनेस्को को भेजा था प्रस्ताव

# भोपाल का 'लिटरेचर सिटी' बनने का सपना टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क (यूसीसीएन) यूनेस्को का एक प्रमुख शहरी कार्यक्रम है, जिसे 2004 में उन शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था, जिन्होंने संस्कृति और रचनात्मकता को सतत शहरी विकास के रणनीतिक चालक के रूप में मान्यता दी है। यूसीसीएन में भोपाल को शामिल करने का प्रस्ताव भी दिया गया था लेकिन प्रथम दृष्टया यह प्रस्ताव खारिज हो गया है। हालांकि यूनेस्को ने भोपाल को नए सिरे से डोजियर बनाकर फिर से समिट करने का एक अवसर दिया है।इसके लिए विंडो अगले साल 2027 खुलेगी। नगर निगम और पर्यटन बोर्ड अगले साल के लिए प्रस्ताव की कमियों को दूर कर नया डोजियर भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

नेटवर्क में 90 देशों के लगभग 300 शहर हैं शामिल

क्रिएटिव सिटी नेटवर्क (यूसीसीएन) में यूनेस्को द्वारा शहरों को सात श्रेणियों में मान्यता दी जाती है। इसमें शिल्प और लोक कला, रचना, फिल्म, पाक कला, साहित्य, संगीत और मीडिया आर्ट शामिल है।नेटवर्क में लगभग 90 देशों के लगभग 300 शहर हैं।

**भोपाल की साहित्यिक विरासत आती दुनिया के सामने :** मध्य प्रदेश का ग्वालियर वर्ष 2023 में संगीत सिटी के रूप में इसमें शामिल हुआ है। वहीं केरल का कोझिकोड साहित्य सिटी के रूप में पहले से दर्ज है। भोपाल के यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल होने से भोपाल की साहित्यिक विरासत दुनिया के सामने आती।




राजधानी की साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रवींद्र भवन।

**अगले वर्ष नए प्रस्ताव का मौका, फिर से डोजियर भेजने की तैयारी**

### लखनऊ को मिली क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनामी की मान्यता

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने भोपाल मेयर द्वारा हस्ताक्षरित डोजियर जनवरी- 2025 में केंद्रीय संस्कृति विभाग को भेजा था। संस्कृति विभाग ने इसे यूनेस्को को भेजा। यूनेस्को ने इस प्रस्ताव को अपने मानकों के उपयुक्त नहीं माना और उसे मंजूरी नहीं मिली है। जबकि इसी अवधि में यूनेस्को ने लखनऊ को क्रिएटिव सिटी आफ गैस्ट्रोनामी (अवधि व्यंजन) के रूप में अधिमान्यता दी है।

## महापौर कर चुकीं हस्ताक्षर

इसके लिए गत वर्ष जनवरी के पहले सप्ताह में महापौर मालती राय ने एप्लीकेशन और डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर किए थे। इसे पहले संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया। संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित होने पर डोजियर यूनेस्को को प्रेषित किया गया था। चूंकि यूनेस्को यूसीसीएन के लिए हर दो साल में एक देश से एक शहर को नामित करता है, जिसमें वर्ष 2025 के लिए लखनऊ को शामिल किया गया है। अब वर्ष 2027 में इसके लिए प्रस्ताव लिए जाएंगे।

### इस आधार पर भेजा था प्रस्ताव

राजा भोज के द्वारा 1010 ईसवीं में साहित्य सृजन से शुरू हुई स्वर्णिम विरासत भोपाल को साहित्य सृजन और संरक्षण के क्षेत्र में विशेष बनाती है। हिंदी के साथ-साथ उर्दू, सिंधी, पंजाबी आदि भाषाओं में साहित्यकारों द्वारा भोपाल में साहित्य सृजन किया गया है।

राजधानी में साहित्य की विभिन्न विधाओं में लिखने वाली 25 से अधिक पद्मश्री से सम्मानित विभूतियां निवासरत हैं। भोपाल में संस्कृति विभाग द्वारा 150 से ज्यादा सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन और भारत भवन द्वारा 20 से अधिक वार्षिक आयोजन किए जाते हैं। 70 से अधिक लाइब्रेरी और रीडिंग सेंटर्स हैं। इसके साथ ही समुदायों और संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।इनमें टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव विश्वरंग और भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल प्रमुख हैं।

**हमने फिर से तैयारी शुरू कर दी है...**

यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क (यूसीसीएन) में भोपाल को शामिल कराने के लिए हमने फिर से तैयारी शुरू कर दी है। नए सिरे से डोजियर तैयार कर यूनेस्को को भेजा जाएगा। इसमें नई उपलब्धियों को भी शामिल किया जाएगा।

**प्रशांत सिंह बघेल,** सलाहकार (योजना), मप्र पर्यटन बोर्ड

---



कालीबाड़ी में अपने-अपने मेथड कार्यशाला का शुभारंभ

# जीवन-संवेदनाओं को सच्चाई से जीने की प्रक्रिया है अभिनय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभिनय की कला को केवल संवाद अदायगी या मंच पर प्रस्तुति तक सीमित न मानते हुए उसे जीवन और संवेदनाओं को सच्चाई से जीने की प्रक्रिया के रूप में समझने के उद्देश्य से द्वारा आयोजित 20 दिवसीय रंगमंच एवं अभिनय कार्यशाला अपने अपने मेथड का शुभारंभ बुधवार को कालीबाड़ी परिसर में हुआ। कार्यशाला का संचालन अभिनेता, रंगकर्मी एवं अभिनय प्रशिक्षक तानाजी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



### परिस्थितियों को ईमानदारी से जीने की कला अभिनय

कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया तथा रंगमंच और अभिनय की मूल अवधारणाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पहले सत्र का विषय 'अभिनय क्या है' रहा। इस दौरान तानाजी ने बताया कि अभिनय केवल किसी पात्र की नकल करना या संवाद बोलना नहीं, बल्कि परिस्थितियों, भावनाओं और अनुभवों को ईमानदारी और सच्चाई के साथ जीने की कला है।

---




# स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की राष्ट्रीय रेटिंग में मध्यप्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धि

प्रदेश के 10 विद्यालय राष्ट्रीय रेटिंग में, रतलाम का जावरा और भोपाल का कमला नेहरू सांदीपनि स्कूल शीर्ष पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

राष्ट्रीय चयन सूची में मध्यप्रदेश के 10 विद्यालय विभिन्न श्रेणियों में चयनित हुए हैं, जिसमें शहरी वगज़ के अंतगज़्त रतलाम जिले के सांदीपनि विद्यालय जावरा ने प्रथम और राजधानी भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं, देवास जिले की शासकीय माध्यमिक शाला झिकड़ाखेड़ा ग्रामीण श्रेणी में दूसरे स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसके अंतगज़्त सुरक्षित पेयजल, बाल-अनुकूल शौचालय, हाथ धुलाई सुविधाएं, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, वर्षा जल संचयन, हरित परिसर विकास, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली गतिविधियों तथा व्यवहार परिवतज़्न आधारित गतिविधियों सहित विभिन्न मानकों पर विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान पाने के लिए विद्यालय स्व-मूल्यांकन कर आवेदन करते हैं।

**चयनित 10 विद्यालयों को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मिलेगी 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि**

### 78 हजार से अधिक स्कूलों की सहभागिता

इस वर्ष राज्य स्तर पर व्यापक जन-भागीदारी एवं जागरूकता के परिचायक के रूप में प्रदेश की कुल 78,149 शालाओं द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग के तहत स्व-मूल्यांकन प्रक्रिया में सहभागिता की गई थी। विभिन्न तकनीकी एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं के आधार पर राज्य स्तर से कुल 20 विद्यालयों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए नामांकित किया गया था, जिसमें से मध्यप्रदेश के 10 विद्यालयों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।

---

ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाई एआई शिक्षा

# एआई साक्षरताः आईसेक्ट को एआई लिटरेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026

1.80 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचाई एआई साक्षरता, अब एक करोड़ का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा को देश के अंतिम छोर तक पहुंचाने और भविष्य उन्मुख कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए आइसेक्ट इंडिया को 7वें 'एआई लिटरेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देशभर में नवाचार, रणनीतिक साझेदारियों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से एआई साक्षरता को बढ़ावा देने तथा युवाओं को भविष्य की कार्यसंस्कृति के लिए तैयार करने में संस्था के योगदान को मान्यता देता है। आईसेक्ट इंडिया अब तक 1.80 लाख से अधिक लोगों तक एआई साक्षरता और डिजिटल कौशल पहुंचा चुका है तथा वर्ष 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई साक्षर बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 65 हजार से अधिक केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित समुदायों तक एआई शिक्षा पहुंचा रही है। संस्था द्वारा संचालित एआई कौशल रथ, युवा—एआई फॉर ऑल और के पासपोर्ट टू अर्निंग (पी2ई) जैसे कार्यक्रमों ने हजारों युवाओं को भविष्य उन्मुख तकनीकी कौशल से सशक्त बनाया है।

---

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का 23वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

# बर्थ डे डांस के साथ शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने 1 जुलाई को संस्था का 23वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक सदस्य, रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण पीसी गुप्ता एवं दिनेश अग्रवाल रहे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक नंदा, प्राधानाचार्या दीप्ति सिंह, उप-प्राचार्य ताविश जुबेरी, प्रबंधन समिति सदस्य, अभिभावक, षिक्षकों एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों का परिचय देते हुए सम्मान किया। संस्था की प्राधानाचार्या दीप्ति सिंह ने स्कूल की पिछले 23 वर्षो की यात्रा के बारे मे बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा कई प्रस्तुतियां दी गई जिसमें मुख्य रूप से ब्लूमिंग बड्स बर्थडे डांस, संगीत प्रस्तुति, शास्त्रीय नृत्य एवं वेस्टर्न डांस रहे। संस्था द्वारा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 मे प्राप्त उपलब्धियों के लिए जिनमें छात्रों की 100 उपस्थिति, मेधावी छात्र सम्मान, शिक्षकों के लिए संस्था मे निरंतर 10वर्षो की सेवा एवं 100उपस्थिति के लिये सम्मानित किया गया।






---

बेतवा नदी पुनरुद्धार परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने के लिए प्रशिक्षण

# विशेषज्ञों ने जैव विविधता संरक्षण-नेचर बेस्ड सॉल्यूशन विषयों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत बेतवा नदी के पुनरुद्धार से संबंधित परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा नेचर बेस्ड सॉल्यूशन विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।




सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के ज्योति प्रसाद ने व्याख्यान देते हुए उपचारित जल एवं स्लज के प्रभावी उपयोग, संसाधनों के संरक्षण तथा सतत शहरी मलजल प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आईआईटी इंदौर के प्रो. मनीष कुमार गोयल ने संरक्षण, पुनर्जीवन एवं विकेन्द्रीकृत नियोजन के लिए नवाचार आधारित उपकरणों की जानकारी दी। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के वरिष्ठ निदेशक सुरेश बाबू ने पौधारोपण के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन पर अपने विचार साझा किए। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय स्थित यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क के वैज्ञानिक प्रभारी डॉ. फैयाज ए. खुदसर ने फ्लडप्लेन पुनर्स्थापन के एकीकृत दृष्टिकोण पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए नदी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में इसकी उपयोगिता बताई।

तकनीकी सत्र में बीबीएयू, लखनऊ के प्रो. वेंकटेश दत्ता ने एनबीएस के माध्यम से छोटी नदियों के पुनर्जीवन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद वेटलैंड इंटरनेशनल के डॉ. असगर नवाब ने आर्द्रभूमि (वेटलैंड) पुनर्स्थापन एवं पारिस्थितिक संरक्षण पर जानकारी दी। द नेचर कंजरवेंसी के डॉ. सुदीप्तो चटर्जी ने नेचर बेस्ड सॉल्यूशन के माध्यम से नदी पुनर्जीवन पहल के विभिन्न सफल उदाहरणों को साझा किया।

अंतिम तकनीकी सत्र में एबीएस, महाराष्ट्र की स्वाति राजेश धोतकर ने जलकुंभी के उपयोग एवं प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुए इसके वैज्ञानिक प्रबंधन तथा उपयोग आधारित संभावनाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया।



अरुणाचल और असम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

# चौहान ने रिजिजू और खांडू संग बाढ़ प्रभावित अरुणाचल में किया हवाई सर्वे, प्रभावितों को हर संभव मदद देने का दिलाया भरोसा

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी / अमरावती

अरुणाचल प्रदेश और असम में मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अरुणाचल में कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि असम के धेमाजी जैसे जिलों में 45,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सड़कें और पुल बह गए हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है।अरुणाचल में सबसे ज्यादा 12 जिले प्रभावित हुए हैं। केमी नदी में 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पसी घाट-पांगिन मार्ग पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने से नेशनल हाईवे-13 बाधित हुआ है।

## केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी



जमीन पर नुकसान का जायजा लेते मंत्री शिवराज और रिजिजू

अरुणाचल में आई भीषण बाढ़ के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी दौरा किया है। चौहान ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार इस संकट में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। चौहान ने केयी पान्योर जिले समेत कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।

### नए मकान बनवाएंगे मुआवजा देंगे

उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत सर्वे कराया जाएगा और जिनके घर बह गए हैं, उनके लिए नए मकान बनवाए जाएंगे। खेतों में हुए नुकसान, फसलों की बर्बादी, पशुधन की हानि, का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### चौहान ने सामुदायिक प्रयासों को सराहा


चौहान ने स्थानीय लोगों की ओर से किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और सुरक्षा दीवार बनाने के काम में खुद भी हाथ बंटाया।

### सरकार लोगों की मदद करेगीः रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बार अरुणाचलऔर असम में बाढ़ बहुत ज्यादा आई है। जो भी मदद केंद्र सरकार द्वारा दी जा सकेगी वो हम करेंगे। केंद्र और राज्य सरकार राहत दे रही है।

मुंबई-ठाणे से लेकर कोंकण तक आफत की बारिश

## बही कार, धंसी सड़क और पानी में फैला करंट



**मुंबई।** मुंबई,ठाणे,नवी मुंबई और कोंकण के इलाके बेहाल गए हैं। कई जगहों पर जलभराव के कारण गाड़ियां पानी में डूब गईं, तो कहीं अधूरी सड़कों और गड्ढों की वजह से मीलों लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ठाणे जिले के डोंबिवली में भारी बारिश के कारण शीलफाटा-भारत गियर्स मार्ग पर पानी इतना ज्यादा भर गया कि कई गाड़ियां उसमें आधी से ज्यादा डूब गईं। एक तरफ की सड़क भी पूरी तरह से बंद हो गई है। डोंबिवली के ही एमआईडीसी इलाके में एक घर पर आम का एक विशाल पेड़ गिर गया।

## खबर संक्षेप

### 'काला हिरण' विवाद याचिका पर टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** सलमान खान और फिल्म 'काला हिरण' के बीच जारी विवाद अब कोर्ट तक खिंच गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने फिलहाल सुनवाई को सोमवार तक के लिए टाल दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान फिल्म के मेकर्स ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सोमवार तक न तो फिल्म रिलीज की जाएगी और न ही ट्रेलर लॉन्च किया जाएगा।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, 3 होटल ध्वस्त



**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 साल की लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को मामले से जुड़े 3होटलों को ध्वस्त कर दिया। इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जेसीबी से होटल खुंगर, जॉय इन और होटल सफायर को जमींदोज कर दिया।

### चड्ढा को दिल्ली हाई कोर्ट से नहीं मिली अंतरिम राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सांसद राघव चड्ढा के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया। चड्ढा ने आरोप लगाया था कि वे आप छोड़कर भाजपा में गए तो उनके खिलाफ मानहानि करने वाले कॉन्टेंट फैलाए गए।

### दोगुनी पार्किंग, निर्माण बंद, दिल्ली में 'पाबंदी'



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सर्दियों के प्रदूषण से निपटने 'मास्टर प्लान' नोटिफाई कर दिया है। ये नियम 1 नवंबर से 28 फरवरी तक लागू रहेंगे। बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को ईंधन नहीं मिलेगा और पूरे साल लागू रहेगा। 1 नवंबर से 31 जनवरी तक तोड़फोड़, सिविल निर्माण कार्य नहीं होंगे।

आरोपी के तर्क को किया खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# आरोपी को चार्जशीट की प्रति नहीं मिलने मात्र से डिफॉल्ट जमानत का हक नहीं मिल जाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि किसी आरोपी को आरोप-पत्र (चार्जशीट) की प्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने को डिफॉल्ट जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एक आरोपी की ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी गई थी। आरोपी का तर्क था कि उसे चार्जशीट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, इसलिए उसे डिफॉल्ट जमानत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 193(8) के तहत चार्जशीट की अतिरिक्त प्रतियां दाखिल नहीं किए जाने से स्वयं चार्जशीट अमान्य नहीं हो जाती।



*न्यायमूर्ति करोल और सिंह की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा*

### 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य

अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की तरह ही बीएनएसएस के तहत भी डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी उत्पन्न होता है, जब जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर, जैसा भी मामला हो, चार्जशीट दाखिल नहीं करती। पीठ ने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत निर्धारित प्रारूप में चार्जशीट दाखिल हो जाने के बाद डिफॉल्ट जमानत का अधिकार समाप्त हो जाता है।

### साइबर ठगी से जुड़े मामले पर हो रही थी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक मामले में गिरफ्तार आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह मामला करीब 3.81 करोड़ रुपये की कथित बड़े पैमाने की साइबर ठगी से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार, अज्ञात साइबर अपराधी अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसके लिए वे फर्जी पहचान, जाली दस्तावेज और अन्य तकनीकी तरीकों का उपयोग करते हैं।



### फिर भी चार्जशीट की प्रति हमें नहीं दी गई आरोपी बोला

जांच एजेंसी का यह भी दावा है कि साइबर ठगी से हासिल रकम को बैंक खातों में जमा कराने में कुछ बैंक अधिकारी भी उनकी मदद कर रहे हैं। आरोपी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत की मांग करते हुए कहा था कि भले ही चार्जशीट निर्धारित समयसीमा के भीतर दाखिल कर दी गई थी, लेकिन उसे उसकी प्रति नहीं दी गई।

शीर्ष कोर्ट में उठा '370 की बिरयानी' वाला मुद्दा

## स्टैंड-अप, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर लगेगी लगाम

गुरुग्राम में कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान '370 बिरयानी' वाली विवादित कॉमेडी का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। इस याचिका में स्टैंड-अप कॉमेडी, पॉडकास्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बने कंटेंट के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने की मांग की गई। वकील विशाल तिवारी ने यह याचिका दायर की है। याचिका में हाल ही में ऑनलाइन फैलाई गई कुछ गलत जानकारी का भी जिक्र किया। दावा किया गया था कि भारत के कई जज और केंद्रीय मंत्रियों ने लंदन में टैक्सपेयर्स के पैसे से बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।



स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणीत मोरे, वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

### फेक न्यूज वायरल करने वालों पर लगे लगाम

याचिका में कहा गया है कि इस तरह की फेक न्यूज बहुत कम समय में तेजी से फैलती हैं। इस तरह की गुमराह करने वाली खबरें संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज, आजादी और मर्यादा को लेकर सवाल खड़े करती हैं। इन पर लगाम लगे।

मोइत्रा का भारी विरोध, बोलीं

## काले झंडे दिखाए... अंडे भी फेंके और पुलिस देखती रही




एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। यह घटना पलाशी में हुई, जब वह 21 जुलाई शहीद दिवस कार्यक्रम की तैयारी से जुड़ी एक बैठक में शामिल होने आई थीं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्तरां के बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और उन पर अंडे फेंके। मोइत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कृष्णानगर स्थित कार्यालय पर अंडे और सब्जियां फेंककर हमला किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें भीड़ को उन पर अंडे फेंकते हुए देखा गया। उन्होंने लिखा, भाजपा के गुंडों द्वारा हमला किया जा रहा है और पश्चिम बंगाल पुलिस देख रही है।

### मैं सांसद...पुलिस और अदालत भी संज्ञान नहीं ले रही

उन्होंने कहा कि देखिए क्या हो रहा है। पुलिस के सामने यह भाजपा की भीड़ है। मैं पिछले एक घंटे से यहां खड़ी हूं। मैंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य सभी को फोन किया है। लेकिन पुलिस बैठकर देख रही है। सीआरपीएफ भी देख रही है। महुआ ने कहा यह मेरा इलाका है। मैं सांसद हूं। मैं कार्यालय में हूं। मैं यहां से नहीं जाऊंगी। कृपया इनके चेहरे देखिए। कल पश्चिम बंगाल सरकार इसे नकार देगी। कोई पुलिस संज्ञान नहीं लेगी। कोई अदालत संज्ञान नहीं लेगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले

### अंडे फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं



इस बीच, भाजपा के राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अंडा फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने अंडे फेंकने की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसी गतिविधियों से दूर रहें, जिससे पार्टी की छवि देशभर में खराब हो सकती है।


जेपीसी की रिपोर्ट तैयार

## 30 दिन जेल में रहे तो जाएगी कुर्सी, मानसून सत्र में होगी पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

13वें संशोधन विधेयक का प्रस्ताव संसद की संयुक्त समिति यानी जेपीसी के पास है। इसमें मंत्रियों को हिरासत में लिए जाने पर, 30 दिन बाद उन्हें पद से हटाने का प्रावधान भी है। 17 जुलाई को जेपीसी की कमेटी इस प्रस्ताव पर रिपोर्ट पारित कर सकती है।

रिपोर्ट में सबसे विवादित प्रावधान को बरकरार रखने की संभावना है। जेपीसी के पास भेजे गए इस प्रस्ताव के विवादित खंड में यह प्रावधान है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या



अन्य मंत्रियों को गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाता है या हिरासत में लिया जाता है, तो 30 दिन तक हिरासत में रहने के चलते उन्हें स्वतः पद से हटा दिया जाएगा। जेपीसी राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कानून के दुरुपयोग से बचने के लिए कुछ सतर्क सुझाव भी शामिल कर सकती है।

गृहमंत्री शाह से मिली हाई लेवल कमेटी

## जनसांख्यिकीय में होगा बड़ा बदलाव, जल्द सिफारिशें मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमेटी ऑन डेमोग्राफिक बदलाव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। समिति ने बताया कि वह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जमीनी स्तर पर जानकारी जुटाएगी तथा मंत्रालयों से भी जनसंख्या में बदलाव पर फीडबैक लेगी।



### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का करेगी दौरा

समिति ने शाह को बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरों को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इससे संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पहले ही आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। शाह ने सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिया कि समिति को उसके नियमित कार्यों और दौरों के दौरान हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

विजय को हटाने की साजिशः विधायक इलैयाराजा की शिकायत पर 3 अरेस्ट

## 35 करोड़ रुपए का ऑफर देकर 15 विधायकों से कहा था दें 'इस्तीफा'

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में विजय के नेतृत्व वाले टीवीके विधायक ने दावा किया कि उन्हें सदन अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। विधायक एन. इलैयाराजा की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके तार डीएमके नेता सेंथिल



बालाजी और उनके भाई वी अशोक कुमार से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस साजिश में टीवीके के 15 विधायकों के एक साथ इस्तीफे की साजिश रचकर सरकार गिराने की योजना थी।

### आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म का लिया नाम

इलायाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म के एक व्यक्ति ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए 35 करोड़ की पेशकश की थी। थिरुनावुक्करासु ने उनसे संपर्क किया। दावा किया कि वह इंडियन पॉलिटिकल डेमोक्रेटिक स्ट्रैटेजीज नामक एक जनमत सर्वेक्षण संगठन का प्रमुख है।

बेंगलुरु के डे केयर में मासूमों से ऐसी दरिंदगी कि रूह कांप जाए

5 महिला केयरगिवर्स को नोटिस

## वॉशिंग मशीन में डाला, जेट स्प्रे मुंह पर मारा और बाथरूम में किया बंद

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

यहां कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस में चल रहे एक डेकेयर सेंटर में बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 5 महिला केयरगिवर्स पर छोटे बच्चों के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार करने का आरोप है और उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब जब एमएनसी के ऑन-साइट क्रैश ही सुरक्षित नहीं हैं, तो माता-पिता बच्चों को किसके भरोसे छोड़ सकते हैं। वे खुद सहमे हैं।

### दुर्व्यवहार का मामला

### बच्चों को डराया-धमकाया



आरोप है कि इन महिलाओं ने 2-3 साल के बच्चों को डराया-धमकाया। उन्होंने बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के ड्रम में जबरदस्ती बिठाया, वेस्टर्न-स्टाइल टॉयलेट सीट पर बिठाया, टॉयलेट जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी की बौछार की और उन्हें चुप कराने के लिए बाथरूम में बंद कर दिया।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

एचएएल पुलिस स्टेशन में 5 महिला केयरगिवर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित बच्चे कम उम्र के हैं और आईटी कंपनी के कैंपस में स्थित डेकेयर सुविधा में भर्ती थे।

मद्रास हाईकोर्ट ने दोषियों की याचिका खारिज कर कहा

## बच्चियों से यौन शोषण हत्या से भी बड़ा जघन्य अपराध, फांसी बरकरार

एजेंसी ▶▶ केरल

6 से 8 साल के बीच की तीन बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में पॉक्सो अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए शख्स की मौत की सजा को मद्रास हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा है कि अभियोजन पक्ष ने अपने इस मामले को संदेह से परे साबित कर दिया है और बच्चों के खिलाफ अपराध को हत्या से भी अधिक जघन्य अपराध बताया गया है।

मौत की सजा को लेकर दोषी ने हाईकोर्ट में अपील की थी लेकिन कोर्ट ने उसकी यह याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा कि तीनों बाल पीड़ितों की गवाही समय के साथ कुछ मामूली बदलावों के बावजूद सुसंगत, स्वाभाविक और विश्वसनीय थी। अदालत ने पॉक्सो अधिनियम और भारतीय



दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोष सिद्ध होने की पुष्टि की है। इनमें गंभीर यौन उत्पीड़न, आपराधिक धमकी, घर में जबरन घुसपैठ और अवैध कारावास शामिल हैं।

### दोषी पर लगे बेहद गंभीर आरोप

अभियोजन पक्ष की तरफ से कहा गया कि आरोपी लगभग साल भर तक प्रत्येक शनिवार को बच्चियों को बार-बार घर में बुलाता था। उन्हें चाकू से धमकाता और उनका यौन उत्पीड़न करता था। इस दुर्व्यवहार का खुलासा तब हुआ, जब एक पीड़ित बच्ची की मां ने बेटी को दूसरी बच्ची से इन घटनाओं के बारे में बात करते हुए सुना। पुलिस ने मामला दर्ज किया। बचाव पक्ष के तर्कों में कहा गया कि मजिस्ट्रेट के समक्ष बच्चों के बयानों और मुकदमे के दौरान गवाही में विसंगतियां थीं। इस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि अदालतों को मामूली बातों के बजाय मुख्य आरोपों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस दौरान पीठ ने कहा कि अदालत को सही और गलत में फर्क करना होगा।

### शिकायत में देरी बचाव का आधार नहीं

हाईकोर्ट ने इसके साथ ही यह भी फैसला सुनाया कि बाल यौन शोषण के मामलों में शिकायत दर्ज करने में देरी अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि यौन अपराधों के मामले में और बच्चों से संबंधित मामले में शिकायत दर्ज करने में देरी कभी भी बचाव का आधार नहीं हो सकती। अदालत ने यह भी कहा कि परिवार अक्सर बदनामी और कानूनी कार्यवाही के आघात के कारण शिकायत दर्ज करने से हिचकिचाते हैं।

अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की हमारी एकमात्र उम्मीद भारत और अमेरिका का साथ है। भारत लगभग 20-25 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है

अमेरिकी सीनेटर ने भारत को बताया भरोसेमंद

# मेरा फोन मेरे साथ भारत जाता है, चीन कभी नहीं

भारत पर आंख मूदकर भरोसा कर सकते हैं, चीन पर नहीं

चीन से जुड़ना सिर्फ जोखिम कम करने के लिए आवश्यक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस ने भारत की जमकर तारीफ की है। स्टीव डेंस मोंटाना से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर हैं। उन्होंने भारत को भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त बताया है।

वॉशिंगटन में यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए स्टीव ने भारत और चीन के बीच सुरक्षा के नजरिए से एक बड़ा फर्क भी समझाया। उन्होंने कहा कि भारत पर आंख मूंदकर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन चीन पर कभी नहीं।


मोंटाना के रिपब्लिकन अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस

### चीन से निपटने के लिए भारत की भूमिका अहम

स्टीव डेंस ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि जब मैं चीन की यात्रा करता हूं, तो मेरा फोन मेरे साथ बीजिंग नहीं जाता। वह वॉशिंगटन में ही रहता है। लेकिन जब मैं भारत जाता हूं, तो यह फोन मेरे साथ आता है। यह एक बहुत भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त होने का उदाहरण है। मैं चीन में ऐसा नहीं कर सकता। डेंस ने कहा कि चीन से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका को लेकर अमेरिका को ज्यादा रणनीतिक नजरिया अपनाना चाहिए।

### भारत-अमेरिका संबंध दुनिया के लिए महत्वपूर्ण

स्टीव डेंस ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जो रिश्ते हैं, वे न सिर्फ हमारे दोनों देशों के लिए अहम हैं, बल्कि मुझे लगता है कि वे दुनिया के लिए भी अहम हैं। हालांकि, अमेरिकी सीनेटर ने यह भी कहा कि अमेरिका, चीन से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता। हमें चीन से जुड़ने की जरूरत है, हमें जोखिम कम करने की जरूरत है।

### भारत-अमेरिका में मजबूत सहयोग पर दिया जोर

भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग पर जोर देते हुए सीनेटर ने कहा कि चीन हर साल लगभग 35 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है। वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की हमारी एकमात्र उम्मीद भारत और अमेरिका का साथ है। भारत लगभग 20-25 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है। अमेरिका लगभग 10 लाख तैयार करता है।

रूस को सैन्य तकनीक और उपकरण आपूर्ति का आरोप था

# अमेरिका ने बरती नरमी, प्रतिबंध सूची से 4 भारतीय कंपनियों के नाम हटाए

अमेरिका ने उन चार भारतीय कंपनियों के नाम अपनी प्रतिबंध सूची से हटा दिए हैं, जिन पर रूस के सैन्य-औद्योगिक अड्डे को उन्नत तकनीक और उपकरणों की आपूर्ति करने का आरोप था। इन कंपनियों के नाम अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की विशेष रूप से नामित नागरिक और प्रतिबंधित व्यक्तियों (एसडीएन) की सूची से हटा दिए गए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, इन 4 कंपनियों में हैदराबाद स्थित आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्रा. लिण और लोकेश मशीन्स लि., अहमदाबाद स्थित गैलेक्सी बियरिंग्स और नई दिल्ली स्थित शौर्य एयरोनॉटिक्स प्रा. लि. शामिल हैं। अमेरिका ने अक्टूबर 2024 में गैलेक्सी बियरिंग्स लि. पर प्रतिबंध लगाया था और उस पर रोलर बियरिंग्स एवं रोलर असेंबली सहित दर्जनों उच्च प्राथमिकता वाले दोहरे उपयोग उपकरणों को रूसी संस्थाओं को निर्यात करने का आरोप लगाया था। शौर्य एयरोनॉटिक्स प्रा. लि. पर रूस को राडार उपकरण, रेडियो नौवहन सहायता उपकरण, रेडियो रिमोट कंट्रोल उपकरण और इलेक्ट्रिकल उपकरण की खेप भेजने का आरोप था। अमेरिका ने आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज पर रूस की आर्टेक्स लि. कंपनी को माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स की 100 से ज्यादा खेप भेजने का आरोप लगाया था जो एसडीएन-सूची में शामिल है। लोकेश मशीन्स पर रूस की कई विनिर्माण कंपनियों को मशीन टूल्स की कई खेप भेजने का आरोप लगा था।

## खबर संक्षेप

### भारत पहुंची जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची

**नई दिल्ली।** जापान की पीएम सनाए ताकाइची बुधवार को अपनी तीन दिवसीय (1 से 3 जुलाई तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंच गई हैं। यहां पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत (रेड कार्पेट) किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि जापान की प्रधानमंत्री की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और अधिक आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



### विदेश सचिव को मिला एक वर्ष का कार्य विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी को एक साल का कार्य विस्तार दे दिया है। जिसकी अवधि 1 जुलाई 2026 से अगले साल 14 जुलाई 2027 तक होगी या अगले आदेश तक यह निर्णय प्रभावी रहेगा। यह जानकारी केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने दी है। समिति द्वारा ही विदेश सचिव के कार्यकाल को एक साल के लिए आगे बढ़ाया गया है। मिसरी वर्ष 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। जून 2024 में उन्होंने विदेश सचिव के रूप में अपना कार्यभार संभाला था।



### 'ग्रेट इमिग्रेंट्स-2026' सूची में 4 भारतीयों को स्थान

**ह्यूस्टन।** साइबर सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े निकेश अरोड़ा और हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर महजरीन बनजी सहित चार भारतीय-अमेरिकियों को वर्ष 2026 के लिए 'कार्नेगी कॉर्पोरेशन ऑफ न्यूयॉर्क' की प्रतिष्ठित 'ग्रेट इमिग्रेंट्स, ग्रेट अमेरिकन्स' सूची में स्थान मिला है। इस सूची में शामिल अन्य सम्मानित भारतीय-अमेरिकी हस्तियों में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर डॉ. संजीव चोपड़ा और 'वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स' की अध्यक्ष एवं सीईओ रेशमा केवलरमानी शामिल हैं।



जेएएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर गिरफ्तार, रावलकोट में प्रदर्शनकारियों ने दी चेतावनी

# पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं, दमन नहीं रुका तो भारत में शामिल हो जाएंगे

पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में इस्लामाबाद के नियंत्रण को बड़ा झटका लगा है। महंगाई, आर्थिक संकट, जरूरी खाद्य पदार्थों और राशन की आपूर्ति पर रोक व प्रशासनिक विफलता से भड़के हजारों प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान को सीधी चुनौती देते हुए मंच से खुलेआम कहा कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। अगर उनके दमन का सिलसिला नहीं रुका, तो वे स्थायी रूप से भारत के साथ जाने पर विचार कर सकते हैं।


शौकत नवाज मीर

पाकिस्तान के प्रशासनिक दमन के खिलाफ पीओके के रावलकोट के ईदगाह मैदान में हजारों लोग 22 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की अगुआई में चल रहा है। जेएएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को दो साथियों के साथ धीरकोट के सांगर फत्तारे इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पीओके में जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया है। शौकत नवाज मीर समेत जेएएसी के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना देने वालों के लिए पाकिस्तान सरकार ने 1 करोड़ के इनाम की घोषणा की थी।

» पीओके में जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता हिरासत में

» नवाज मीर पर पाकिस्तान ने एक करोड़ रुपए का इनाम रखा था


रावलकोट में प्रदर्शन करते लोग

### पाकिस्तान की जरूरत नहीं: अमन खान

पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने ईदगाह मैदान में उमड़े जनसैलाब के सामने कहा कि पीओके पाकिस्तान का नहीं है। हमें पाकिस्तान की जरूरत नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व के लिए पीओके की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें आपके राशन की जरूरत नहीं, आपको हमारी जरूरत है। अगर जरूरी सामान की सप्लाई बंद रही तो लोग जिंदा रहने के लिए दूसरा रास्ता चुनने को मजबूर होंगे।

### पीओके की खोल देंगे सीमाएं

नौ जून से प्रदर्शनकारियों का एक समूह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास धरने पर है। अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं और ऐसा हुआ, तो इस्लामाबाद को पीओके के लोगों से रुकने की भीख मांगनी पड़ेगी। अमन खान का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर जरूरी सामान की सप्लाई रोक रही है।

### आंदोलन, अब राजनीतिक मुद्दा बना

पीओके में दशकों के राजकीय दमन, महंगाई व प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ 38 सूत्रीय मांगों को लेकर जन विद्रोह शुरू हुआ है। वे पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को 'असल कश्मीरी नहीं' बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया। जेएएसी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत केस भी दर्ज किए गए हैं।

### आजादी मिलने तक जन विद्रोह नहीं थमेगा

आवाज दबाने के लिए नागरिकों पर जुल्म किया जा रहा है। सरकार ने 5 जून को जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है। पीओके प्रवासी विद्रोह के समर्थन में अलग-अलग देशों में पाकिस्तानी दूतावासों और उच्चायोगों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, आंदोलनकारियों ने साफ कह दिया है कि यह विद्रोह मुजफ्फराबाद समेत सभी हिस्सों के पाकिस्तानी कब्जे से आजादी मिलने से पहले नहीं थमेगा।

### इंटरनेट बंद, 22 मौतों का दावा


पीओके की जमीनी हकीकत दुनिया के सामने न आए, इसके लिए पाकिस्तानी सरकार ने 5 जून से क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं बंद कर रखी हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन की तस्वीरें और वीडियो बाहर जाने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पिछले दो हफ्तों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है।

117 प्रमुख हस्तियों ने मोदी-शहबाज को पत्र लिखा

# बोले- दुश्मनी खत्म करें, बातचीत का रास्ता चुनें, रिश्ते फिर शुरू हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए दोनों देशों की 117 हस्तियों ने पीएम मोदी और पाक पीएम शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि टकराव नहीं, बातचीत का रास्ता चुनिए, ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके। इन 117 हस्तियों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं।



भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं। अपील में दोनों सरकारों से लंबे समय से चली आ रही शत्रुता को समाप्त करने का आग्रह किया गया है। हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने कहा कि यह शत्रुता लाखों युवाओं को अवसर, समृद्धि और सुरक्षित भविष्य से वंचित कर रही है। पत्र में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान मिलकर लगभग एक-पांचवें मानव समुदाय का घर हैं। दोनों देशों के लोग शांति, विकास और सहयोग से परिभाषित भविष्य के हकदार हैं।

### सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस ने जारी किया पत्र

यह पत्र 'सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस' के चेयरमैन ओपी शाह ने 30 जून को जारी किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि पूर्ण राजनयिक संबंधों की वकालत करते हुए नई दिल्ली और इस्लामाबाद में उच्चायुक्तों को फिर से नियुक्त किया जाए। सामान्य वीजा सेवाएं शुरू करने और सभी लंबित मुद्दों पर व्यापक द्विपक्षीय बातचीत फिर से शुरू की जाए। 2004 और 2007 के बीच तय फ्रेमवर्क पर विचार करते हुए जम्मू-कश्मीर पर चर्चा करने की मांग की गई है। दोनों देश 'वैध सुरक्षा चिंताओं' को ध्यान में रखते हुए सेना की तैनाती कम करें। तीर्थयात्रियों के लिए दोनों देश करतारपुर साहिब कॉरिडोर और शारदा पीठ को फिर से खोलें। व्यापार के रास्ते फिर से खोले जाएं। दोनों देश सामान्य व्यावसायिक संबंध बहाल करें। 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' या उसके बराबर का व्यापार समझौता फिर से लागू करें। अटारी-वाघा जमीनी सीमा को फिर से खोलने पर सहमति बने। दिल्ली-लाहौर बस सेवा, श्रीनगर-मुजफ्फराबाद बस सेवा, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर से शुरू किया जाए। करगिल-स्कार्दू रूट खोलने के साथ-साथ कमर्शियल उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र फिर से खोलने की भी मांग।

### भाजपा ने पत्र लिखने की आलोचना की

इस घटनाक्रम पर जम्मू-कश्मीर के विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने कहा कि बातचीत का आह्वान करना गलत है। पत्र लिखे जाने की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद कम हो रहा है, ऐसे में बातचीत का समय उचित नहीं है। शर्मा ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान से जुड़ाव के मामले केवल भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने ऐसे बयानों को निंदनीय बताया और कहा कि भविष्य की पीढ़ियां इन्हें माफ नहीं करेंगी।

पाक में तोड़ा गया ऐतिहासिक गुरुद्वारा

# भारत ने निंदनीय, बर्बरतापूर्ण कृत्य में शामिल दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान द्वारा पंजाब प्रांत के फारूकाबाद में स्थित श्री गुरु सिंह सभा साहिब नामक 125 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारे को तोड़े जाने के मामले की बेहद कड़े अंदाज में निंदा की है। साथ ही जल्द से जल्द इस अत्यंत निंदनीय व बर्बरतापूर्ण कृत्य की निष्पक्षता से जांच करने और इसमें शामिल सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं, इस घटना को लेकर पाकिस्तान में सिख समुदाय के लोगों में खासा रोष है। जिसकी वजह से स्थानीय प्रशासन ने गुरुद्वारे वाले इलाके को सील कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के हिसाब से गुरुद्वारे के गुंबद को तोड़ा गया है। जिसकी तस्वीरें प्रचार माध्यमों में काफी वायरल हुई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना भारत के लिए न केवल बेहद दुख पहुंचाने वाली है। बल्कि यह हमारे लिए काफी परेशान करने वाली भी है। सिख समुदाय इसे लेकर आक्रोशित है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का फ्रांस दौरा

# आर्थिक और निवेश संबंधों पर रहेगा ध्यान, कई द्विपक्षीय वार्ताएं भी होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को फ्रांस के आधिकारिक दौरे की शुरुआत की, जहां वह भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आर्थिक सहयोग को गहरा करने और निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगी। इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम फ्रांस के ऐक्स-एन-प्रोवेंस में आयोजित होने वाला भारत-फ्रांस आर्थिक एवं वित्तीय संवाद (ईएफडी) होगा। इस बैठक की सह-अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त, औद्योगिक ऊर्जा और डिजिटल संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर करेंगे। इस संवाद के दौरान दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों की तलाश करेंगे और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे।



# भारत-थाईलैंड नौसेना का संयुक्त युद्धाभ्यास




**सत्ताहिप।** भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस शक्ति और आईएनएस कवरत्ती ने थाईलैंड के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में शामिल हुए। इन युद्धपोतों ने थाईलैंड के सत्ताहिप दौरे के बाद रॉयल थाई नेवी के युद्धपोत एचटीएमएस चाओ फ्राया के साथ पासएक्स (पासिंग एक्सरसाइज) में हिस्सा लिया। यह अभ्यास समुद्र में मित्र देशों की नौसेनाओं के आमने-सामने आने पर आयोजित किया जाता है। नौसेना ने बताया कि इस अभ्यास ने दोनों नौसेनाओं के बीच समन्वय और संयुक्त संचालन क्षमता को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया तथा समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

भारतीय सशस्त्र बलों में नई नियुक्तियां

# एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, वीएसएम ने 1 जुलाई 2026 को भारतीय वायु सेना में उप प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। एयर मार्शल को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था। वे 3,500 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव रखते हैं।


आशुतोष दीक्षित


संदीप जैन


राजेश पुष्कर

### लेफ्टिनेंट जनरल संदीप बने सेना के उप प्रमुख

लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, एवीएसएम, एसएम ने सेना के उप प्रमुख (वीसीओएएस) का पदभार ग्रहण किया। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 1 जुलाई, 2026 को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे 13 जून, 1987 को वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए।

### लेफ्टिनेंट जनरल पुष्कर ने दक्षिणी कमान का कार्यभार संभाला

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर एवीएसएम, वीएसएम ने दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, एवीएसएम, एसएम का स्थान लिया है। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा, एवीएसएम, एसएम ने जयपुर स्थित दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण कर लिया है। जून 1989 में 47 बख्तरबंद रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले जनरल ऑफिसर के पास 37 वर्षों से अधिक का विशिष्ट सेवा का अनुभव है, जिसमें कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण संबंधी सभी महत्वपूर्ण स्तरों पर कार्य शामिल हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अराघची की अमेरिका को दो टूक

# तेल अवीव के चहेतों को काबू करो, वरना अंजाम बुरा होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ वॉशिंगटन

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने सर्वोच्च नेता पर इजराइल की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की और अमेरिका को धमकी दी है कि अपने तेल अवीव वाले पालतू जानवर को काबू में रखें, नहीं तो इसका अंजाम बुरा होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कार्टज के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को मौत के लिए निशाना बनाया गया है।

इजराइल को यूएस की बात माननी होगी


जेडी वेंस | सैय्यद अब्बास अराघची

### ... तो हम सबक सिखाएंगे

अराघची ने कहा कि इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन की शर्तें बिल्कुल स्पष्ट और सबके लिए सार्वजनिक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेल अवीव में अपने चहेतों को चुप कराने का वादा किया है। अगर वे अपने आका की अवहेलना करते हैं, तो ईरान उन्हें सबक सिखाएगा। कार्टज ने ईरानियों को अच्छा व्यापारी बताया था जो बातचीत में रियायतें हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, और कहा कि इजराइल ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा।

### इजराइल पीएम के बयान झूठे: ईरान

इजराइल के पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट ने बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जनता को डराने के लिए ऐसे दावे किए कि ईरान के पास परमाणु हथियार हैं। ईरान की परमाणु क्षमताओं के बारे में पीएम के बयान झूठे थे। विपक्षी पार्टी 'यशार' के प्रमुख आइजेनकोट ने कहा कि नेतन्याहू ने बहुत गलत बातें कहीं। ईरान के पास कोई परमाणु बम नहीं था। वह इजराइली जनता को डराने के लिए हकीकत को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

### वेंस ने ईरान के बैठक से इनकार को बताया 'फारसी चाल'

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान की ओर से वॉशिंगटन के साथ सीधी बातचीत से इनकार करने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे बातचीत की एक 'फारसी चाल' करार दिया। वेंस ने कहा कि बातचीत का नतीजा चाहे जो भी हो, अमेरिका मजबूत स्थिति में है। वेंस ने दावा किया कि ईरान की ओर से कई बार इनकार किए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच तकनीकी बातचीत आगे बढ़ रही है। वेंस ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने हमें जो बताया है, वह यह है कि समस्या पर काम करें, देखें कि बातचीत किस दिशा में आगे बढ़ती है। अगर कूटनीतिक स्तर पर कोई समाधान नहीं निकलता है, तो भी हमारे पास कई विकल्प मौजूद हैं।

# मैक्सिको ने 40 साल बाद जीता नॉकआउट मुकाबला

## इक्वाडोर को 2-0 से पीटा, एज्टेका में अजेय रथ जारी



एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

जूलियन क्विनोन्स और राउल जिमेनेज ने पहले हाफ में 9 मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई और नॉकआउट चरण में जीत हासिल करने के 40 साल के सूखे को खत्म किया।

क्विनोनेस ने 22वें मिनट में मैक्सिको के लिए पहला गोल किया जबकि जिमेनेज ने 31वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। प्रतिष्ठित एज़्टेका स्टेडियम में मैक्सिको की टीम ने 10 विश्व कप मैचों में अजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। इस मैदान पर मैक्सिको को केवल दो हार का सामना करना पड़ा है।

### अंतिम 16 में लगातार सात बार हारा मैक्सिको

मैक्सिको की टीम ने 1986 में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए राउंड ऑफ 16 में बुल्गारिया को हराने के बाद से नॉकआउट चरण का कोई मैच नहीं जीता था। इसके बाद मैक्सिको को 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और 2018 के विश्व कप में अंतिम 16 में लगातार सात बार हार का सामना करना पड़ा। वह कतर में 2022 में खेले गए विश्व कप में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। मैक्सिको रविवार को अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और कांगो के बीच बुधवार को होने वाले मैच के विजेता का सामना करेगा।

# नॉकआउट के नए 'किंग' एमबाप्पे, रचा कीर्तिमान

*स्टार फुटबॉलर काइलियन एमबाप्पे ने फ्रांस की स्वीडन के खिलाफ 3-0 से जीत में दो गोल करके विश्व कप के नॉकआउट राउंड में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे वह फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने के लियोनेल मेस्सी के रिकॉर्ड के करीब भी पहुंच गए।*



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एमबाप्पे ने 45वें मिनट में एक शानदार क्रॉसओवर शॉट से फ्रांस को बढ़त दिलाई। यह विश्व कप के नॉकआउट राउंड में उनका नौवां गोल था, जो विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो (दोनों आठ-आठ गोल) को पीछे छोड़ा।

वह यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने मैच के 74वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके विश्व कप नॉकआउट राउंड में अपने कुल गोल की संख्या 10 तक पहुंचा दी। इस गोल से एमबाप्पे के मौजूदा टूर्नामेंट में अब छह गोल हो गए हैं और उन्होंने सर्वाधिक गोल करने के लिए मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेस्सी की बराबरी कर ली है।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से बस 1 गोल पीछे एमबाप्पे

विश्व कप करियर में उनके कुल गोल की संख्या 18 हो गई है, जो मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। एमबाप्पे ने विश्व कप में अब तक कुल 18 जबकि मेस्सी ने 29 मैच खेले हैं। फ्रांस अब अपने अगले मैच में पराग्वे का सामना करेगा। एमबाप्पे से जब मैदान से बाहर आते समय पूछा गया कि क्या वह पराग्वे का सामना करने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'मैं चेंजिंग रूम और एसी में जाने के लिए बेताब हूं।' एमबाप्पे ने यह टिप्पणी भीषण गर्मी को लेकर की। यह मैच जब शाम को पांच बजे शुरू हुआ तब तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था और उमस भी काफी थी।

### विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं: एमबाप्पे


*एमबाप्पे ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था कि मैं इस विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैंने पिछले विश्व कप का आनंद नहीं लिया, लेकिन तब मैं युवा था। मेरा ध्यान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था लेकिन अब मुझे विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करने के साथ खेल का आनंद भी ले सकता हूं।'*

### फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में जगह बनाई, जहां उसका सामना पराग्वे से होगा। फ्रांस के लिए ब्रैडली बारकोला ने भी 53वें मिनट में एक गोल किया। एमबाप्पे ने 74वें मिनट में टीम की तरफ से तीसरा गोल दागकर उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। चार साल पहले विश्व कप में उपविजेता रही और इस बार टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार फ्रांस ने अब तक टूर्नामेंट में 13 गोल किए हैं और उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं। उसकी तरफ से माइकल ओलिस ने पांच गोल में मदद की है। फ्रांस ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और स्वीडन को किसी भी समय वापसी का खास मौका नहीं दिया। फ्रांस ने इस मैच में 25 बार गोल करने के मौके बनाए जबकि स्वीडन केवल सात बार भी ऐसा कर पाया। पहले हाफ में यह आंकड़ा 15-3 का था। लगातार तीसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने की कवायद में लगा फ्रांस 4 जुलाई को फिलाडेल्फिया में पराग्वे के खिलाफ खेलेगा, जिसे जर्मनी को बाहर का रास्ता दिखाया।

# हिनकैपी को मुंह ढकना पड़ा भारी, मिला रेड कार्ड

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी



इक्वाडोर के पिएरो हिनकैपी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के नए नियम के तहत विश्व कप में लाल कार्ड पाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस नियम में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ बहस के दौरान मुंह ढकने पर खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर करने का प्रावधान है। मैक्सिको की राउंड ऑफ 32 में इक्वाडोर पर 2-0 से जीत के दौरान हिनकैपी को दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में बाहर भेज दिया गया था। उन्हें मैक्सिको के फॉरवर्ड सैंटी गिमेनेज के साथ झड़प के दौरान मुंह ढकने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था।

इक्वाडोर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है लेकिन हिनकैपी उसके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। फीफा ने यह नया नियम इसलिए बनाया है ताकि खिलाड़ी अपने मुंह को ढककर विरोधी टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को छुपा न सकें। पराग्वे के मिगुएल अल्मिरोन इस नए नियम के तहत दंडित होने वाले पहले खिलाड़ी थे। उन्हें पिछले सप्ताह तुर्की के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में मैदान से बाहर भेज दिया गया था।



राउंड आफ 32 के मैच में एक फैन अपनी टीम की जीत के बाद खुशी का इजहार करती हुई।

## जैकेट का शेष...

### यूपी से मप्र ...

(बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मोड पर लागू करेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि लंबे समय से मांग में रही इस 8 किलोमीटर लंबी टनल के निर्माण पर करीब 6,970 करोड़ खर्च होंगे। यह टनल दिल्ली रिज के नीचे से गुजरेगी। सरकार ने साफ किया है कि निर्माण इस तरह होगा जिससे पर्यावरण या रिज को कोई नुकसान न पहुंचे। दिल्ली में एक नया ट्रैफिक कॉरिडोर तैयार होगा, जिससे राजधानी वासियों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

### कनेक्टिविटी का ...

एरिया, ट्रांस गंगा इंटीग्रेटेड टाउनशिप, ग्रोथ सेंटर जयपुर और बंगाल केमिकल्स शामिल हैं।

▶▶ **10 लॉजिस्टिक्स नोड्स की सीधी कनेक्टिविटी**: कानपुर, घाटमपुर, हमीरपुर, महोबा, कबरई के साथ-साथ भरवा सुमेरपुर व बांदा रेलवे स्टेशन और कानपुर, चकेरी व खजुराहो एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

▶▶ 9 धार्मिक और पर्यटन स्थलों का सफर आसान: फतेहपुर, महोबा के पर्यटन स्थल, कानपुर जूलॉजिकल पार्क, बुद्ध पार्क, जेके मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर और गोपेश्वर मंदिर जैसे सामाजिक-धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### उद्योग, कृषि और...

और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह लाइफलाइन साबित होगा। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में नया निवेश आएगा। इस हाईवे के निर्माण से इस पूरे क्षेत्र की आर्थिक और औद्योगिक सूरत बदलने वाली है। कबराई का इलाका गिट्टी और कंक्रीट (निर्माण सामग्री) का एक बड़ा केंद्र है, जहां से कानपुर और भोपाल जैसे शहरों में भारी सप्लाई होती है। अभी भारी वाहनों के कारण यहां भीषण जाम लगता है, जिससे इस हाईवे के बनने के बाद मुक्ति मिल जाएगी। माइनिंग बेल्ट तक सीधी और सुगम पहुंच होने से खनिज, कृषि उपज और औद्योगिक उत्पादों की ढुलाई तेज होगी। इससे माल ढुलाई की लागत घटेगी और सप्लाई चेन मजबूत होगी।

### कनेक्टिविटी का ...

एरिया, ट्रांस गंगा इंटीग्रेटेड टाउनशिप, ग्रोथ सेंटर जयपुर और बंगाल केमिकल्स शामिल हैं।

▶▶ 10 लॉजिस्टिक्स नोड्स की सीधी कनेक्टिविटी: कानपुर, घाटमपुर, हमीरपुर, महोबा, कबरई के साथ-साथ भरवा सुमेरपुर व बांदा रेलवे स्टेशन और कानपुर, चकेरी व खजुराहो एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

▶▶ 9 धार्मिक और पर्यटन स्थलों का सफर आसान: फतेहपुर, महोबा के पर्यटन स्थल, कानपुर जूलॉजिकल पार्क, बुद्ध पार्क, जेके मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर और गोपेश्वर मंदिर जैसे सामाजिक-धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### अब मजदूरों को...

बड़ा इजाफा किया गया है। सरकार के नोटिफिकेशन के मुताबिक, ग्रामीण मजदूरों की औसतन दैनिक मजदूरी में 10% से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। पहले मनरेगा के तहत देश में औसतन 298.8 प्रतिदिन मिलते थे, जो अब इस नई योजना में बढ़कर 327.4 प्रतिदिन हो गए हैं। यानी हर दिन 28.6 का सीधा फायदा होगा। सरकार ने देशभर के लिए 300 प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी सीमा तय कर दी है। अब देश के किसी भी हिस्से में इससे कम मजदूरी नहीं दी जा सकती। इस नए कानून की सबसे बड़ी खासियत इसका कानूनी दायरा है। अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में मिलने वाले 100 दिनों के रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, यानी मजदूरों को 25 दिन का अतिरिक्त काम मिलेगा।

### ग्रामीण आबादी का ...

अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में सबसे ज्यादा 24.5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे ग्रामीण आबादी का जीवन स्तर सुधरेगा। अब नई दरों के बाद हरियाणा में मजदूरों को 409, गोवा में 406, केरल में 401 और सिक्किम के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में सबसे ज्यादा 450 रुपए प्रतिदिन की कमाई होगी। सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 95,692.31 करोड़ रुपए की भारी-भरकम अंतरिम राशि भी जारी कर दी है।

### कर्नाटक संपर्क क्रांति ...

बजाए स्टाफ ने उल्टा यात्रियों पर ही ठीकरा फोड़ दिया। स्टाफ का कहना था कि यात्री खाना खाते हैं, इसलिए चूहे आते हैं। शिकायत बढ़ने पर स्टाफ ने महज एक रैट ट्रैप (चूहेदानी) रखकर पल्ला झाड़ लिया। परेशान यात्रियों ने रेलवे हेल्पलाइन 139 और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग कर वर्ल्ड क्लास कोच के दावों पर सवाल उठाए। रेलवे सेवा ने सोशल मीडिया पर पीएनआर मांगकर त्वरित कार्रवाई का भरोसा तो दिया, लेकिन पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों को कोई जमीनी राहत नहीं मिली। इस गंभीर लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने कहा कि मामले की तुरंत जांच कराई जाएगी ताकि भविष्य में यात्रियों को ऐसी असुविधा न हो।

### राम जन्मभूमि ट्रस्ट...

निगरानी कर रही है। महंत नृत्य गोपाल दास के अचानक अस्वस्थ होने से 6 जुलाई को होने वाली श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बेहद महत्वपूर्ण बैठक पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं।

### बस और ट्रेलर ...

चुके 6 मृतकों के शवों की पहचान के लिए अब डीएनए टेस्ट कराया जाएगा, जिसके बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। हादसे का शिकार हुई इस स्लीपर बस में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 40 यात्री सवार थे।

**स्टोरेज बॉक्स में भरी थी सिगरेटें** : बस के निचले हिस्से में बने स्टोरेज बॉक्स (मालखाना) में भारी मात्रा में सिगरेट भरी हुई थी, जिसने संभवतः आग को भड़काने का काम किया। घायलों में अधिकांश लोग इंदौर और ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश) के रहने वाले हैं, जिन्हें इलाज के लिए दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए यात्रियों ने बताया कि टक्कर के समय ज्यादातर लोग नींद में थे। जोरदार धमाके के साथ बस के अगले हिस्से (केबिन) में आग लग गई। बस का मुख्य दरवाजा आगे की तरफ होने और टक्कर के कारण ब्लॉक हो जाने से यात्री अंदर ही फंस गए। चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीणों ने बस के कांच फोड़े, जिसके बाद कई यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

### 19 किलो का...

ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को स्थिर रखा है, जिससे दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमत 942 पर बरकरार है। इससे पहले मार्च में 60 और जून में 29 की बढ़ोतरी की गई थी। इस बार घरेलू उपभोक्ताओं को न तो कोई राहत मिली है और न ही उन पर कोई अतिरिक्त बोझ डाला गया है।

### भारत में 'फिजिकल ...

लेने में सक्षम होंगी। एमईआईएल अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञता और मजबूत नेटवर्क का उपयोग करेगी, जबकि एनालॉग अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराएगी। दोनों कंपनियां मिलकर स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, औद्योगिक प्रणालियों, सार्वजनिक सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, रोबोटिक्स, स्पेशल कंप्यूटिंग और एआई आधारित संचालन जैसे क्षेत्रों में काम करेंगी। इस साझेदारी को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच बढ़ते तकनीकी सहयोग की दिशा में भी अहम कदम माना जा रहा है।

### यह भारत में...

इंजीनियरिंग प्रतिभा और अवसंरचना विकास के लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े अवसरों में से एक है। फिजिकल इंटेलिजेंस के विस्तार के लिए एमईआईएल सबसे उपयुक्त साझेदार है।

### इससे अनुसंधान ...

ईकोसिस्टम तैयार करने पर भी निवेश किया जाएगा। यह घोषणा हैदराबाद और तेलंगाना को उन्नत तकनीकी निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में और मजबूत करेगी।

## पेज एक का शेष...

### लाड़कुई में पहली...

घुसने से ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, सीप नदी उफान पर आने से कई गांवों का संपर्क कट गया है।

### आज यहां भारी...

श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में मध्यम बारिश होगी।

### एसआईटी को...

पूछताछ अविनाश से हुई, दो घंटे तक 5 जून को अविनाश के घर से बरामद हुए 14 लाख रुपए कैश और गहनों को लेकर सवाल-जवाब किए गए। इस पूरे मामले में राम मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी बड़े सवालों के घेरे में है और वहां तैनात 400 निजी सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी, रोस्टर, सीसीटीवी फुटेज और एंट्री-एग्जिट रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के अनुसार मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा बिहार के एक पूर्व सांसद की कंपनी के पास था, जिस पर ट्रस्ट हर महीने 1 करोड़ रुपए यानी सालाना 12 करोड़ रुपए खर्च कर रहा था। वहीं, सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा है कि यह 20 हजार करोड़ रु. का घपला है।

### केजरीवाल बोले- शाह...

भगवान राम का आभार प्रकट करने नहीं गए। दान चोरी पर जो कार्रवाई हो रही है, वो भी आंखों में धूल झोंकने वाली है। सच यह है कि जब तक केंद्र और यूपी में भाजपा सरकार है, दान चोरों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी।

### वाट्सएप का अब....

डिजिटल फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है। सरकार संभावित जोखिमों का आकलन करेगी। वाट्सएप के इस फीचर से यूजर्स ऐसे यूजरनेम चुन सकते हैं जो असली एजेंसियों और दूसरी संस्थाओं के यूजरनेम जैसे हों, जिससे किसी और का रूप धरने और धोखाधड़ी की आशंका बढ़ सकती है। इस फीचर का असर लोगों की सुरक्षा पर भी पड़ सकता है। सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी।

**क्या है वाट्सएप का नया फीचर?**

मेटा के मालिकाना हक वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वाट्सएप ने यूजरनेम लाने की घोषणा की है। यह एक ऐसा फीचर है जिससे यूजर्स अपने फोन नंबर शेयर किए बिना बातचीत कर सकेंगे। कंपनी ने यूजरनेम के लिए शुरुआती रिजर्वेशन शुरू कर दिए हैं और इन्हें इस साल के आखिर में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। वाट्सएप ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा-इस हफ्ते से आप यूजरनेम रिजर्व कर सकते हैं ताकि जब हम इस साल के आखिर में यह फीचर लॉन्च करें, तो आप उसका इस्तेमाल कर सकें।

### हैंड बैगेज के ...

(हैंड) बैगेज के साथ यात्रा करेंगे। यह छूट डोमेस्टिक (घरेलू) और इंटरनेशनल (अंतरराष्ट्रीय) दोनों रूट्स पर लागू होगी, लेकिन यह केवल नॉन-स्टॉप (डायरेक्ट) फ्लाइट्स के लिए ही मान्य है। कनेक्टिंग फ्लाइट्स पर यह स्कीम काम नहीं करेगी। इंडिगो लाइट का किफायती बेस प्राइस केवल इंडिगो के डायरेक्ट चैनलों (कंपनी की वेबसाइट, मोबाइल एप और कॉन्टैक्ट सेंटर) के जरिए बुकिंग करने पर ही मिलेगा। इंडिगो का यह कदम एयर इंडिया द्वारा हाल ही में (16 जून को) मील (खाना) न लेने वाले यात्रियों के लिए शुरू की गई बेसिक फेयर स्कीम के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

### शिक्षकों की कमी,...

के दौरान कोर्ट को बताया गया कि प्रदेश में मंजूर 2.89 लाख शिक्षकों के पदों में से 1.15 लाख पद रिक्त हैं, यानी लगभग 40% पद खाली पड़े हैं।

### 1895 में शिक्षक...

हुए दोनों सरकारों को 17 अगस्त तक अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह जनहित याचिका सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अभिषेक तुगनावत ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है और लाखों विद्यार्थियों को संविधान एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। याचिका में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 2025 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रदेश के 83,514 स्कूलों में से लगभग 5 हजार स्कूलों के भवन जर्जर और बच्चों के लिए असुरक्षित हैं। 3,400 स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, जबकि करीब 10 हजार स्कूल बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से भी वंचित हैं। 40 हजार स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं है और हजारों विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है। कई स्कूल आज भी झोपड़ियों में संचालित हो रहे हैं।

### दावा-कुपोषण और...

गई, जिसे जांच टीम ने सिरे से नकार दिया है। डॉक्टरों के अनुसार नोजल ड्रॉप से आंखों की रोशनी जाना मुमकिन नहीं है, बल्कि बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित था और विटामिन-ए की भारी कमी के कारण उसकी आंखों में कॉर्नियल अल्सर बन गए थे। पीड़ित बच्चे का इलाज वर्तमान में एम्स भोपाल में चल रहा है जहां उसका कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया जाएगा और शासन द्वारा मदद दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर, अस्पताल के स्टॉक में उस बैच का नोजल ड्रॉप न होने के बावजूद वह बच्चे तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच अभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है।

### एम्स में चल रहा...

नोजल ड्रॉप को डालने की बात कही जा रही है, उस बैच का ड्रॉप अस्पताल के स्टॉक में उपलब्ध ही नहीं था। डॉक्टरों के मुताबिक, नोजल ड्रॉप से आंखों की रोशनी नहीं जा सकती।

### जम्मू में तत्काल...

*देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए हैं। जम्मू के विभिन्न केंद्रों पर तत्काल पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं की भारी हलचल और कतारें देखी जा रही हैं। यह सुविधा उन यात्रियों के लिए शुरू की गई है जो पहले एडवांस बुकिंग नहीं करा सके थे।*

### तीन दिन का ...

तक मौन सत्याग्रह करने और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस समिति के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कमले द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार से जुड़े कथित भूमि घोटाले को लेकर प्रदेशभर में व्यापक चर्चा है। बड़ी संख्या में नागरिक सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े तथ्य, दस्तावेज और सवाल साझा कर रहे हैं। इसके बावजूद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इस मुद्दे को जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंचा रहा है। इसी के विरोध में कांग्रेस ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए अगले तीन दिनों तक मौन सत्याग्रह का निर्णय लिया है।

### वेनेजुएला से आए ...

बाजार टोला निवासी राकेश चौहान नवंबर 2025 में एक्सफिनिटी कंपनी के माध्यम से मर्चेंट नेवी के एक जहाज पर चालक दल के सदस्य के रूप में वेनेजुएला गए थे। स्वजन के अनुसार, मई 2026 में कंपनी ने उन्हें फोन पर बताया कि राकेश जहाज पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका उपचार चल रहा है। अगले दिन सुबह परिवार को उनकी हालत नाजुक बताते हुए बचने की संभावना महज पांच प्रतिशत होने की जानकारी दी गई और उसी शाम उनकी मृत्यु की सूचना दे दी गई। कंपनी ने मृत्यु का कारण जहाज पर गिरने से आई गंभीर चोटें बताया और एक सप्ताह के भीतर शव भारत भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन पार्थिव शरीर लगभग एक महीने चार जून को देवरिया पहुंचा। राकेश के पिता रामदेव चौहान ने आरोप लगाया कि परिवार को पूरी घटना के बारे में अंधेरे में रखा गया। उनका कहना है कि पहले से हुए पोस्टमार्टम की कोई रिपोर्ट या आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, संबंधित कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फेडरेशन आफ सीफेरर्स यूनियंस आफ इंडिया ने एक्स के जरिये जारी बयान में कहा कि बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट व आवश्यक दस्तावेजों के शव भारत भेजा गया। संगठन ने इसे गंभीर मामला बताते हुए वेनेजुएला के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने, भारतीय दूतावास के तत्काल हस्तक्षेप, पूरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने, मौत की परिस्थितियों की विस्तृत जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### लगभग सभी अंग ....

अंग नहीं मिले। इसके अलावा थायरायड, हायाइड, लैरिंक्स और ट्रेकिया भी अनुपस्थित थे। शरीर पर गर्दन से जघनास्थि तक लगभग 60 सेंटीमीटर लंबे चीरे पर 22 टांके व एक कान से दूसरे कान तक सिर के पीछे लगभग 20 सेंटीमीटर लंबे चीरे पर 21 टांके लगे मिले। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी आंतरिक अंग गायब होने के कारण मौत का कारण निर्धारित नहीं किया जा सका।


## कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बैतूल (म.प्र.)

PHON & FAX NO.- 07141-234247 E-mail ID-jsdjbtl@mp.gov.in

क्रमांक/1592/निर्वाह / खण्ड / 2026 बैतूल. दिनाँक 24/06/2026

### ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27

ई-निविदा (पंचम निविदा आमंत्रण) कार्यक्रम का विवरण वर्ष 2026-2027

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एंव म.प्र. भण्डर क्रय एंव सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न सामग्री के क्रय हेतु वार्षिक निविदा (अल्पकालिक) ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से आंमत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रीं-बीड मिटिंग | दिनांक 06.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य रुपए 1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले 800 अन्य प्रतियों में जमा की जावेगी, यदि निविदा की कुल रकम 5.00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय करने की राशि 500/- प्रतिफार्म देय होगी। | दिनांक 20.07.2026 सायंकाल 5:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 20.07.2026 सायंकाल 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी। |
| 4. | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 20.07.2026 सायंकाल 05:00 बजे तक | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज )खोलने की तिथि- | दिनांक 21.07.2026 सायंकाल 05:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 23.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल बैतूल |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एंव उससे संबंधी समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित बेबसाइट पर किया जावेगा जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

जेल अधीक्षक
जिला जेल बैतूल म.प्र.

G-15070/26




## खबर संक्षेप

### महापौर राय ने गुलमोहर कॉलोनी में किया पौधरोपण



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुलमोहर कालोनी में पौधरोपण किया। उन्होंने बुधवार को वार्ड-50 के तहत गुलमोहर जी-3 में नवनिर्माणाधीन पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बाबीसा सहित अन्य रहवासियों ने 101 पौधों का रोपण किया।

### हैदराबाद डेक्कन गोरखपुर स्पेशल ट्रेन दो अगस्त तक



**भोपाल।** यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा एवं यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर के बीच संचालित हो रही स्पेशल ट्रेन के रेलवे की ओर से दोनों से ओर से फेरे बढ़ा दिए हैं। अब यह ट्रेन दो अगस्त तक चलेगी। यह रेलगाड़ी भोपाल इटारसी, बीना आदि स्टेशनों से होकर चलती है, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (प्रत्येक शुक्रवार) का संचालन पूर्व निर्धारित तिथि 26 जून के अतिरिक्त अब 3 , 10 , 17 , 24 जुलाई व 31 जुलाई को भी संचालित होगी। इसी तहत गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद डेक्कन विशेष रेलगाड़ी (प्रत्येक रविवार) का संचालन पूर्व निर्धारित तिथि 28 जून के अतिरिक्त अब 5, 12, 19, 26 जुलाई एवं 02 अगस्त को भी संचालित होगी।

# लगातार बस हादसों के बाद भी पुलिस मुख्यालय के आदेश की अनदेखी

**एक माह बाद भी किसी एसपी ने नहीं भेजी इमरजेंसी गेट की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में लगातार हो रहे बस हादसों के बावजूद यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षकों ने गंभीरता नहीं दिखाई है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) द्वारा जारी निर्देश के करीब एक माह बाद भी प्रदेश के किसी भी जिले से बसों के इमरजेंसी गेट की स्थिति संबंधी रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। दरअसल, मई में हुए दो बड़े बस हादसों के बाद पीएचक्यू ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया था कि वे अपने-अपने जिले में संचालित यात्री बसों की जांच कर इमरजेंसी गेट की स्थिति का वीडियो बनाकर रिपोर्ट भेजें। उद्देश्य यह था कि यह सुनिश्चित किया जा सके


फाइल फोटो

कि दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। हालांकि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश जिलों ने इस संबंध में कोई जानकारी मुख्यालय को उपलब्ध नहीं कराई। सूत्रों के मुताबिक पीएचक्यू ने अब एक बार फिर सभी एसपी को अनुस्मारक भेजकर जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिले में बसों के इमरजेंसी गेट की कार्यशीलता की जांच कर उसका वीडियो तैयार करना था और यह भी बताना था कि गेट आसानी से खुल रहा है या नहीं। यदि किसी बस में कमी पाई जाती है तो संबंधित वाहन संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए थे। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि बसों के इमरजेंसी गेट सही स्थिति में होने से सड़क दुर्घटनाओं के दौरान जनहानि कम की जा सकती है। ऐसे में जिलों की ओर से रिपोर्ट भेजने में हो रही देरी पर मुख्यालय ने नाराजगी जताई है।

### चार साल बाद भी नहीं सुधरी खामी

# मेट्रो के 20 से ज्यादा पिलरों से झरने की तरह गिर रहा बारिश का पानी

- सुभाष नगर से एम्स स्टेशन के बीच 168 पिलर, कई में ड्रेनेज पाइप नहीं, जिससे जम रही काई, लगातार रिसाव से सड़क भी हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अक्टूबर 2019 में शुरू हुई भोपाल मेट्रो परियोजना में निर्माण संबंधी खामियां अब भी सामने आ रही हैं। बारिश के मौसम में सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स मेट्रो स्टेशन के बीच बने कई पिलरों से लगातार पानी झरने की तरह नीचे गिर रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### दुकानदार बोले ...

*मेट्रो निर्माण के दौरान बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। यदि सभी पिलरों में ड्रेनेज सिस्टम सही तरीके से बनाया जाता, तो यह स्थिति नहीं बनती। लोगों ने मांग की है कि मेट्रो प्रबंधन प्रभावित पिलरों का तकनीकी निरीक्षण कराए और जहां ड्रेनेज पाइप नहीं हैं, वहां उन्हें लगाया जाए। साथ ही जिन पिलरों से पानी रिस रहा है, उनकी मरम्मत कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। बारिश का दौर अभी जारी है, ऐसे में समय रहते सुधार नहीं हुआ तो सड़क को और नुकसान होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बढ़ सकता है।*

#### 20 से अधिक पिलरों गिर रहा पानी

*इस हिस्से में करीब 168 मेट्रो पिलर बने हैं। जिसमें 20 से अधिक पिलरों से लगातार पानी रिसता मिला। कई पिलरों में बारिश के पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज पाइप ही नहीं लगाए गए हैं, जबकि कुछ पिलरों में पाइप होने के बावजूद पानी का सही निकास नहीं हो पा रहा है। नतीजतन पानी पिलरों के जोड़ और किनारों से बहकर सीधे सड़क पर गिर रहा है। लगातार पानी गिरने से गड्ढे बनने लगे हैं और फिसलन भी बढ़ गई है। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है। साथ ही बारिश के दौरान यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी पानी की बौछार का सामना करना पड़ता है।*

#### जल्द होगा निवारण

*⏩ ड्रेनेज का काम चल रहा है। जल्द ही इस समस्या का निवारण हो जाएगा।*
***धीरज शुक्ला**, जनसंपर्क अधिकारी, भोपाल मेट्रो*

### सुभाष नगर से एम्स स्टेशन के बीच 168 पिलर...

*इस हिस्से में करीब 168 मेट्रो पिलर बने हैं। इनमें से 20 से अधिक पिलरों से बारिश का पानी लगातार झरने की तरह गिर रहा है। कई पिलरों में बारिश के पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज पाइप ही नहीं लगाए गए हैं। वहीं कुछ स्थानों पर पाइप होने के बावजूद पानी का सही निकास नहीं हो पा रहा है। लगातार पानी गिरने से कई पिलरों पर काई जम गई है। वहीं नीचे की सड़क भी खराब होने लगी है। सड़क पर पानी लगातार गिरने से गड्ढे बन रहे हैं और फिसलन बढ़ गई है। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है।*

### नए सत्र के पहले दिन से ही लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्राध्यापकों का आंदोलन शुरू


विधायक रामेश्चर शर्मा को ज्ञापन सौंपते प्राध्यापक संघ के सदस्य।

**भोपाल।** बुधवार को नए सत्र के पहले दिन से ही शासकीय महाविद्यालयों में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन शुरू किया गया है। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के आह्वान पर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के तहत शासकीय महाविद्यालय में प्राध्यापकों ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन शुरू किया। आंदोलन के पहले चरण में प्राध्यापकों ने अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक रूप से विरोध दर्ज कराया। प्राध्यापकों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित किए बिना संचालित किया जा रहा है।

#### आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण

प्राध्यापक संघ ने बताया कि यह चरणबद्ध आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित किया जा रहा है। अंतरसिंह आर्य, अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को प्राध्यापक संघ जिला इकाई बड़वानी, प्राध्यापक संघ इंदौर संभाग द्वारा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला, भोपाल संभाग द्वारा विधायक रामेश्वर शर्मा, हुजूर विधान सभा भोपाल को लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही प्रदेश के सांसदों, विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को सभी प्राध्यापक संघ की सभी इकाइयों द्वारा प्राध्यापकों की मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। डॉ आनंद शर्मा, प्रांताध्यक्ष एवं डॉ राजेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी के अनुसार शासन स्तर पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के आगामी निर्देशानुसार आंदोलन को अगले चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा।

### जल गुणवत्ता निगरानी, पंचायत की सक्रिय भूमिका और पारदर्शी प्रबंधन व्यवस्था का किया अवलोकन

# ओडिशा के मंत्री ने मुगलिया हाट में देखा पेयजल मॉडल, जनभागीदारी और तकनीक की सराहना



- ग्राम सरपंच व एफटीके महिलाओं से किया संवाद
- पेयजल योजनाओं की मॉनिटरिंग का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ओडिशा के पंचायती राज एवं पेयजल मंत्री रबी नारायण नाइक ने बुधवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भोपाल के समीप स्थित मुगलिया हाट गांव का दौरा कर ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन और प्रबंधन व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने गांव में संचालित पेयजल आपूर्ति प्रणाली, जल गुणवत्ता की निगरानी, पंचायत की कार्यप्रणाली और तकनीक आधारित मॉनिटरिंग मॉडल का अध्ययन करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी जल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

इस दौरान मंत्री ने ग्राम सरपंच, फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) से जुड़ी महिला सदस्यों और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने जल गुणवत्ता की नियमित जांच, पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव तथा ग्रामीणों की भागीदारी के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि किसी भी ग्रामीण पेयजल योजना की सफलता केवल सरकारी निवेश से नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय और पंचायत की सक्रिय सहभागिता से सुनिश्चित होती है। मुगलिया हाट में यह मॉडल प्रभावी ढंग से लागू होता दिखाई दे रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने भ्रमण के दौरान पीडीपी पोर्टल के माध्यम से पेयजल योजनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और प्रबंधन प्रणाली का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जलापूर्ति व्यवस्था के विभिन्न तकनीकी घटकों, संचालन तंत्र, रखरखाव प्रणाली और पारदर्शी निगरानी प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने तकनीक के माध्यम से योजनाओं की निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। मंत्री रबी नारायण नाइक और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुगलिया हाट ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल योजनाओं के सुव्यवस्थित संचालन, बेहतर रखरखाव, जल गुणवत्ता निगरानी में सामुदायिक भागीदारी और पंचायत की सक्रिय कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मॉडल को अन्य राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनाया जा सकता है।

### कलेक्टर ऑफ स्टांप न्यायालय का फैसला

# कटनी में भाजपा विधायक परिवार की कंपनी पर कार्रवाई, 77.64 लाख वसूली के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटनी जिले में भाजपा विधायक के परिवार से जुड़ी बताई जा रही यश लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ स्टांप शुल्क में कथित अनियमितता के मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। कलेक्टर ऑफ स्टांप न्यायालय ने कंपनी द्वारा कम स्टांप शुल्क जमा किए जाने के मामले में फैसला सुनाते हुए मूल रूप से 77.64 लाख रुपए की वसूली के आदेश जारी किए हैं। मामला कंपनी द्वारा कराई गई चार संपत्ति रजिस्ट्रियों से जुड़ा है। जांच में इन रजिस्ट्रियों में स्टांप शुल्क कम जमा करने की बात सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया था। सुनवाई के बाद कलेक्टर ऑफ स्टांप न्यायालय ने संबंधित पक्षों से कम जमा स्टांप शुल्क की वसूली का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, यह मामला ग्राम झिंझरी स्थित करीब 1.26 हेक्टेयर भूमि से संबंधित है। न्यायालय के आदेश के बाद मूल वसूली राशि 77.64 लाख रुपये निर्धारित की गई है। यदि इस पर लागू ब्याज और जुर्माना भी जोड़ा जाता है तो कुल देनदारी करीब 2.20 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है, क्योंकि कंपनी को भाजपा विधायक के परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, संबंधित पक्ष की ओर से इस मामले में क्या जवाब या कानूनी चुनौती दी जाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

### सीएंडडी वेस्ट फेंकने वालों पर सख्ती

# गंदगी और अवैध पोस्टरबाजी पर एक्शन 105 मामलों में 1.43 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में स्वच्छता को बिगाड़ने वालों के खिलाफ निगम ने बुधवार को 105 मामलों में 1 लाख 43 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाइन और जुर्माना वसूला।

कार्रवाई का सबसे बड़ा फोकस सरकारी संपत्ति पर अवैध पोस्टर-बैनर लगाकर विरूपण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने और निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) वेस्ट खुले में फेंकने वालों पर रहा। विभिन्न जोनों में एक साथ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई संपत्ति विरूपण के मामलों में हुई।

जोन-5 की टीम ने सार्वजनिक स्थलों और बिजली के खंभों पर अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालों के खिलाफ 6 प्रकरणों में 56 हजार का जुर्माना लगाया। वहीं जोन-10 में 7 मामलों में 65 हजार और जोन-21 में दो मामलों में 13 हजार रुपए वसूले। जोन-13 में 8 मामलों में 900, जोन-14 में 32 मामलों में 3,200 , जोन-15 में 40 मामलों में 4,200 तथा जोन-16 में 10 मामलों में 1,000 रुपए का स फाइन वसूला गया। निगम अफसरों का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930